सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.9 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 28.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80436.84 |
| निफ्टी | 24541.15 |
| सोना 69,980 | चांदी 84,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




पेरिस से लौटने पर विनेश फोगाट का भव्य स्वागत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 18 अगस्त 2024 | 3 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 241, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### तहव्वुर राणा को भारत में प्रत्यर्पण को मंजूरी



**वाशिंगटन।** 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ उसकी अपील को अमेरिकी अदालत ने खारिज कर दिया है। अमेरिकी अदालत ने 15 अगस्त को अपने फैसले में कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन राणा ने नाइंथ सर्किट कोर्ट में पिछले साल एक याचिका दायर की थी।

### गुरुग्राम में मॉल को बम से उड़ाने की धमकी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एंबियंस मॉल को शनिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एंबियंस मॉल प्रबंधन के पास जो मेल आया है, उसमें लिखा है कि मैंने बिल्डिंग में बम प्लांट कर दिए हैं। बिल्डिंग के अंदर मौजूद हर व्यक्ति मारा जाएगा। आप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने मॉल को खाली करवाया। बम स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा। सहायक पुलिस आयुक्त विकास कौशिक ने बताया कि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पटरी से उतरे साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे

**कानपुर।** कानपुर में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट शनिवार तड़के वाराणसी से अहमदाबाद जा रही 19168 साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे गए बड़े पत्थर/बोल्डर से टकरा गई, जिससे ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण कानपुर से झांसी का रेलमार्ग बाधित हुआ है। कई ट्रेनों को रद्द किया गया है अथवा मार्ग में परिवर्तन किया है। रेलवे ने कानपुर, प्रयागराज, टूंडला सहित कई स्टेशनों पर हेल्पलाइनें खोल दी हैं। रेलवे बोर्ड ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### सीएम सिद्धरमैया के खिलाफ चलेगा केस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह फैसला दायर तीन याचिकाओं पर आधारित है। सिद्धरमैया ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत के फैसले को संविधान विरोधी और कानून के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि कोई गलत काम नहीं किया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भरमाड़ में कुएं में डूबने से व्यक्ति की मौत -पेज 5
- अत्याधुनिक अग्निशमन भवन तैयार, उद्घाटन का इंतजार -पेज 6
- ओपन वोटिंग से होगा सोलन के मेयर का चुनाव -पेज 12
- आतंकवाद और अलगाववाद गंभीर खतरा -पेज 13
- 90 मीटर की दूरी हासिल करना भगवान भरोसे : नीरज चोपड़ा -पेज 14


# डॉक्टरों की हड़ताल का देशभर में व्यापक असर

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने की स्ट्राइक खत्म करने की अपील, कहा- सुरक्षा के लिए कमेटी बनाएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कोलकाता** के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने 24 घंटे के लिए पूरे देशभर में गैर-आपातकालीन और ओपीडी सेवाएं बंद रखने की अपील की है। डॉक्टरों की आठ दिन से जारी हड़ताल से मरीज काफी परेशान हो रहे हैं।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को डॉक्टरों से अपनी देशव्यापी हड़ताल खत्म करने की अपील की। साथ ही, यह आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सुरक्षा उपायों पर प्रस्ताव देने के लिए कमेटी बनाई जाएगी। केंद्र के अनुसार, इस समिति में राज्य सरकारों सहित सभी प्रासंगिक हितधारकों के इनपुट शामिल होंगे। इन सभी को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और सरकारी मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने अपनी मांगें रखीं और सरकार से मेडिकल प्रोफेशनल्स को हिंसा व अन्य खतरों से बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही, मेडिकल सेक्टर से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर अस्पतालों में कामकाज बंद है। हमारी मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हमने ऐसा कुछ नहीं मांगा जो सरकार नहीं कर सकती है।

### सीजेआई के पास पहुंचा मामला

**ट्रेनी** डॉक्टर से रेप और हत्या का मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के पास पहुंच गया है। सीजेआई को तीन पत्र याचिका भेजी गई हैं, जिनमें आर्मी कॉलेज के एक डॉक्टर की भी याचिका शामिल है। इन याचिकाओं में कहा है कि सीजेआई इस भयानक घटना का स्वतः संज्ञान लें और तेज कार्रवाई के निर्देश दें।

### सीबीआई ने की पूर्व प्रिंसिपल से पूछताछ

**कोलकाता** स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष शनिवार को दूसरे दिन भी ट्रेनी महिला डॉक्टर से कथित बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई के समक्ष पेश हुए। शुक्रवार को भी सीबीआई अपने साथ ले गई थी और देर रात एक बजकर 40 मिनट तक पूछताछ की गई थी।

### 42 डॉक्टरों और प्रोफेसरों के तबादले

**ममता** सरकार ने चौंकाने वाला फैसला लिया है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में तैनात 42 प्रोफसरों और डॉक्टरों का ट्रांसफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ, वहां के भी दो प्रोफेसर डॉक्टरों का नाम तबादला सूची में शामिल है। सरकार ने 'रात्रिरेर साथी ऐप' और अस्पतालों, महिला छात्रावासों में रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने का फैसला लिया है।

# नेरी कॉलेज में 2 करोड़ रुपए से बनेगा ब्वॉयज हॉस्टल: सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में किए 184 करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास



बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी में नवनिर्मित पीजी सेंटर का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**विक्रम ढटवालिया, नेरी (हमीरपुर)**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को हमीरपुर जिले में 184 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने नादौन क्षेत्र के खरीड़ी में 65 करोड़ की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक बहुद्देश्यीय खेल परिसर की आधारशिला रखी।

इस परिसर में 8-लेन वाला स्विमिंग पूल, एक शूटिंग रेंज साथ ही कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, योग, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए विशेष स्थान समर्पित होंगे। मुख्यमंत्री ने नेरी कॉलेज में ब्वॉयज हॉस्टल की घोषणा की और दो करोड़ देने की बात कही। वहीं, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी में 3.46 करोड़ की लागत से नवनिर्मित पीजी सेंटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने महाविद्यालय में 3.62 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने नादौन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र के निकट तकलेच में बादल फटने से सड़क, पुल और पेयजल योजनाओं को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र उचित कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर आयुष एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार और रणजीत राणा, कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के महत्व पर दिया बल

**सीएम** ने युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए खेलों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। मुख्यमंत्री ने 4.50 करोड़ की लागत से धनपुर (बड़ा) और कृषि परिसर हमीरपुर में दो नए किसान प्रशिक्षण केंद्रों की आधारशिला रखी। इसके अलावा, सीएम ने 35 करोड़ की लागत से भट्टा-सलौणी-दियोटसिद्ध, 49 करोड़ की लागत से रंगस-कांगू-धनेटा सड़क, 5.67 करोड़ की लागत से गेड़ियां-बड़ैत्तर और 16 करोड़ की लागत से पनियाला-कश्मीर व धनेटा-बड़सर सड़क में सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला रखी।

### ननखड़ी में खाई में गिरी कार; दो की मौत, तीन घायल

**शिमला।** शिमला जिले के ननखड़ी में ऑल्टो कार (एचपी 06बी-5061) खाई में लुढ़क गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। इस हादसे में भजन लाल (32) पुत्र शेर सिंह गांव नोटी और देवराज (41) पुत्र कमला नंद, गांव दनावली, ननखड़ी की मौत हो गई। गाड़ी चालक प्रदीप कुमार, कपिल देव, लोकेश कुमार घायल हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घायलों का बेलू अस्पताल में उपचार चल रहा है।

#### उदयपुर में तनाव: इंटरनेट सेवा बंद, धारा 144 लागू

## चाकू मारने वाले छात्र के घर पर चला बुलडोजर

**एजेंसी, जयपुर**

**राजस्थान** के उदयपुर के स्कूल में चाकूबाजी की घटना के बाद आरोपी छात्र के अवैध घर पर नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। पहले घर को खाली करवाया गया और घर का बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया।

यह कार्रवाई वन विभाग के उस नोटिस पर की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि आरोपी का मकान वन विभाग की जमीन पर बना हुआ है। वन विभाग की ओर से आरोपी को अतिक्रमण हटाने की वॉर्निंग दी गई थी। गौर रहे कि शुक्रवार सुबह सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा के दो छात्रों के बीच झगड़े के बाद एक ने दूसरे पर चाकू से वार कर दिया। इसके चलते शहर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। हिंसा भड़कने के बाद जिले में धारा 144 लागू कर दी गई। इंटरनेट बंद करने के अलावा 17 अगस्त 2024 से अगले आदेश तक कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी व निजी स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का ऐलान किया गया है।

#### बारिश का कहर: 1235 ट्रांसफार्मर और 10 पेयजल आपूर्ति योजनाएं बाधित

## हिमाचल में एक एनएच और 132 सड़कें ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर जारी है। राज्य में भू-स्खलन से शनिवार को एक नेशनल हाईवे व 132 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप रही। इसके अलावा 1235 बिजली ट्रांसफार्मर और 10 पेयजल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं।

**23 तक भारी बारिश का येलो अलर्ट**

शिमला, ऊना, मंडी, कुल्लू व हमीरपुर जिले में सबसे ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 23 अगस्त तक कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 24 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिले के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा होने की संभावना है।

### डमराली में बादल फटने से संपर्क कटा



**शिमला** जिले के तकलेच के तहत आने वाले डमराली क्षेत्र में बादल फटने से आसपास के क्षेत्रों से संपर्क कट गया है। तकलेच-मझाली-रोहड़ू मार्ग पर यातायात ठप हो गया है। करीब 30 मीटर सड़क कलवर्ट सहित ध्वस्त हो गई है। तकलेच क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बारिश हुई है। इस दौरान डमराली के समीप बादल फट गया, जिसके बाद छोटे से नाले में जलस्तर बढ़ गया।

### वेणुगोपाल लोक लेखा समिति के अध्यक्ष बनाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, भाजपा के सांसद संजय जायसवाल को प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई। ओबीसी कल्याण के संबंधित समिति के अध्यक्ष भाजपा के गणेश सिंह होंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी फग्गन सिंह कुलस्ते एससी-एसटी कल्याण से संबंधित संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे।

## हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं


**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हरियाणा,** झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में कोई भी पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि भाजपा सबसे आगे है। सर्वेक्षण एजेंसी के जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को थोड़ी बढ़त है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) बहुत पीछे नहीं है।

**जनमत सर्वेक्षण में भाजपा सबसे आगे**

भाजपा को 95 से 105 सीटें, सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 19 से 24 सीटें और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को 7 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस को 42 से 47 सीटें, शिवसेना-यूबीटी (उद्धव ठाकरे गुट) को 26 से 31 सीटें और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी-एसपी को 23 से 28 सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि अन्य दलों और उम्मीदवारों को 11 से 16 सीटें मिलने का अनुमान है। उधर, हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कड़ी टक्कर मिलेगी।

भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 37 से 42 सीटें, कांग्रेस को 33 से 38 सीटें, जेजेपी को 3 से 8 सीटें और अन्य दलों को 7 से 12 सीटें मिलने की उम्मीद है। झारखंड में जेएमएम को 19 से 24 सीटें, कांग्रेस को 7 से 12 सीटें, भाजपा को 38 से 43 सीटें, एजेएसयूपी को 2 से 7 सीटें और अन्य को 3 से 8 सीटें मिलने की उम्मीद है।










## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा अधिकारी संघ ने अमानवीय कृत्य पर जताई निंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ अमानवीय कृत्य की कड़ी निन्दा करते हुए केंद्र सरकार से कड़े से कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज मोहन एवं महासचिव डॉक्टर मधुर गुप्ता ने प्रैस बयान जारी करते हुए कहा की हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ इस दुख की घड़ी में देश भर के चिकित्सकों के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि यदि महिलाएं अपने कार्य क्षेत्र में ही सुरक्षित नहीं है तो महिलाओं की सुरक्षा हमेशा खतरे में रहेंगी। हमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ इस प्रकरण में सरकार द्वारा कठिन और कड़े कदम उठाने के उम्मीद करता है ताकि दिवंगत महिला चिकित्सक को न्याय मिल सके।

### वॉलीबॉल में महिला मंडल पीरन ने जीती ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचातय सतलाई के गांव चिखर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में महिला मंडल पीरन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चिखर की छात्राओं को फाइनल में पराजित करके ट्रॉफी अपने नाम की।

जबकि वॉलीबॉल की अंडर 15 ब्वायज वर्ग में भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन के ने बाजी मारी। भूतपूर्व सैनिक कमल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने समिति को 31 हजार रुपए की राशि दान की तथा विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

### चायल कोटी कॉलेज के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** चायल-कोटी महाविद्यालय ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राचार्या महोदया डॉ. दीपशिखा भारद्वाज एवं सभी प्राध्यापक वर्ग इस यात्रा में शामिल हुए। एनएसएस के समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एवं सभी कार्यकर्ताओं ने कोटी बाजार में तिरंगा यात्रा का आह्वान किया।

### महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन उत्पीड़न पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** वाईडब्ल्यूसीए शिमला में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा आरंभ किए गए जन स्वास्थ्य अभियान जिसका हिस्सा वाईडब्ल्यूसीए, एचपीएमआरए, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ आदि हैं के सदस्यों ने समाज में बढ़ रही कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर लड़ने का संकल्प लिया। आज समाज में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन उत्पीड़न आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियान एवं ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य संयोजक सत्यवान पुण्डीर ने चिंता व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

बैठक में समाज में बिगड़ रही स्वास्थ्य की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बीमा योजनाओं में चल रहे गड़बड़झाले, जांच (टेस्ट) एवं दवाओं की गुणवत्ता, कुपोषण एवं अनीमिया में आई गिरावट, मंहगी दवाओं एवं दवाओं के दाम को नियंत्रित करने की कमजोर व्यवस्था आदि प्रदेश में स्वास्थ्य में गिरावट के लिए जिम्मेदार है।

### गर्ल्स स्कूल घुमारवीं में मनाया शिक्षा सप्ताह

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। पाठशाला प्रधानाचार्य परमजित शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्दशों के अनुसार स्कूल में 8 अगस्त से 17 अगस्त तक शिक्षा सप्ताह मनाया गया। इस बीच स्कूल में विभन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अध्यापकों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग करके शिक्षा को व्यावहारिक और मजेदार बनाने का प्रयास किया गया। टीएलएम द्वारा शिक्षा को संवादात्मक, सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकों द्वारा विभिन्न प्रकार के टीएलएम द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया। उन्होंने बताया इसके अलावा शिक्षासप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें पठन-पाठन सामग्री तैयार करवाना, खेल दिवस, संस्कृति दिवस, पौधरोपण, पाठशाला पोषण दिवस भी मनाए गए। इसके अलावा 17 अगस्त को स्कूल एसएमसी प्रधान राजीव शर्मा के सहयोग से स्कूल में तिथि भोजन के तहत स्कूली बच्चों को धाम परोसी गई।



### डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कोलकाता में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के मामले को लेकर चिकित्सकों में आक्रोश है। हिमाचल प्रदेश में शनिवार सुबह से सरकारी और निजी अस्पतालों के डॉक्टर 24 घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक पर चले गए हैं। हड़ताल से प्रदेश भर में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हैं। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं जारी हैं। कहा कि कोई आपात स्थिति होगी तो उस मामले में चिकित्सक सेवाएं देंगे। बिलासपुर जिला की बात करें तो शनिवार को चिकित्सक पेनडाउन हड़ताल पर है। जिला फार्मेसी ऑफिसर, चीफ फार्मेसी ऑफिर्स संघ, हिमाचल दंत चिकित्सक संघ ने काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की। इनका कहना है कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रात्रि के समय जघन्य अपराध के बाद उक्त महिला चिकित्सक की हत्या कर दी गई। इस तरह की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हत्या के मामले में जो भी लोग संलिप्त हैं, उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जानी चाहिए।

## डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को लेकर डॉक्टरों ने की पेन डाउन स्ट्राइक

# न ओपीडी चलीं न हुए रूटीन ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोलकाता में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को लेकर चिकित्सकों ने मोर्चा खोल दिया है। डॉक्टरों ने 24 घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक की है। इस दौरान मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) शिमला में शनिवार सुबह न तो ओपीडी चलीं और न ही रूटीन के ऑपरेशन हुए। केएनएच, डीडीयू, चमियाना और जिले के अन्य अस्पतालों में भी यह सेवाएं प्रभावित हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। आईजीएमसी सेमडिकोट (स्टेट एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज टीचर्स एसासिएशन) के उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत महाजन ने कहा कि शनिवार को पूरी तरह काम बंद रखा गया है। शिमला ब्रांच के संयुक्त सचिव डॉ. आरजे महाजन ने इसकी पुष्टि की है। हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ ने कहा कि पीएचसी से लेकर जिला अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं ही चलेंगी। आईजीएमसी के वरिष्ठ डॉक्टर राहुल ने बताया कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सरकार पुख्ता कदम उठाए। उधर महिला डॉक्टर की हत्या व दुष्कर्म मामले में इंसाफ दिलाने के लिए निजी और सरकारी अस्पताल एकजुट हो गए हैं। न्याय की मांग को लेकर सोलन में चिकित्सकों ने शनिवार सुबह 6 बजे से हड़ताल शुरू की।





शिमला व रोहड़ू में रोष जताते हुए डॉक्टर।

### कोटखाई में कैंडल जलाकर किया प्रदर्शन



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई में डॉक्टर की हड़ताल का असर देखने को मिला। यहां कैंडल जलाकर प्रदर्शन किया। कोटखाई के खंड चिकित्सा अधिकारी डा. सुनीश चौहान ने बताया की डाक्टर के साथ हुए बलात्कार एवं मर्डर के विरोध में सभी डॉक्टर हड़ताल पर रहें।

### रोहड़ू में भी डॉक्टरों ने जताया रोष

**दशमी रावत, रोहड़ू।** सिविल अस्पताल रोहडू के मेडिकल आफिसर डा. रविंद्र मुखिया ने बताया कि आल इंडिया डाक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर सिविल अस्पताल रोहडू में पिछले दो दिन से हड़ताल जारी है। आपातकालीन सेवाएं चल रही है और शनिवार को सभी डाक्टरों ने काले बिल्ले पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। खंड चिकित्सा अधिकारी संदासू डा. रोहित ने बताया कि सभी डाक्टरों ने जघन्य अपराध के विरोध में अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं के सिवाय अन्य सभी सेवाएं बंद कर दी है।

## बादल फटने से हुए नुकसान का विधायक रामपुर ने लिया जायजा



जायजा लेने के दौरान विधायक रामपुर नंद लाल व अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक रामपुर नंद लाल आज तकलेच पंचायत के अंतर्गत डमरोली पहुंच कर गत रात्रि बादल फटने से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गत रात्रि क्षेत्र में बादल फटने से सड़क, पानी एवं बिजली की परियोजनाओं के साथ बागवानों के बगीचों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़क को बहाल करने के निर्देश दिए है ताकि क्षेत्र के लोगों को सेब सीजन के दौरान सेब परिवहन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सेब सीजन शुरू हो चुका है इस दृष्टि से सड़क को जल्द से जल्द बहाल किया जाना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा उसके समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी, उपमंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## ममता बनर्जी की सरकार बेटियों को बचाने की बजाय अपराधियों को बचा रही : भाजपा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कहा कि कोलकाता के अस्पताल में महिला पीजी डॉक्टर के साथ बलात्कार और निर्मामातापूर्ण हत्या से पूरा देश शर्मसार हुआ है। पश्चिम बंगाल में जो जघन्य अपराध महिला डॉक्टर के साथ हुआ है, उसे देश अब सहने वाला नहीं है।



डॉ. राजीव बिंदल, रंजन चौधरी, सतपाल सत्ती।

सीएम ममता बनर्जी की सरकार प्रदेश में बेटियों को बचाने के बजाय अपराधियों को बचाने में लगी हुई है, तब ही ममता बनर्जी कोलकाता में महिला पीजी डॉक्टर की रेप और हत्या मामले को सीबीआई को सौंपने में टालमटोल कर रही थी। हाथरस में राजनीतिक पर्यटन करने वाले राहुल गाँधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं पर निरंतर हो रहे बर्बरतापूर्ण दुराचार चुप्पी साध ली है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि ममता बनर्जी को यह मामला सीबीआई को सौंपने में मात्र 70 सेकंड लगते और वह ऐसा करने के लिए 7 दिन का समय मांग रहीं थी। यह उनकी हताशा को दर्शाता है।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं है और ममता बनर्जी पूरी तरह से तानाशाह हैं और अपराधियों को संरक्षण दे रही हैं। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी टीएमसी के साथ गठबंधन में कैसे है? भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने कहा की ममता बनर्जी और टीएमसी के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए नर्क से भी बदतर बन चुका है।

## एबीवीपी ने ममता सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिमला में राजकीय कन्या महाविद्यालय व संजौली महाविद्यालय के अंदर बंगाल में हुई एक डॉक्टर के साथ बर्बरता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

शिमला में राजकीय कन्या महाविद्यालय और संजौली महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने आज डाक्टर को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद किया। वह ममता की भ्रष्ट वह संवेदनहीन सरकार के खिलाफ यूवाओ विद्यार्थियों को एक जुट हो कर बंगाल में महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन विद्यार्थी परिषद ने पूरे भारत में हर एक इकाई स्तर पर ममता सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया है।

## बंगाल में सरकार दुष्कर्म के आरोपियों के साथ : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बंगाल की डॉक्टर बिटिया के साथ हुई बर्बरता के मामले में सरकार और मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा जो भी किया गया अत्यंत शर्मनाक है। घटना के अगले क्षण से ही सरकार और अस्पताल प्रशासन पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने और आरोपियों को बचाने में लगे रहे। अन्यथा घटना पर सबसे पहले पहुंचने वाले डॉक्टर और जिम्मेदार पुलिस अधिकारी इस मामले को आत्महत्या कैसे बता सकते हैं। जो डॉक्टर मृत्यु के सटीक कारण तक बता देते हैं, ऐसे लोगों के सामने डॉक्टर बेटी का क्षत विक्षत शव देखकर भी उसे आत्महत्या कैसे बता सकते हैं।

इस मामले में सरकार से लेकर अस्पताल प्रशासन का रवैया सवालों के घेरे में है। जिसका जवाब सरकार और अस्पताल प्रशासन को देना होगा। जल्दी से जल्दी सभी अपराधी को पकड़ा जाए और उन्हें कानून के किताब की सबसे कठोर सजा स्पीडी ट्रायल के जरिए दी जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इतनी जघन्यतम घटना में सरकार आरोपी के साथ पूरी तत्परता से लगी रही और पूर्व इंडी ब्लॉक सरकार के साथ खड़ा रहा।

राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सभी नेताओं ने एक बार भी सीधे बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल नहीं पूछा। आरोपियों के साथ देते साफ नजर आने पर प्रश्न नहीं उठाया। इंडी ब्लॉक के नेता बीजेपी के आरोप पर सवाल नहीं उठाते फिर भी समझ में आ सकता है। लेकिन देश भर के लाखों-लाख डॉक्टर्स के सवालों पर भी चुप रहे। मामले की जांच को सीबीआई को सौंपने के समय हाई कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी पर भी चुप रहे।

## वेतन कटौती करने पर एचजीसीटीए इकाई का विरोध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना जिसमें कॉलेज प्राध्यापकों को जो दो साल का अध्ययन अवकाश मिलता है, उसमें मासिक वेतन में 40 प्रतिशत वेतन देने के निर्णय को राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी एचजीसीटीए इकाई ने विरोध किया है। इकाई अध्यक्ष अजय कायथ ने बताया कि कॉलेज टीचर्स के अकादमिक कैरियर के रास्ते में इस तरह की अधिसूचनाएं बड़ी चुनौतियां खड़ी करती है। डॉ. अजय ने बताया की सरकार को अध्यापकों और अकादमिक एवं अनुसंधान के हित के लिए जल्द उक्त अधिसूचना को वापस लेना चाहिए। इकाई के सचिव डॉ. अमृत सिंह मेहता, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा आदिन सरकार से अधिसूचना वापस लेने की गुजारिश की है।

# बजट का 20 फीसदी शिक्षा पर खर्च कर रही सरकार : धर्माणी

### तकनीकी शिक्षा मंत्री ने चुवाड़ी स्कूल में नवनिर्मित कमरों का किया उद्घाटन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा व आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार कुल बजट का 20 प्रतिशत बजट शिक्षा पर व्यय करती है, ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। यह बात नगर नियोजन, आवास एवं व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने चुवाड़ी के राजकीय उच्च विद्यालय में लगभग 17.16 लाख की लागत से नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन करने के उपरांत संबोधित करते हुए कही।



चुवाड़ी स्कूल के नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन करते तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी।

उन्होंने कहा कि नवनिर्मित कमरों के बनने से यहां पर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। सरकार की ओर से 3.60 लाख रुपए पुराने भवन की मरम्मत, पानी की टंकी, प्रार्थना सभा स्थल की मरम्मत करवाने के लिए उपलब्ध करवाए हैं। इसके साथ ही स्कूल के चार कमरों में डिजिटल कक्षाएं, तीन कंप्यूटर, आईटी लैब के लिए भी धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि स्कूल की चारदीवारी, नाली व मंदिर के साथ अन्य कार्यों के लिए 15 लाख स्वीकृत किएए गए हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की कड़ी मेहनत करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी गांवों में बेहतर सुविधा पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। सड़के क्षेत्र विकास की जीवन रेखाएं होती है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न संपर्क सड़कों पर करोड़ों की धनराशि व्यय की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भीषण परिस्थितियों में भी विकास को गति प्रदान कर रही है और सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बनाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। (अनंत ज्ञान)

## प्रधान सुनील धीमान की मृत्यु पर जताया शोक

**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत पंजगांई के प्रधान सुनील कुमार धीमान की मृत्यु के चलते इस बार राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। ग्राम प्रधान सुनील कुमार धीमान की 14 अगस्त सायं अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण देहांत हो गया था। मृतिक 42 वर्षीय सुनील कुमार अपने पीछे 2 छोटे बच्चे,पत्नी और बूढ़े माता पिता को छोड़ गए हैं। उनकी मृत्यु से ग्राम पंचायत की जनता सदमे में है। उपप्रधान रविकांत शर्मा ने कहा कि उन्हें अभी तक उनकी मृत्यु का विश्वास ही नहीं हो रहा है। सभी ने उनके परिवार के लिए अर्थिक रूप से यथासंभव सहायता करने की बात कही और सरकार से भी मांग करेंगे कि बच्चो के पालन पोषण के लिए उनकी पत्नी को रोजगार दिया जाए। सुनील कुमार धीमान की मृत्यु पर ग्राम पंचायत पंजगांई सचिव राम पल ठाकुर, हरनोड़ा पंचायत प्रधान देश राज ठाकुर, उपप्रधान राजीव कुमार पूर्व उप प्रधान जोगिंदर सिंह ठाकुर, धौण कोठी के पूर्व प्रधान सुरेंद्र शर्मा, साथ लगतीं पंचायतों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक प्रकट किया है।



## विधायक कटवाल ने अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले झंडूता विधानसभा क्षेत्र के दो खिलाड़ियों को बधाई देने के साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया है। शनिवार को उन्होंने अपने आवास पर झंडूता के बड़गांव निवासी हितेन चंदेल पुत्र आंचल चंदेल और भल्लू के सुमित पटियाल पुत्र मुख्तयार सिंह पटियाल को शॉल व टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित करने के साथ ही उन्हें 5.5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया। उन्होंने इन खिलाड़ियों के साथ ही उनके परिजनों को भी सम्मानित किया।

उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हाल ही में आयोजित चतुर्थ सेंट्रल एशियन ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में बिलासपुर के झंडूता विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले हितेन चंदेल और सुमित पटियाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस चैंपियनशिप में भारत ने कांस्य पदक जीता था। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में भारत ने मेजबान उज्बेकिस्तान को शिकस्त दी थी। इस जीत में इन दोनों खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा था। कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को दिल्ली में हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी सम्मानित किया था। अपने विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले दोनों खिलाड़ियों हितेन चंदेल और सुमित पटियाल को शनिवार को झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने अपने आवास पर सम्मानित किया। शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही उन्होंने उन्हें अपनी ओर से 5.5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले इन दोनों खिलाड़ियों ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल झंडूता विधानसभा क्षेत्रए बल्कि बिलासपुर जिला समेत पूरे हिमाचल को गौरवांवित किया है। इससे अन्य बच्चों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। खेलों से जुड़कर वे नशे जैसी अन्य बुरी आदतों से भी दूर रह सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह दोनों खिलाड़ी इसी तरह अपने शानदार प्रदर्शन से कई और उपलब्धियां हासिल करेंगे।



# मंडी भराड़ी पुल में आई दरारों ने गुणवत्ता पर खड़े किए सवाल

- पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर भी पुल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे
- कहा, इस पुल का एक साल में हो गया यह हाल तो अन्य का क्या होगा


**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

किरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर स्थित बिलासपुर जिला के मंडी भराड़ी पुल में आई दरारों ने गुणवत्ता पर कई सवाल खड़े कर दिए है। पुल को मरम्मत कार्य तेजी से चला हुआ है, लेकिन एक साल के भीतर ही पुल पर दरारें आना व एक तरफा झुकाव होने की वजह से एक बड़ी खतरा पैदा हो गया है। हालांकि कंपनी की ओर से इसकी लिपापोती तो की जा रही है, परंतु एक साल के भीतर इस तरह से मामला पेश आने की वजह से इस पूरे फोरलेन एरिया के निर्माण कार्य पर कई सवाल पैदा हो गए हैं। शनिवार को इसी कड़ी में पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम लाल ठाकुर भी मौके स्थल पर पहुंचे। यहां पर पहुंचने पर उन्होंने पुल की गुणवत्ता पर काफी सवाल उठाए हैं। राम लाल ने कहा कि अगर मंडी भराड़ी पुल का यही हाल एक साल में हो गया है तो अन्य पुलों का व स्थानों का क्या हाल होगा। भाजपा क्वालिटी की बात करती है, लेकिन जिस तरह इन फोरलेन की हालतें है तो इससे साफ जाहिर हो रहा है कि अंदर खाते केंद्र सरकार अपनों को फायदा देने के लिए इस तरह से घटिया कार्य करवाने में लगी है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा नेताओं को 77 साल बाद आई भारत पाक बंटवारे की याद

**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा के बयान पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भाजपा नेताओं को भारत पाक बंटवारे की याद आने लगी है। भाजपा नेता आज भी भारत पाक बंटवारे की दुख मना रहे हैं। जबकि हम सब को इस बात का पता है कि देश को स्वतंत्रता किन परिस्थितियों व हालातों में मिली है। भाजपा नेताओं को इस बयान को राष्ट्रद्रोह की नजर से देखा जाना चाहिए। भाजपा नेताओं को नत्थू राम गोडसे की विचारधारा को छोड़कर आगे आना चाहिए।



## डोगरी में मिला एक और शव

**बिलासपुर।** समेज त्रासदी के बाद से चल रहे सर्च ऑपरेशन के 19 वें दिन शुक्रवार को भी एनडीआरएफ की टीम ने सुबह सुन्नी डैम के करीब दोगरी गांव से एक और शव बरामद किया हैं। डैम में यह शव दस बारह साल लड़की का लग रहा है। यह शव बिना गर्दन का मिला है जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। बतातें चले कि शिमला के रामपुर में बाढ़ में लापता हुए लोगों का सर्च ऑपरेशन जारी है। इस सर्च ऑपरेशन में इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार, इंस्पेक्टर दीपक सिंह असवाल, सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल राकेश, जितेंद्र कुमार, मनोज कांस्टेबल सूरज, संजीत, मंजीत, तेजेंदर, सुनील, एनटीपीसी स्टीमर के चालक व परिचालक सुदर्शन व कुलवीर कड़ी धूप व बारिश के चलते दिन भर कोलडैम की झील में बाढ़ से लापता हुए लोगों के शवों पर नजर गड़ाए हुए है। एनडीआरएफ की टीम ने जान की परवाह न करते हुए भी लगातार सर्च ओप्रेशन को जारी रखा है।

## विधायक जम्वाल ने हरनोड़ा में लगाई सौगातों की झड़ी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने सदर क्षेत्र की हरनोड़ा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में झालमू मंदिर सड़क और खेल मैदान के लिए पांच लाख, हरनोड़ा से कसोल सड़क के चौड़ीकरण के लिए आठ करोड़ एकसोल मंगल सड़क की मेटलिंग, आरसी कॉलोनी की दुर्दशा को सुधारने के लिए 12 करोड़, शिव मंदिर के लिए पांच लाख, पार्किंग ग्राउंड के लिए दो लाख हरिजन बस्ती के लिए दो लाख, कसोल व पाटी सड़क के लिए पांच लाख, ध्वाल ब्रिज का टेंडर, छह महिला मंडलों को छयासठ हजार आदि सौगातों की झड़ी लगाई। विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भी याद किया और कहा कि कोलडैम उन्हीं की देन है।

अब जिला बिलासपुर में कोल डैम का कसोल गांव टूरिज्म हब बन रहा है। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम किया जा रहा है और प्रशासन ने फिलहाल सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म से भी जोड़ा कर और एक्वा टूरिज्म को भी प्रमोट किया जाएगा। तीन महीने के बाद कोलडैम में ततापानी तक क्रूज, शिकारे चलेंगे, जो कि पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस क्षेत्र के लोगों को घर पर ही रोजगार का अवसर मिलेगा।

## कालेश्वर मंदिर में चढ़ावे के रूप में चढ़ी सामग्री की नीलामी 28 को

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** श्री कालीनाथ कालेश्वर मंदिर में चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुई अतिरिक्त सामग्री जैसे नारियल, राशन, तेल इत्यादि की नीलामी अगामी 28 अगस्त को की जाएगी। जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी एबं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह 10.30 से 11.30 तक नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति दर्ज की जाएगी व 20000 रुपए राशि प्राप्त की जाएगी।

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दशमेश आई सैंटर
कोठी चौंक, नजदीक चाँदपुर पुल, जिला बिलासपुर
मोतियाबिन्द का ईलाज केवल 7 से 9 मिनट में किया जाता है।
PHACO TECHNOLOGY के साथ बिना टीका बिना टांका बिना पट्टी बिना दर्द
आंखों की हर बिमारी का ईलाज

DEC
DASHMESH EYE CENTRE
New Chandigarh| Morinda| Marawala| Bilaspur
M: 78892-40891, 98769-93208, 98152-28498
Book an Appointment me contact number 01978-292698

# बशु मेले में धनुष-बाण के साथ होता है लोकनृत्य

सिरमौर जिले की शिलाई तहसील के कोटी-बौंच गांव के बालधार में बिशु मेले का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोग अपनी संस्कृति को बरकरार रखते हुए मेले के दौरान नाटी (नृत्य) भी करते हैं। इस बिशु मेले को सिंगटऊ खश मनाते हैं। इस मेले में एक विशेष प्रकार के नृत्य का भी आयोजन किया जाता है। बिशु मेले के दौरान धनुष-बाण की हस्तकता को लोकनृत्य में ढालकर महाभारत जैसा स्वरूप प्रदान करने का भी एक अनोखा प्रयास किया जाता है। यह नृत्य ढोल और नगाड़ों की रणभेरी लय पर शाठी-पाशी के मध्य धनुष-बाण के साथ किया जाता है।



ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

## मगरू महादेव मेले की अपनी शान



मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी में पांच दिवसीय मगरू महादेव मेला शुक्रवार से शुरू हो गया है। मेला देव मगरू महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाता है। मेले के शुभारंभ के अवसर पर सराज के सात देवी-देवताओं ने भाग लिया।



जिला ऊना में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम दौरान तिरंगे की ड्रेस में नन्हे-मुन्ने बच्चे।

## जश्न-ए-आजादी



शिमला : स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

## देशभक्ति के तराने



जिला हमीरपुर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते स्कूली छात्र-छात्राएं।





जिला हमीरपुर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम दौरान तिरंगे की ड्रेस में अध्यापक व स्कूली बच्चे।

पहले



अब



154 वर्ष पूर्व राजा विजय सेन ने मंडी रियासत की बागडोर विधिवत संभालने के उपरांत लोकसेवा के कार्यों में से एक 1866 ईस्वी में स्थापित यह स्कूल मील का पत्थर साबित हुआ। यहां से पढ़े हुए विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्ष 2016 से 2020 में एशियन डिवेलपमेंट बैंक के प्रोजेक्ट के तहत पुनः इसका जीर्णोद्धार करवाया गया और इसको हू-व-हू वैसा ही रूप दिया गया जैसे ये पहले था।

## दैवीय शक्ति से मूर्छित नड फिर हो गया जिंदा







जिला कुल्लू के लगघाटी के भल्याणी गांव में चार साल बाद सलोखरा काहिका उत्सव के दौरान दैवीय शक्ति से मूर्छित नड की परिक्रमा करते हुए देवता व देवलू। गुर ने पानी पिलाकर नड को फिर जिंदा कर दिया।

## कला और संस्कृति का प्रतीक गिद्दा



ऊना। ऊना में गिद्दा स्थानीय कला और संस्कृति का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में गिद्दा प्रस्तुत करती कन्याएं।

## ऐ वतन ऐ वतन आबाद रहे तू



जिला कुल्लू के ढालपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते स्कूली बच्चे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज खुला रहेगा कांगड़ा बाजार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है। पर्व के उपलक्ष्य पर कांगड़ा बाजार रविवार को पूरी तरह से खुला रहेगा। जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि वैसे तो हर रविवार को कांगड़ा बाजार बंद रहता है, लेकिन रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर इस बार 18 अगस्त को कांगड़ा बाजार खुला रहेगा।

### सारथी सत्यम रथ संस्था ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पपरोला में सामाजिक संस्था सारथी सत्यम रथ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से मां के नाम एक पौधा लगाने के अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। स्कूल परिसर में किए पौधरोपण कार्यक्रम में सारथी संस्था के सदस्यों में रबींद्र कुमारी, सुतिंदर डोहरू, पूनम मंगलेश, मंजू तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संजीव, संध्या देवी, प्राचार्य शुभ कर्ण, और संजीव सूद का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय स्वयसेवियों को पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान देने का आह्वान किया। सारथी संस्था ने विद्यार्थियों को कहा कि आपके द्वारा किए पौधरोपण में, जिसका पौधा अच्छा फले-फूलेगा तथा जो इन पौधों की देखरेख करेंगे, उन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### श्री साई ग्रुप में इंडियन एयरफोर्स का सेशन अयोजित



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में प्रेरण कार्यक्रम में ग्रुप की एमडी तृप्त पुंज की अध्यक्षता में भारतीय वायु सेना के द्वारा एक विशेष सेशन का आयोजन किया गया। डायरेक्टर प्लेसमेंट्स प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत कई दिनों से महाविद्यालय में ग्रुप के सीएमडी तुषार पुंज की दिशानिर्देश में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रतिष्ठित वायु सेना कर्मियों पठानकोट के विंग कमांडर पुष्पा ठाकुर ने अन्य वायु सेना अधिकारीयों के साथ सत्र की सशक्त शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी असाधारण यात्राएं साझा कीं और अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता के महत्व पर अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। यह सर्वश्रेष्ठ से सीखने और उस समर्पण और लचीलेपन से प्रेरित होने का एक अनूठा अवसर था, जो ऐसे प्रतिष्ठित पेशे में सफलता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर तृप्ता पुंज ने विद्यार्थियों को भविष्य में निरंतर प्रगति करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. संजय पंडित, समरिंदर तरवाल, डीपी सिंह, राजीव कुमार, विपिन पंडित, डॉ दिनेश महाजन, अश्वनी शर्मा,रितिका, श्रीकांची आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# मुकेश ने फतेहपुर में किए 4. 26 करोड़ के उद्घाटन

## बोले, कांगड़ा के लिए वरदान साबित होंगी 1375 करोड़ की फिन्ना सिंह, शाहनहर, सिद्धाथा और सुखाहर सिंचाई परियोजनाएं

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा में निर्माणाधीन फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना का कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ेगा। इसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 300 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। लगभग 646 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार से भी 287 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल गई है।

फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक दशक से इस परियोजना का निर्माण कार्य लटका हुआ था। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस मामले को लगातार केंद्र के समक्ष उठाया गया। निरंतर प्रयास और मेहनत मशक्कत के बाद इसके लिए अब केंद्र से भी बजट मंजूर हो गया है।



अपने फतेहपुर प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री ने लगभग 4 करोड़ 24 लाख की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। उन्होंने करीब 1 करोड़ 8 लाख की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना ठट्ठर, बलडीयां, धनेटी, देहरियां तथा 1 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना रैहन देहरी के संवर्धन कार्य का उद्घाटन किया। इन पेयजल परियोजनाओं से लगभग 7 गांवों की 25 बस्तियों में रहने वाली 4 हजार 425 की आबादी लाभांवित होगी। इसके पश्चात मुकेश अग्निहोत्री ने 1 करोड़ 50 लाख की लागत से हुए जल भवन रैहन के नवीकरण कार्य का भी उद्घाटन कर उसे क्षेत्रवासियों को सौंपा।

अग्निहोत्री ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित बस अड्डे की साइट का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में फतेहपुर में भी एक अच्छा बस स्टैंड निर्मित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा उन्होंने राजा का तालाब में बनने वाले तालाब के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और तालाबों के निर्माण के लिए सरकार हर संभव सहायता और धन उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भवानी सिंह पठानिया के प्रयासों से पौंग बांध पर 105 करोड़ रुपए की लागत से पर एक समानांतर पुल बनाया जाएगा।

### 10 करोड़ से होगा शाहनहर का पुनर्निर्माण

**उपमुख्यमंत्री** ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शाहनहर सिंचाई परियोजना के क्षतिग्रस्त हिस्से का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 387.22 करोड़ रुपए की लागत से बनी शाहनहर परियोजना कांगड़ा जिले के 15 हजार 287 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाती है। यह परियोजना प्रदेश की मुख्य सिंचाई परियोजनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई भारी बरसात और खनन की वजह से शाहनहर का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था। इससे क्षेत्र में किसानों को सिंचाई और खेती के लिए बड़ी समस्याएं पेश आ रही हैं। उन्होंने बताया कि शाहनहर के क्षतिग्रस्त हिस्से के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए के करीब खर्चा आएगा। उपमुख्यमंत्री ने इसके लिए दस करोड़ देने की घोषणा करते हुए विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द इसका काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सिद्धाथा और सुखाहर सिंचाई योजनाएं भी जिला कांगड़ा की अति महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं।

# परिषद ने फूंका ममता सरकार का पुतला

## कहा, पश्चित बंगाल में हो रहीं घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को धर्मशाला महाविद्यालय के अंदर बंगाल में हुई एक डॉक्टर के साथ बर्बरता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद किया व ममता की भ्रष्ट वह संवेदनहीन सरकार के खिलाफ युवाओं, विद्यार्थियों को एक जुट हो कर बंगाल में महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

परिषद के वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है। टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्रवाई ममता सरकार द्वारा नहीं की गई।



**कोलकाता प्रकरण में निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग**

बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन विद्यार्थी परिषद ने पूरे हिमाचल के साथ साथ पूरे भारत में हर एक इकाई स्तर पर ममता सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया है व साथ ही साथ डॉक्टर के केस की निष्पक्ष जांच की मांग की है ।

परिषद ने महिला विरोधी ममता सरकार का पुतला धर्मशाला महाविद्यालय में फूंका और इस कुकृत्य का विरोध विद्यार्थी परिषद ने धर्मशाला महाविद्यालय में किया और विद्यार्थी परिषद इसका विरोध पूरे देश में कर रहा है विद्यार्थी परिषद की मांग है की ऐसे कानून देश में बनाए जाए ताकि ऐसे कुकृत्य करने की हिम्मत कोई न कर सके।

### नूरपुर में अवकाश पर रहे चिकित्सक

**नूरपुर।** हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की एक दिवसीय हड़ताल का असर नूरपुर में भी देखने को मिला। सिविल अस्पताल में डॉक्टर एक दिवसीय अवकाश पर रहे। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक गूगल मीट के माध्यम से हुई जिसमें सभी जिलों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर सौरभ शर्मा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने की। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 17 अगस्त 2024 को हिमाचल प्रदेश के सभी चिकित्सक एक दिन का टोकन प्रोटेस्ट करेंगे, जिसके लिए आइएमए, फोरडा, फाईमा ने आह्वान किया है। अस्पताल में स्टाफ द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया व दो मिनट का मौन रखा गया। डॉ. सन्नी ने बताया कि संघ हार्दिक दुख से उस घिनौने अपराध का विरोध करता है, जोकि पश्चिम बंगाल के आरजेके मेडिकल कॉलेज में हुआ महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुआ।

# मानसिक तौर से बीमार निकला गलत आचरण करने का आरोपी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कई बार तुल देने से मामले बिगड़ जाते हैं, वहीं स्थिति को समझ कर विवाद निपट जाते हैं। ऐसा ही कुछ कांगड़ा जिला में हुआ जब एक मानसिक बीमार व्यक्ति की एक धर्म स्थल में की गई गलत हरकत के बाद दूसरे पक्ष ने उसकी मनोस्थिति को जान कर मामला रफा-दफा कर दिया।

जिला में धर्मशाला क्षेत्र के एक धार्मिक स्थल में गलत आचरण का मामला सामने आया है। हालांकि ऐसा करने वाले व्यक्ति के मानसिक रूप से बीमार होने का पता चलने के बाद पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा तथा जम्मू कश्मीर के दो लोग एक धार्मिक स्थल पर पहुंचे तथा इनमें से एक ने पहले वहां चाय पी तथा उसके बाद धार्मिक स्थल देखने चला गया। यहां उसने गलत आचरण किया तो धर्म विशेष के लोगों ने उसे पकड़ कर उससे

**दूसरे पक्ष ने पुलिस में दर्ज नहीं करवाया केस**

पूछताछ की। धार्मिक मामला होने के चलते उसकी भनक लगने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा आरोपी को थाने ले आई। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उक्त व्यक्ति सैनिक है तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण उसे सेना से सेवानिवृत्त कर दिया गया है तथा उसका उपचार चल रहा है।

यह पता चलने के बाद दूसरे पक्ष ने भी आरोपी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं करवाया। दूसरे पक्ष का मानना था कि उक्त व्यक्ति ने मानसिक रूप से ठीक न होने के कारण ऐसी हरकत की जिसमें उसका भी दोष नहीं है। उधर, इस मामले में जब एएसपी वीर बहादुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस बारे में पुलिस में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# नगरोटा कॉलेज में बताए नशे के दुष्प्रभाव

## कॉलेज में नारकोटिक विषय पर जागरूकता व्याख्यान का किया गया आयोजन

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में शनिवार को नारकोटिक विषय पर एक जागरूकता लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सीआईडी) राजेंद्र जसवाल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे की लत और उसके गंभीर परिणामों से अवगत कराना था। अपने व्याख्यान के दौरान जसवाल ने छात्रों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कैसे नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना सकता है और समाज में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। इसके साथ ही, उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि यदि वे किसी को नशे का शिकार होते देखते हैं, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें और उनकी मदद करें। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्ति की शपथ ली।



**कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का भी किया गया आयोजन**

उन्होंने कहा कि वे इस संदेश को समाज में फैलाने के लिए संकल्पित हैं और किसी भी स्थिति में नशे से दूर रहेंगे।

इस अवसर पर बीबीए समन्वयक डॉ. राजीव कुमार ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को इस विषय की गंभीरता को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही इस समस्या से निपटने के लिए सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने नशे से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे और जसवाल ने उनका समाधान किया। (अनंत ज्ञान)

# साइबर ठगों ने ऊना के व्यक्ति को लगाया 60 लाख का चूना

## शिकायत पर साइबर थाना धर्मशाला में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बार-बार जागरुक किए जाने के बाद भी प्रदेश के लोगों के साथ साइबर ठगी के मामले थमने को नहीं आ रही। इसी कड़ी में अब ऊना जिला के एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने लाखों रुपए का चूना लगाया है। एम जानकारी के अनुसार ऊना जिला के टाहलीवाल में एक निजी कंपनी में काम करने वाला व्यक्ति जून माह से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रहा था।

ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से कमाई के नाम पर पहले उसे सही लिंक भेज कर ट्रेडिंग करने के लिए कहा लेकिन उसके बाद उसे एक फेक लिंक पर ट्रेडिंग करने के लिए कहा। उक्त व्यक्ति को उसका पैसा डबल होने का झांसा दिया गया तथा उक्त व्यक्ति 50-50 हजार रुपए करके इस ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर पैसा लगाता रहा। उसे लाखों रुपए की



आमदनी होने के संदेश भी आए जो फेक थे। व्यक्ति ने जून माह के बाद कभी भी पैसा नहीं निकाला तथा जब अपना पैसा निकालने की बात कही तो ठगों ने इसके लिए 10 प्रतिशत राशि उनके खाते में डालने के लिए कहा। इसके बाद पीड़ित का माथा ठनका तथा वह साइबर पुलिस के पास पहुंचा। साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(14),0319(2) के तहत 59,74,000 रुपए की ठगी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# एथलीट दामन जम्वाल सरकार की पुरानी खेल नीति से नाखुश

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर चुके हिमाचल के प्रसिद्ध एथलीट दामन जम्वाल राज्य सरकार की पुरानी और अपर्याप्त खेल नीति से गहरे निराश हैं। दमन, जिन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है, राज्य में एक अच्छी नौकरी पाने के लिए भारी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

प्रदेश में सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों में रोजगार के लिए योग्य उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन के लिए वर्तमान मानदंडों में 2011 के बाद से कोई संशोधन नहीं हुआ है। यह नीति उन कई खिलाड़ियों की उपलब्धियों को नजरअंदाज करती है, जिन्होंने वैश्विक खेल महासंघों द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दामन



जम्वाल द्वारा दक्षिण एशियाई कराटे महासंघ द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में जीता गया रजत पदक, जिसे एशियाई कराटे महासंघ का संबद्ध सदस्य और वर्ल्ड कराटे महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त है, ऐसी ही एक उपलब्धि है, जिसे वर्तमान नीति के तहत नजरअंदाज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार का खिलाड़ियों के प्रति रवैया उदासीन

**दामन** जम्वाल ने कहा कि खेल नीति, जो एक दशक से अधिक समय से बिना संशोधन के बनी हुई है, खेल के बदलते स्वरूप और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप में खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पहचानने में असफल हो रही है। यह पुरानी सोच स्पष्ट रूप से हमारी सरकारों और अधिकारियों की खेल समुदाय की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं से पूरी तरह से कटे हुए होने का संकेत है। यह उपेक्षा न केवल एक व्यक्तिगत झटका है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के सभी उभरते खिलाड़ियों के मनोबल और भविष्य के लिए भी एक बड़ी हानि है। दामन जम्वाल और उनके समर्थक राज्य सरकार से खेल नीति में तत्काल संशोधन की मांग कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सभी प्रमुख खेल उपलब्धियों को शामिल करने वाली और प्रतिनिधित्व करने वाली हो।

# खेल-खेल में गुणा और भाग की सरल विधियों को सीखा



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

शैक्षणिक अविष्कार संस्था कंडवारी द्वारा पांच दिवसीय गणित सेतु भाग 2 शिविर का आयोजन मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनूरी में संपन्न हुआ। यह पांच दिवसीय शिविर 12 अगस्त को आरंभ हुआ था, जिसका समापन 17 अगस्त को हुआ।

इस पांच दिवसीय कार्यशाला मेले का आयोजन सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित विषय में अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने और गणित विषय को सरल तरीके से समझने के लिए किया गया, जिसमें छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकों ने गणित मेले में भाग लिया। छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने 'गणित सिखो खेल में' शीर्षक के तहत गणित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

खेल के माध्यम से गुणा व भाग की सरल विधियों को सीखा। प्राथमिक पाठशाला बनूरी के नन्हे बच्चों ने भी इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया की गणित मेले के आयोजन से खेल खेल मे बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। अध्यापिका प्राप्ति भाषिन, श्वेता अरोरा, प्रियंका शर्मा और रवि कुमार ने मेले को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में करवाईं प्रतियोगिताएं

**गरली।** इन दिनों केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में संस्कृत सप्ताह का आयोजन चल रहा है। इसी कड़ी में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार के दिन वेदव्यास परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं का निर्णय परिसरीय अध्यापकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में 12 से अधिक स्थानीय विद्यालयों ने भाग लिया व छात्रों की उत्तम प्रस्तुति के साथ संगीत में प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर के चतुर्थ कक्षा के छात्र कृष ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा अंकिता ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान लिटिल फ्लावर हाई स्कूल की छात्रा वैष्णवी ने प्राप्त किया। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लिटिल फ्लावर हाई स्कूल गरली की छात्रा दृष्टि ने हासिल किया।

### एसएम अवस्थी को चुना प्रधान

**अनंत ज्ञान, नगरी।** शनिवार को पालमपुर के डोहरु मोहल्ला में स्थित शनि मंदिर में शनि महाराजा कल्याण समिति की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें प्रधान पद के लिए एसएम अवस्थी, सचिव पद के लिए राजेश सूद एवं कोषाआध्य पद के लिए मनोज डोहरू को चुना गया। प्रधान ने बताया कि शनि महाराजा कल्याण समिति पिछले तीस सालों से धार्मिक कार्य कर रही है। उक्त जानकारी सभा के सदस्य अरविंद डोहरु ने दी है।

### सीपीएस ने मझैरना में लोक सेवा केंद्र लोगों को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत मझैरना में 5 लाख की लागत से बने लोक सेवा केंद्र भवन को लोगों को समर्पित किया। सीपीएस ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार किसानों-बागवानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुधारने के लिए नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकास निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है और इसकी कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और लोगों की मांग तथा जरूरत के हिसाब से विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

**उत्सव** 30 सितंबर तक होंगी प्रविष्ठियां स्वीकृत, विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे पांच लाख रुपए के पुरस्कार

# धर्मशाला में 19 और 20 अक्तूबर को होगा 'हिम फिल्मोत्सव'

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/धर्मशाला**

हिम सिने सोसायटी हिमाचल पदेश द्वारा द्विवार्षिक फिल्म फेस्टिवल 'हिम फिल्मोत्सव 2024' का आयोजन धर्मशाला में 19 व 20 अक्तूबर को किया जा रहा है। फिल्म उत्सव में विभिन्न श्रेणियों में पांच लाख रुपए तक की राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। डॉक्यूमेंट्री की अवधी 30 से 35 मिनट, लघु फिल्म 18 से 25 मिनट व कैंपस फिल्म 15 से 20 मिनट रहेगी। फिल्म या वृत्त चित्र की भाषा हिमाचली अथवा हिंदी होनी चाहिए। इसकी मूल प्रति के साथ मौलिकता प्रमाण पत्र भी देना होगा। उत्सव में शामिल होने वाले फिल्म वृत्त चित्र का पहले सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। आईपीआर नियमों का पालन फिल्म निर्माता की जिम्मेदारी होगी, जबकि फिल्म संस्थान के विद्यार्थी की फिल्में भी प्रोफेशनल श्रेणी में ही स्वीकार होंगी।

प्रविष्टियां 30 सितंबर तक स्वीकार की जाएंगी। समिति की सदस्य डॉक्टर सरिता पठानिया के अनुसार यह फिल्म उत्सव 16



फिल्मोत्सव का पोस्टर जारी करते हुए सोसायटी के सदस्य।

विषयों पर आधारित होगा। जिसमें ऐतिहासिक गौरवशाली हिमाचल, हिमाचल की कला संस्कृति और परंपराएं, हिमाचल के संदर्भ में देश सेवा और बलिदान, देवभूमि हिमाचल की देव परंपरा, स्वतंत्रता संग्राम में हिमाचल की भूमिका, प्रदूषण मुक्त हरित हिमाचल, वोकल फॉर लोकल, हिमाचल की सशक्त नारी, खेलों में हिमाचल, संस्कारित हिमाचली रिश्ते, हिमाचल के विविध लोकनायक, आधुनिक व उन्नत हिमाचल, हिमाचल जल, पल और कल, साहसिक पर्यटन और हिमाचल, शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल का योगदान और हिमाचल की प्राचीन सभ्यताएं शामिल है।

# मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की ओपीडी में लटके ताले

## डॉक्टर रहे हड़ताल पर, मेडिकल कॉलेज परिसर से गांधी चौक तक निकाली रोष रैली

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

देशभर में कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर रोष है। इसी घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के डॉक्टरों ने भी शनिवार को हड़ताल की और मेडिकल कॉलेज की सभी ओपीडी में किसी भी डॉक्टर ने अपनी सेवाएं नहीं दीं।

ओपीडी के बाहर ताले लटके रहे और किसी भी मरीज की जांच नहीं की। हालांकि, ओपीडी के बाहर मरीजों को सूचना देने के लिए पोस्टर लगाया था कि आज ओपीडी बंद रहेगी। अधिकतर मरीजों को हड़ताल के बारे में जानकारी नहीं थी, इसलिए मरीज अपना इलाज करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज आए हुए थे, लेकिन डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मायूस लौट गए। केवल आपातकाल में आने वाले मरीजों को सेवाएं दी गईं, जबकि रूटीन चैकअप करवाने वाले मरीजों को आपातकाल में भी जांच नहीं की गई, इससे मरीज दिन भर परेशान होते रहे। हड़ताल के चलते रेजिडेंट डॉक्टर, प्रशिक्षु डॉक्टर और फैकल्टी ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज परिसर से काले बिल्ले लगाकर गांधी चौक तक विरोध स्वरूप रैली निकाली और न्याय के लिए अपील की। इस दौरान सैकड़ों प्रशिक्षु डॉक्टरों ने न्याय को लेकर आवाज उठाई, ताकि किसी भी महिला के साथ ऐसा जघन्य अपराध न हो।

रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रजित ने कहा कि आज जितने भी डॉक्टर हड़ताल पर हैं वे महिला प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि जो घटना प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुई है उसके विरुद्ध आवाज उठाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज ओपीडी को बंद करने का मकसद यह नहीं था कि हम जनता की अपेक्षा करें या उनकी जांच न करें बल्कि अस्पतालों में तैनात महिला स्टाफ को एक बेहतर वातावरण काम करने के लिए मिले जिससे हम जनता की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि मेडीपर्सन एक्ट जो पिछले कई वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ा उसे भी अमलीजामा पहनाने के लिए भी यह आंदोलन किया जा रहा है। अस्पताल में सुरक्षित वातावरण होगा तो मेडिकल स्टाफ भी अच्छे तरीके से जनता की सेवा करेगा। (अनंत ज्ञान)






हमीरपुर के गांधी चौक पर विरोध प्रदर्शन करते प्रशिक्षु डॉक्टर तथा (दाएं) मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में लटके ताले।

### प्राइवेट डॉक्टरों ने भी किया हड़ताल का समर्थन



**कोलकाता** में महिला डॉक्टर की घटना को लेकर प्राइवेट अस्पतालों में काम कर रहे डॉक्टरों ने भी समर्थन किया है। प्राइवेट अस्पतालों में शनिवार को डॉक्टरों ने ओपीडी बंद रखी और हड़ताल का समर्थन किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संजीव शर्मा ने भी अपनी ओपीडी बंद रखी और हड़ताल का समर्थन किया।

## भोरंज सिविल अस्पताल से मिनी सचिवालय तक निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज में डॉक्टर व समस्त स्टाफ द्वारा कोलकाता में हाल ही में हुई अमानवीय क्रूर घटना के बाद अपना गहरा दुख और गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भोरंज सिविल अस्पताल से मिनी सचिवालय तक कैंडल मार्च बीएमओ भोरंज डॉ. ललित कालिया की अध्यक्षता में निकाला व भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप को ज्ञापन दिया। साथ ही भरेड़ी, जाहू में भी प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रतीक, डॉ. पृथि, डॉ. राहुल, डॉ. डिप्टी, इशिता, प्रिया, ईशु, आकांक्षा, प्रियंका, उर्मिला, सरिता इत्यादि उपस्थित रहे।



भोरंज सिविल अस्पताल से मिनी सचिवालय तक कैंडल मार्च निकालते डॉक्टर्स।

## न्यूज ब्रीफ



कृषक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### 24 अगस्त से पूर्व जमा करवाएं विद्युत बिल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिलों की अदायगी नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बिलों की अदायगी 24 अगस्त से पहले जमा करवा दें, अन्यथा उनकी बिजली सप्लाई बिना किसी पूर्व सूचना के काट दी जाएगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता इंजीनियर संजय कुमार ने दी।

### भगवती स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने मनाया रक्षाबंधन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों ने राखियां बांधी। तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए हर्बल राखियां बनाईं। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर छठी, सातवीं व आठवीं के बच्चों में राखी पर चित्रकला व पेंटिंग बनाने की प्रतियोगिता ड्राइंग अध्यापिका अंकिता के द्वारा करवाई गई। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों व उनके अभिभावकों को रक्षाबंधन की बधाई दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदना, गरिमा, सुदर्शन, सोनिका, सुमन लता, पूनम आदि ने अहम भूमिका रही।



### चकमोह कॉलेज में लगे पौधों की छात्र करेंगे देखभाल



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ महाविद्यालय चकमोह में पौधा अपनाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के लगभग 200 छात्रों ने परिसर में विगत तीन वर्षों से लगाए गए पौधों को अपनाया। छात्रों ने प्रण लिया कि जब तक वे महाविद्यालय में पढ़ाई करेंगे, तब तक उन पौधों की देखभाल तथा संरक्षण करते रहेंगे। उसके बाद इन पौधों को किसी दूसरे स्टूडेंट्स को सौंपकर जाएंगे। परिसर में लगभग 75 पौधों को छात्रों ने अपने संरक्षण में लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ ने भी कुछ पौधों को अपनाया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ठाकुर ने स्टाफ सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम का संचालन किया। महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

**एसके शर्मा, जाहू।** हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हमीरपुर के अध्यक्ष विक्रम शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नंदन पलासी, भगेटू, मैड़ सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के लिए समस्त इलाकावासियों की तरफ से धन्यवाद किया। विक्रम शर्मा कहा कि सड़क के लिए नाबार्ड द्वारा लगभग 5.50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है जिसका ग्राम पंचायत नंदन और ग्राम पंचायत भगेटू के चार गांव के लोगों को लाभ होगा। इस कार्य के लिए क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री के सदैव अभारी रहेगी।

### वेद प्रचार सप्ताह हर्षोल्लास से संपन्न

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वेद ईश्वर का आदि ज्ञान, हिंदू धर्म, परंपरा और संस्कृति का खजाना माना जाता है। यह बात डीएवी स्कूल भड़ोली के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने स्कूल में चल रहे वेद प्रचार सप्ताह के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व के नैतिक पहलू को आकार देने में उनके अत्यधिक महत्व को ध्यान में रखते हुए स्कूल परिसर में 12 से 17 अगस्त तक वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के आयोजन से की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने आर्य समाज के नियम, कविता वाचन तथा वेदों के महत्व पर अपने विचार रखे तथा चारों वेदों के बारे में विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए वैदिक की विशेषताओं तथा आर्य समाज और महर्षि दयानंद की शिक्षाओं के बारे में जागरूक किया।

### बाल स्कूल में जोर-शोर से मनाया सप्ताह

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) नादौन में शिक्षा सप्ताह पूरे जोर-शोर से मनाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए शिक्षा में गुणवता के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों को शैक्षणिक जानकारियों के अलावा खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शिक्षा सप्ताह के समापन पर सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत स्कूल प्रबंधन कमेटी तथा अभिभावकों की ओर से बच्चों को अतिथि भोजन का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल दिले मोहम्मद पोसवाल ने बताया कि शिक्षा सप्ताह के दौरान बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर डॉ. सतीश शर्मा, सुशील शर्मा, रिपन परमार आदि उपस्थित रहे।

### लेटरल एंट्री में बीटेक-बी फार्मेसी की 230 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बीटेक और बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में बीटेक की 188 और बी फार्मेसी की 52 सीटें आवंटित की। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि बीटेक और बी फार्मेसी में लेटरल एंट्री के लिए सीटों का आवंटन डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुई है, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 20 अगस्त सायं चार बजे तक रिपोर्ट करनी होगी।

### तकनीकी विवि स्पॉट काउंसलिंग 19 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए एमएससी योग, एमटेक सीएससी, बीएचएमसीटी की खाली सीटों को भरने के लिए 19 अगस्त को स्पॉट काउंसलिंग होगी। पात्र अभ्यर्थी उपरोक्त विषयों में प्रवेश लेने के लिए काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। स्पॉट काउंसलिंग तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में होगी। वहीं, जवाहर लाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर में एमटेक सिविल की खाली सीटों के लिए भी उपरोक्त तिथि को स्पॉट काउंसलिंग होगी। बीएससी एचएमसीटी में प्रवेश के लिए एचपीटीयू ऑफ कैंपस नगरोटा बगवां, केसी पंडोगा व एलआर सोलन में 19 अगस्त को ही स्पॉट काउंसलिंग होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि उपरोक्त विषयों की खाली सीटों को भरने के लिए स्पॉट काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।

### डॉक्टरों ने की हड़ताल, सुरक्षा के पुख्ता कदम उठाए सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ और जिला हमीरपुर कार्यकारिणी के प्रधान डॉ. सुरेंद्र डोगरा और सचिव डॉ. वैंकटेश्वर सिंह रनौत ने हाल ही में कोलकाता में महिला रेसिसिडेंट डॉक्टर की निर्मम हत्या और दुष्कर्म की कड़ी निंदा की। उन्होंने जारी बयान में कहा कि कोलकाता में होम मिनिस्ट्री, हेल्थ मिनिस्ट्री और प्रदेश सरकार को सुरक्षा को लेकर पुख्ता कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि शनिवार को पूरा दिन स्वास्थ्य संस्थानों में सांकेतिक पेनडाउन हड़ताल की, जिसमें आपातकालीन सेवाएं बाधित नहीं हुई जिलाध्यक्ष ने सभी लोगों से अपील की महिला डॉक्टर और स्टॉफ की सुरक्षा हेतु आगे आएं और साथ दें। हिमाचल प्रदेश में भी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा की कोई भी व्यवस्था नहीं है। हमीरपुर संघ के प्रधान डॉ सुरेंद्र डोगरा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है की इन संस्थानों में कड़ी सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए ताकि हिमाचल में भी ऐसी घटना को रोका जा सके और रात्रि सेवाएं दे रही महिला चिकित्सकों के मनोबल को भी बढ़ावा मिले। इस संदर्भ में पहले भी संघ ने सरकार के साथ पत्राचार किया है लेकिन धरातल पर कोई भी ठोस कदम सामने नहीं आया है अतः संघ शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलेगा और इस समस्या को उनके समक्ष पुनः रखेगा।

### 30 सितंबर तक ई-केवाईसी करवाएं राशन कार्डधारक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी करवाने की तिथि को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। जिला नियंत्रक ने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी तक केवल 83 प्रतिशत राशन कार्डधारकों द्वारा ही अपनी ई-केवाईसी करवाई गई है।

## नगर परिषद ने हीरानगर क्षेत्र में लगाए 100 आर्नामेंटल पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

हमीरपुर नगर परिषद ने शनिवार दोपहर हीरानगर क्षेत्र में सड़क किनारे वन महोत्सव मनाया जिसमें 100 के करीब आर्नामेंटल पौधे लगाए गए। चीड़ के जंगल में इन पौधों का अलग ही महत्व होगा। क्योंकि उनकी परवरिश के लिए भी नगर परिषद ने अलग से बीड़ा उठाया है। इसी तरह के पौधे डांग क्वाली क्षेत्र में भी लगाए जाएंगे, ताकि सारे क्षेत्र को और हरा भरा तथा सुंदर बनाया जा सके।

इस मौके पर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर परिषद के एसडीओ अश्विनी कुमार के अलावा पूर्व संसदीय सचिव अनीता वर्मा और काफी तादाद में हीरानगर क्षेत्र के सीनियर सिटीजन इस कार्यक्रम में शामिल हुए। नगर परिषद की वार्ड सदस्य नीना चौधरी, पूर्व पार्षद अनिल चौधरी राजू चौधरी भी मौजूद थे।

वन महोत्सव के बाद नगर परिषद ने इन तमाम सीनियर सिटीजंस के लिए एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया जिसमें उन्हें साल टोपी भेंट की गई। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने पूर्व संसदीय सचिव अनीता वर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जो आर्नामेंटल पौधे लगाए गए हैं। उनकी हिफाजत के लिए वन विभाग से भी गुजारिश करके इनकी प्रोटेक्शन के लिए नगर परिषद बजट मुहैया करवाएगी।






पौधरोपण के समय सामूहिक चित्र में नगर परिषद के सदस्य व अन्य तथा सम्मानित किए जाने के दृश्य।

## समुदाय की सहभागिता से बढ़ेगा सरकारी स्कूलों का विकास : देशराज कमल

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में विद्यांजलि कार्यक्रम के तहत अतिथि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुभाष कपिल बतौर मुख्यातिथि रहे। इस दौरान सातवीं कक्षा के सौर्य का जन्म दिन भी मनाया गया।

समुदाय की ओर से सुरेंद्र ठाकुर, चंपा ठाकुर, रेखा, लक्ष्मी देवी ने अपनी सहभागिता दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यांजलि एक अनोखा स्कूल स्वयंसेवा प्रबंधन कार्यक्रम है। इससे समुदायों एवं संगठन को स्कूलों के जुड़ने का अवसर मिलता है। इसका मकसद स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहत्तर बनाना तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी से सरकार स्कूलों में सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि समुदाय की सहभागिता के बढ़ने जहां स्कूलों के नामांकन में वृद्धि होगी, वहीं विकास को भी नई दिशा मिलेगी। अतिथि भोज के दौरान समुदाय से आए लोगों ने बच्चों को भोजन परोस कर अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर पिंकी देवी, मनी राम, मनोज शर्मा, चमन लाल, वीना वर्मा, डॉ. संजीव, पवन रांगड़ा, सुनील दत्त, नील कमल, नीतू वर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## महाड़े गांव बारिश से घर में घुसा मलबा

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

ग्राम पंचायत बारीं मंदिर के तहत टीका चाहड़ के गांव महाड़े में सुरेंद्र कुमार पुत्र प्रेम सिंह के घर में नेशनल हाईवे 3 का पानी व मलबा घुस गया। जिससे मकान, पशुशाला और शौचालय को खतरा पैदा हो गया। पानी की सही निकासी न होने के कारण बारिश का सारा पानी सड़क से एक ही स्थान से उतर रहा है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कंपनी सड़क निर्माण का कार्य बेतरतीब ढंग से कर रही है जिससे क्षेत्र वासियों को नित नई-नई समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।



स्थानीय लोगों की समस्याओं को नजरंदाज किया जाता रहा है। सुरेंद्र कुमार के परिजनों ने बताया कि बीती रात एनएच का पानी व मलबा उनके घर में घुस गया जिसके चलते यह परिवार अपने घर की सुरक्षा को लेकर पूरी रात चिंतित रहा व पूरी रात जाग कर ही गुजारी। क्षेत्रवासियों ने एनएच निर्माण कंपनी से मांग की है कि सड़क मार्ग में फैंके गए मलवे को शीघ्र वहां से हटाया जाए, ताकि लोगों के घरों में आने वाले मलबे को रोका जा सके। इस बारे में प्रधान रविंद्र ठाकुर ने कहा कि जिन लोगों के घरों, पशुशालाओं व अन्य स्थानों पर एनएच निर्माण कंपनी का पानी व मलवा गिरा है उनके नुकसान का यह कंपनी अति शीघ्र मुआवजा दे।

## जाहू व भरेड़ी में बिजली के कटों से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के जाहू, भरेड़ी, हनोह इत्यादि गांव में शुक्रवार पूरी रात साढ़े 11 बजे से बिजली गुल रही जो शनिवार सुबह के करीब आई। लोगों का कहना की लाइट का कोई भरोसा नहीं है कब जाएगी, कब आएगी। जिससे आम जनता बहुत परेशान है।

बिजली गुल होने से बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। यदि इसी तरह बिजली गुल होती रही तो विद्यर्थियों का भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा। विद्युत विभाग हर माह निर्धारित दिनांकों 10 व 25 को बिजली कट लगाता था ताकि विद्युत लाइन व उपकरणों का उचित रख-रखाव कर सके, परंतु अघोषीत कट लगने से आम जनता बहुत परेशान है। कई दिन से कट लग रहे हैं, जबकि इसकी कोई भी पूर्व सुचना नहीं होती है। जब भी ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से इस बारे में जानना चाहा तो मात्र एक ही जबाब मिला हमें पता नहीं है कि लाइट कब आएगी लाइट ऊपर से बंद है जिससे अधिकारियों के बयान भी हवा में ही लगते हैं।

ग्रामीणों का मानना है की कट लगना तो रोज का काम है। जरा सा तूफान या बारिश होने पर बिजली गुल हो जाती है। विद्युत संबंधित काम करने बालों का कहना है कि यदि पहले ही पता हो की आज विद्युत कट है तो वे घर से ही न निकलें। हमारा तो पूरा दिन ही बर्बाद हो जाता है और तो और बिजली के बार-बार कट लगने से बिजली के उपकरण जलने की भी आशंका बनी रहती है। लोगों ने मांग की है कि विद्युत आपूर्ति ठीक की जाए और विद्युत कट लगाने से पूर्व इसकी सुचना दी जाए। उधर, संजय कुमार का कहना की नाल्टू 33 केवी में कुछ तकनीकी खराबी आई थी उसे अब ठीक कर दिया है।

## बारिश और तूफान से मक्की की फसल हुई बर्बाद

**अनंत ज्ञान, नादौन/बड़सर**

बुधवार रात को हुई बारिश के साथ चली तेज हवा के कारण किसानों की हरि भरी मक्की की फसल ढह गई है। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। किसानों को मक्की की फसल का काफी नुकसान हुआ है। नादौन उपमंडल की पंचायत बूणी, नौंहगी, रंगस, भरमोटी, भदरोल, जलाड़ी, भूंपल, रंगस, कांगू, गलोल आदि गांवों के किसानों की मक्की की फसल नष्ट हो गई है। बूणी पंचायत के गांव वाड़ी बलदेव सिंह, रमेश चंद, बलवंत सिंह, प्रदीप कुमार आदि के अलावा किसान बागवान समिति नादौन के अध्यक्ष आशुतोष सिंह व संयोजक रमेश शर्मा व समाजसेवी प्रकाश चंद ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार रात को बारिश के साथ चली तेज हवा से किसानों की मक्की की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इसके अलावा हवा के कारण किसानों के फलदार पेड़ों पर लगे फलों को भी तेज हवा से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से किसानों बागवानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने का आग्रह किया है।



वहीं, बड़सर विधानसभा का केंद्र बिंदु कहे जाने वाला ढटवाल में शुक्रवार रात को हुई भारी बरसात और तूफान ने किसानों की मक्की की फसल तबाह करके रख दी है। पहले किसान बारिश न होने पर सूखे की मार झेल रहे थे, लेकिन बारिश होने से किसानों को अच्छी फसल की आस जगी थी तो भारी बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार देर शाम क्षेत्र में हुई भारी बरिश और तूफान ने जो तबाही मचाई जिससे किसानों की खड़ी फसल तबाह हो गई है। किसानों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है मक्की की फसल बिजाई, फसल के लिए खाद तथा मक्की के बीज खरीद पर बैंक से कृषि ऋण भी ले रखा है ऐसे में उसकी भरपाई कैसे करेंगे। प्रदेश सरकार को चाहिए कि क्षेत्र के किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बैंक ऋण माफ करने की भी मांग की है।

## हैप्स हीरानगर में स्वास्तिवाचन से संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या शशि बाला व संस्कृत अध्यापक विनोद शर्मा, आशीष शर्मा, पूजा शर्मा व नीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शौर्य, तन्मय, अर्पित व दिव्यांश ने शंख ध्वनि के साथ-साथ स्वास्तिवाचन किया। छात्रों ने प्रार्थना आदेश, प्रार्थना व प्रतिज्ञा संस्कृत में की। युक्ति, ईशानवी, शानवी ने श्लोकोच्चारण, क्षीरिन ने भाषण व अंजलि, सुहानी ने संस्कृत गीतिका प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा में उपस्थित छात्रों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

### सहकारी सभा प्रबंधक समिति सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हिमकोफेड शिमला व जिला सहकारी संघ हमीरपुर के तत्वाधान में शनिवार को टौणी देवी ब्लॉक सहकारी सभाओं की प्रबंधक समिति सदस्यों को एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन टौणी देवी मंदिर परिसर में किया गया। इसमें 70 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। हिमकोफेड के प्रशिक्षक ने समिति सदस्यों को उनके अधिकार व कर्तव्यों के बारे जानकारी दी और बताया कि सभाओं को अब अपने व्यवसाय का विविधकरण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आने वाले प्रतिस्पर्धा के युग मे अगर सभाओं को अपना अस्तित्व बनाए रखना है तो उन्हें अपने आप को बदलना होगा।

**उपलब्धि** बिझड़ी में पांच करोड़ से बनकर तैयार हुआ पांच मंजिला आलीशान भवन

## अत्याधुनिक अग्निशमन भवन तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर उपमंडल में बिझड़ी स्थित कस्बे में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अग्निशमन भवन बनकर तैयार हो गया है। लगभग 5 करोड़ रुपए से निर्मित पांच मंजिला भवन पांच कनाल भूमि में बनाया गया है।

यह भवन पूरी तरह भूकंपरोधी है। इस भवन की मुख्य खासियत यह है कि गाड़ियों में पानी भरने के 3 टाइप सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिसमें बिग बोरिंग, बिजली की बड़ी-बड़ी मोटरों के माध्यम से एक लाख लीटर अंडरग्राउंड वॉटर टैंक, पेट्रोल से चलने वाले पोर्टेबल पंप। इस भवन की ग्राउंड फ्लोर पर फायर ब्रिगेड के तीन बड़े-बड़े वाहन पार्क करने की कैपेसिटी है। फर्स्ट फ्लोर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार की दूर संचार यंत्र स्थापित होंगे।



सेकंड फ्लोर में कार्यालय रिकॉर्ड रूम स्टोर रूम व वर्किंग रूम तथा ड्यूटी रूम होंगे। थर्ड फ्लोर में कर्मचारियों के लिए मैस डाइनिंग रूम तथा कर्मचारियों के लिए रेस्टरूम स्थापित किए जाएंगे। चौथी मंजिल में गेस्ट हाउस चौकी प्रभारी निवास होंगे।

पांचवीं मंजिल में एक बड़ा हाल, जिसमें कर्मचारियों के लिए वर्कशॉप तथा अन्य इसी प्रकार का बड़ा आयोजन किया जाना हो उसके लिए भी व्यवस्था की गई है। इस भवन का शिलान्यास 27 जनवरी 2023 को बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा किया गया था। इस भवन निर्माण में विधायक के प्रयास भी काफी सराहनीय रहे हैं। तभी रिकॉर्ड समय में भवन बनकर तैयार हुआ है। जिला अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र कुमार इस भवन का औचक निरीक्षण करने आए थे, जब उन्होंने ने भवन निर्माण कार्य देखा वे आश्चर्य चकित रह गए। उन्होंने फायर चौकी प्रभारी की कार्यशाली देखकर उनकी पीठ थपथपाई। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं फायर चौकी प्रभारी

**फायर** चौकी प्रभारी रत्न चंद शर्मा का कहना है अग्निशमन भवन बनकर तैयार हो गया है ,इसमें सिर्फ बिजली का ट्रांसफॉर्म लगना बाकी है। अक्तूबर 2024 तक मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एड्स नियंत्रण समिति शिमला 20 को करवाएगी मैराथन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला द्वारा जिले के विभिन्न 14 महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के सदस्यों की 20 अगस्त को सुबह मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विपिन ठाकुर ने बताया कि मैराथन का आयोजन लोगों में एड्स एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। यह मैराथन 20 अगस्त 2024 सुबह 8:00 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से होकर हरदासपुरा चौक से फिर वापिस मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय मे मेराथन समाप्त की जाएगी। इस मैराथन में विजय प्रतिभागियों-महिला और पुरुष अलग-अलग इनाम दिए जाएंगे

### सीमा कॉलेज में लगी राखियों की प्रदर्शनी



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के वाणिज्य विभाग के यंग एंटरप्रेन्योर क्लब द्वारा 16 व 17 अगस्त को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हाथ से तैयार की गई राखियों का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने इन राखियों की बड़े उत्साह से खरीददारी भी की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी विद्यार्थियों से राखी खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल सृजनात्मकता का विकास होता है बल्कि वे व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी सशक्त होते हैं। (अनंत ज्ञान)

### चिकित्सकों की सुरक्षा के नहीं पुख्ता इंतजाम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में कई जगहों पर राजकीय सेवाएं देने के लिए स्टाफ नर्सो और महिला चिकित्सकों एवं चिकित्सकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण एक खौफ का माहौल बन गया है। इससे उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। संघ की सरकार से मांग है की प्रदेश के समस्त हेल्थ प्रोफेशनल्स की सुरक्षा व्यवस्था और हेल्थ प्रोटेक्शन नियम शीघ्र लागू किए जाएं। हिमाचल में भी चिकित्सक कई संस्थानों पर दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं ,कई स्वास्थ्य संस्थान जहां रात्रि सेवाएं दी जाती हैं वह कोई भी चिकित्सक तैनात नहीं है तो इधर-उधर से डेपुटेशन करके जुगाड़ के सहारे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। वहीं कहीं जगह पर एक या दो चिकित्सक हैं। वहां यह तो एक-एक माह तक दिन-रात सेवाएं देना पड़ रही है या 15- 15 दिन दैनिक और 15 दिन रात्रि सेवाएं देना पड़ रही है । इस तरह से इन स्थानों में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के तहत पद ना बढ़ाने के चलते कई चिकित्सक गण और उनके परिवार मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे है अतः संघ की मांग है कि चिकित्सकों की ड्यूटी करने की अवधि निर्धारित की जाए और ऐसे संस्थानों को सुदृढ़ किया जाए।

### रिकांगपिओ में रेड रन मैराथन रैली का आयोजन

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर मुख्यालय में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचआईवी/ एड्स से संबंधित जागरूकता हेतु रेड रन मैराथन रैली का आयोजन किया गया जिसे उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली मुख्य बाजार रिकांगपिओ से लेकर तेलंगी तक आयोजित की गई। इस मैराथन रैली में आईटीआई के प्रशिक्षुओं , जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं, टीएस नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ के छात्र - छात्राओं सहित रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टीएस नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ की छात्रा सावित्री ने प्रथम, सनेहा ने द्वितीय तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में पुरुष वर्ग में आईटीआई रिकांगपिओ के प्रशिक्षु दीक्षित ने प्रथम, ओम प्रकाश ने द्वितीय व आईटीआई रिकांगपिओ के अमनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मणिमहेश यात्रा : श्रद्धालुओं से रजिस्ट्रेशन फीस लेने के निर्णय पर भरमौर में बवाल

**ओपी शर्मा, चंबा**

मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से वसूले जाने वाले रजिस्ट्रेशन फीस को लेकर यहां के बुद्धिजीवियों ने कडा ऐतराज जताया है। धार्मिक यात्रा पर श्रद्धालुओं से इस तरह की रजिस्ट्रेशन फीस लेने की यहां के नेताओं को बुद्धिजीवी ने घोर निंदा की है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता जियालाल कपूर ने इसे जजिया कर करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार व प्रशासन तुरंत इस जजिया कर की अधिसूचना को वापस ले।

जानकारी के अनुसार पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान इस वर्ष आने वाले श्रद्धालुओं से रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर 20 रुपए लिए जाएंगे। इसके लिए बाकायदा प्रशासन की ओर से टेंडर भी कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से बताया जा रहा है कि यह शुल्क रजिस्ट्रेशन के तौर पर लिया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं की गिनती भी हो जाएगी और ट्रस्ट की आय भी बढ़ेगी और श्रद्धालुओं, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। हालांकि इससे पहले भी इस तरह की रजिस्ट्रेशन फीस लेने के लिए काउंटर वगैरा लगाए जाते थे, लेकिन लोगों के दबाव के चलते प्रशासन को इस निर्णय को वापस लेना पड़ा था, लेकिन वर्ष 2024 में होने वाली मणिमहेश यात्रा के दौरान हर श्रद्धालु से 20 बतौर रजिस्ट्रेशन शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है।

वहीं भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक जियालाल कपूर ने इसे सरासर गलत करार दिया है। इससे पहले भी मणिमहेश यात्रा होती रही है। इस तरह का श्रद्धालुओं से टैक्स वसूलना सरासर गलत है। जब वह विधायक थे तो उन्होंने इस तरह के निर्णय को वापस लिया था और तब भी मणिमहेश यात्रा का संचालन सफलतापूर्वक किया था। इस तरह की व्यवस्थाओं के चलते मणिमहेश की यात्रा पर इसका उलटा असर पड़ सकता है । सरकार व प्रशासन इस निर्णय को तुरंत से तुरंत वापस ले। इससे प्राप्त होने वाली आय को भी सार्वजनिक करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### पार्किंग का टेंडर करना भी सरासर गलत : जियालाल कपूर



पूर्व विधायक जिया लाल कपूर ने कहा है कि मनीमहेश यात्रा के दौरान यहां पर बने टैक्सी स्टैंड का टेंडर करना भी सरासर गलत है। बस स्टैंड के साथ ही बने टैक्सी स्टैंड का टेंडर करने से यहां पर आए दिन जाम लग रहा है। टैक्सी स्टैंड का टेंडर करने के बाद यहां पर टैक्सी ड्राइवर वह भी पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं और उनको भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि यहां पर गाड़ी की पार्किंग करने के 6 घंटे के 80 रुपए लिए जा रहे हैं जो की बहुत ही ज्यादा है। लिहाजा एक दिन गाड़ी पार्क करने के 320 रुपए लिए जा रहे हैं । उन्होंने प्रशासन के इस निर्णय को सरेआम लूट करार दिया है। उन्होंने जल्द से जल्द इस निर्णय को वापस लेने की सरकार से अपील की है

### प्रशासन का निर्णय गलत : भरमौरी



पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने कहा है कि इस तरह का प्रशासन का निर्णय सरासर गलत है। इससे पहले भी इस तरह का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जाता था। यहां पर प्रशासन की इस तरह की मनमानी निंदनीय है । यात्रियों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर शुल्क लेना सरासर गलत है।

### मणिमहेश ट्रस्ट की बढ़ेगी आय : एडीएम

इस विषय पर कार्यकारी एडीएम परमार कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं से बतौर रजिस्ट्रेशन फीस 20 लेने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा है इससे श्रद्धालुओं को और अच्छी सुविधा मुहैया करवाने में मदद मिलेगी तो वहीं पर श्रद्धालुओं की अच्छी तरह से गिनती भी हो जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस निर्णय के बाद मणिमहेश ट्रस्ट की आय भी बढ़ेगी।

# वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा पर लोगों को किया जागरूक



जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद स्थानीय लोग व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आज संस्था के सचिव जीत कुमार ने ब्लॉक भटियात की ग्राम पंचायत खरगट की जनता के साथ वित्तीत साक्षरता और साइबर सुरक्षा के ऊपर जानकारी साझा की।

जीत कुमार ने कहा कि वित्तीय साक्षरता का अर्थ है पैसे के बारे में स्मार्ट निर्णय लेने के लिए ज्ञान और कौशल होना। इसमें आपकी आय, खर्च, बचत, निवेश और ऋण का प्रबंधन करना शामिल है। वित्तीय रूप से साक्षर होने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने और वित्तीय समस्याओं से बचने में मदद मिलती है।

'वित्तीय शिक्षा' से हमारे विचारों में बदलाव आएगा, जिससे हमारे काम बदल जाएंगे और जब हमारे काम बदल जायेंगे तब हमारे परिणाम भी बदल जाएंगे।

### गोपनीय डॉक्यूमेंट्स अनजान व्यक्ति के साथ न करें साझा

साथ में उन्होंने साइबर सुरक्षा के बारे में भी लोगों को अवगत करवाया। जीत कुमार ने कहा कि आज कल दौर बदल चुका है हमारे साथ चोरी ठगी और हमला आधुनिक युग में हैकर का रूप लें चुके है किसी भी तरह की अनजान व्यक्ति द्वारा मांगे गए किसी भी गोपनीय डॉक्यूमेंट्स अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करे, इससे हमें काफी तरह के नुक्सान हो सकते है और इस से किस तरह बचे इस बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

## डॉ. विपिन ने प्रतिभागियों से लिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉक्टर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा, मुख्यचिकित्सा अधिकारी चम्बा के सभागार में 12 अगस्त से 17 अगस्तत क चलने वाले 6 दिवसीय प्रशामक देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपिन ठाकुर की उपस्थिति में किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों से 6 दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की फीडबैक लेते हुए प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया और उन्हें ब्लॉक ट्रैनर के रूप प्रमाण पत्र वितरित करके सम्मानित किया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज भी प्रशिक्षक टीम स्वास्थ्य शिक्षिका निर्मला ठाकुर, सीएचओ सीनाक्षी मांडला एवं जतिन कुमार के साथ उपस्थित रहे।

# ब्रह्मानंद ठाकुर ने शिक्षा मंत्री को स्कूलों के रिक्त पदों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात करके भरमौर के मुद्दों पर बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने स्कूलों में चल रहे रिक्त पदों को लेकर शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया और विधानसभा क्षेत्र भरमौर के स्कूलों में आ रही कर्मियों को दूर करने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने भी उनकी मांगों पर गौर करने व उनका तुरंत समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर उन्होंने मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल से भी मुलाकात की और विधानसभा क्षेत्र भरमौर के विकास को लेकर बातचीत की।





शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते ब्रह्मानंद व अन्य तथा (नीचे) मौजूद अन्य गणमान्य।

इस मौके पर युवा कांग्रेस भरमौर के अध्यक्ष श्याम ठाकुर भी मौजूद रहे। इस मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने शिक्षा मंत्री से जल्द से जल्द विधानसभा क्षेत्र भरमौर में राजीव गांधी डे बोल्डिंग स्कूल शुरू करने की मांग की। इस पर शिक्षा मंत्री ने विभाग को जल्द से जल्द एफसीए क्लियर करने के आदेश दिए और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द यहां पर स्कूल शुरू कर दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री की चंबा दौरे के दौरान ब्रह्मानंद ठाकुर ने शिक्षा मंत्री से जल्द विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने का न्योता दिया। इस पर शिक्षा मंत्री ने उन्हें एक दो महीने के भीतर भरमौर व होली दौरा करने का आश्वासन भी दिया है।

### सीएचसी होली में स्टाफ की कमी पर की चर्चा

शिक्षा मंत्री के चंबा दौरे के दौरान भरमौर के प्रतिनिधिमंडल ने ब्रह्मानंद की अगुवाई में होली सीएचसी में चल रही डॉक्टर व स्टाफ की कमी और होली उतराला सड़क के निर्माण को लेकर लंबी चर्चा की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री व मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने इस मुद्दे को संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री के सामने रखने का आश्वासन भी उन्हें दिया है।

# एलईडी लाइट चुराने के आरोप में 3 काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना**



लाइट चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक।

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रामपुर पुल को भी प्रशासन द्वारा तीन रंगों की एलईडी लगाकर सजाया गया था। जिस पर पुलिस ने भी 14 ओर 15 अगस्त की रात को एक पुलिस टीम पैट्रोलिंग हेतु लगा रखी थी, परंतु चोरों ने पुलिस के वापिस थाना जाते ही एलईडी लाइटों पर हाथ साफ़ करना शुरू कर दिया। कुछ लाइटों का पल भर बंद होना शुरू हुआ तो संबंधित ठेकेदार तथा वहां पर नियुक्त किए गए चौकीदारों को इसकी भनक लगी और एलईडी लाइट को चोरी कर रहे तीन युवकों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

हरोली पुलिस ने मौका पर पहुंचकर तीनों युवकों से पूछताछ की तथा बाद में उनको गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उनसे चोरी की हुई 4 लाइट रिकवर कर ली हैं। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। तीनों में एक नाबालिक युवक भी है जिसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के पास पेश किया जा रहा है। पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार ने अभियोग दर्ज होने और 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने और नाबालिग को सरंक्षण में लेने बारे पुष्टि की है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि तीनों आरोपी रामपुर के नजदीक ही प्राइवेट क्वार्टर लेकर अपने परिवारों के साथ मिलकर रहते हैं तथा तीनों मिलकर एक बाइक पर लाइट चुराने हेतु रामपुर पुल पर पहुंचे थे। पुलिस ने आरोपियों की बाइक को भी कब्जा में ले लिया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुलेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल निवासी गांव उदयपुर डा व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश उम्र 21 साल, संतोष पुत्र चंद्रपाल निवासी गांव उदयपुर डा. व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश उम्र 19 साल नाबालिग बिहार का रहने वाला है।

# बूथ लेवल अधिकारियों के लिए करवाई प्रशिक्षण कार्यशाला



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) चंबा अरुण शर्मा ने की। प्रशिक्षण कार्यशाला में चंबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों को एसडीएम चंबा द्वारा मतदाता सत्यापन प्रक्रिया बारे प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने बताया कि आगामी 20 अगस्त से 8 सितंबर तक चंबा विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा जिसके तहत छूटे मतदाताओं, योग्य व संभावित मतदाताओं की पहचान की जाएगी। इसके लिए अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2025 है। इस अभियान में बहु पंजीकृत, मृत, स्थाई स्थानांतरित मतदाताओं की भी पहचान की जाएगी।

# विधायक विवेक ने पेयजल उठाऊ परियोजना का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ में पानी की समस्या को दूर करने के लिए आज विधायक विवेक शर्मा ने अप्पर बसाल में 2 करोड़ 21 लाख से बनी जल उठाऊ परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुटलैहड़ में पिछले कई सालों से लोगों को पानी की समस्या है इस समस्या को ध्यान में रखते हुए हमने चुनावो के समय लोगों से वादा किया था कि हम कुटलैहड़ में पानी की समस्या को समाप्त कर देंगे।

अपने वादे को पूरा करते हुए हमने दो महीने के अंतराल में ही दो जल उठाऊ परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि अप्पर बसाल जल उठाऊ परियोजना से लगभग 6 हजार आबादी को लाभ होगा यह परियोजना इस क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर सिद्ध होगी और आने वाले समय में 46 करोड़ और 18 करोड़ की दो और जल उठाऊ परियोजनाएं लगने जा रही हैं। जिससे लोगों के घरों के साथ-साथ खेतों में भी पानी की व्यवस्था की जाएगी ।




विधायक विवेक शर्मा पेयजल उठाऊ परियोजना का उद्घाटन करते हुए।

उन्होंने कहा कि आने वाले 3 साल में कुटलैहड़ में पानी की समस्या को समाप्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव देशराज गौतम, बीडीसी सदस्य सुमित कुमार, सुरेश शर्मा ,पवन कुमार,महेंद्र सिंह, कुलदीप, मुकेश, मान सिंह,अशोक ,कश्मीरी लाल, नरेश आदि उपस्थित रहे।

## सूडोकु 0029

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 अगस्त, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** त्रयोदशी : (5:53): **नक्षत्र :** उत्तराषढ़ा (10:15), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** आयुष्मान (7:50) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:50), **राहुकाल** (5:18 -6:57) ।

### विशेष दिन

- 18 अगस्त 2024 : शिव पवित्रारोपण आज।
- 19 अगस्त 2024 : रक्षा बंधन कल।

**मेष:** आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**वृषभ:** नौकरी में भाग्योन्नति के योग बन रहे हैं। संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी। धन लाभ होगा। साझेदारी संभल कर करें।

**मिथुन:** कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क:** जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर है। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**सिंह:** अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। व्यावसायिक नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या:** परिजनों के साथ तीर्थाटन संभव है। बाहरी जनों से सहयोग मिलेगा। मनवांछित कार्य की सिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा। मस्तिष्क पीड़ा संभव है।

**तुला:** आपके व्यवहार के कारण लोग आपकी तारीफ करेंगे। वाहन-मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। गलत मार्ग पर जाकर जोखिम न लें।

**वृश्चिक:** संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। प्रशासन से सहयोग मिलेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**धनु :** निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यावसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। विवाद न करें। यश कीर्ति में वृध्दि होगी।

**मकर:** घर के काम काज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा।

**कुंभ:** आप बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं। निर्णय लेने में कमजोर रहेंगे। आपका मन अत्यंत चंचल है। दूसरों के झंझटों में न पड़ें। शरीर सुस्त रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मीन:** आकस्मिक धन लाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता तबीयत खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। आज कलम व कुमकुम जरूर खरीदें।

# अंधाधुंध कटान में सरकार माफिया के साथ : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बंज़ार में सैकड़ों की संख्या में हरे पेड़ों को काटने में मामले में सरकारी संरक्षण का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जवाब मांगा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर तरह के माफिया सक्रिय हैं लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। एक तरफ देश में वनाच्छादित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार अभियान चला रही हैं दूसरी तरफ़ प्रकृति प्रदत्त जीवन देने वाले हरे-भरे पेड़ हिमाचल प्रदेश में सैकड़ों की संख्या में काटे और बेचे जा रहे हैं। बार-बार स्थानीय लोगों द्वारा आवाज उठाने के बाद भी वन विभाग और प्रशासन अनजान बना हुआ है।

आम लोगों के अलावा स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी के बार-बार आवाज उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह साफ़ है कि वन माफिया पर सरकार में बैठे ताकतवर लोगों का हाथ है। इसलिए यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। मुख्यमंत्री यह बताएं कि इस तरह से माफिया को संरक्षण कौन दे रहा है। जो लोग इस खेल में शामिल हैं उन पर क्या कार्रवाई की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन में माफिया राज चल रहा है कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं।

खनन माफिया से लेकर, स्क्रैप माफिया और वन माफिया का बोलबाला है। खनन माफिया पुलिस टीम पर हमला कर देता है तो वन माफिया वन विभाग की टीम पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करता है।

# सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की राष्ट्रीय बैठक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा एवं सह प्रभारी संजय टंडन ने राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया।

इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर भी उपस्थित रहे। इस बैठक के उपरांत जल्द ही पूरे देश में और हिमाचल प्रदेश में भाजपा का महा सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



बैठक में मौजूद गणमान्य।

## रामपुर में बादल फटने पर डीसी और एसपी ने लिया स्थिति का जायजा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



जायजा लेते हुए डीसी व एसपी और अन्य।

रामपुर के तकलेच पंचायत के अंतर्गत डमराली में बादल फटने की घटना हुई है। देर रात उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी नोगली पहुंचे। यहां पर उपायुक्त ने डमराली में फटे बादल से नाले में बढ़े पानी की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि इस घटना से अभी तक जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

जिला प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। डमराली और तकलेच के कारण देर शाम को भारी बारिश हुई। जिस कारण तकलेच के ऊपर वाले हिस्से डमराली में बादल फटने से पानी का भारी सैलाब साथ लगते नाले में आ गया। जिस वक्त यह सैलाब आया तकलेच वासियों ने इस नाले की गड़गड़ाहट साफ सुनी। लोग घरों से बाहर निकल गए। एसडीएम निशांत तोमर ने बताया कि मौके पर टीम नहीं पहुंच पाई है क्योंकि एक जगह से सड़क टूट गई है।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन रहेगा जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



लोगों से बातचीत करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप एवं पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने रामपुर क्षेत्र के समेज गांव पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों के साथ बैठक की। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने डीसी एसपी को आपदा प्रभावितों को प्रदान की गई राहत सामग्रियों एवं क्षेत्र में किए गए राहत कार्यों से अवगत करवाया।

अनुपम कश्यप ने स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि समेज गांव में भारी आपदा में बहे लोगों को ढूंढने के लिए बचाव दलों का सर्च ऑपरेशन चरणबद्ध तरीके से चालू रहेगा। बचाव दलों का यह सर्च ऑपरेशन लगभग 85 किलोमीटर में चला है। उन्होंने कहा कि समेज क्षेत्र के अतिरिक्त सुन्नी क्षेत्र में भी लोगों को ढूंढने के लिए यह सर्च ऑपरेशन आगामी आदेशों तक जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सड़कों तथा अन्य परियोजनाओं की बहाली कार्य भी निरंतर चालू है ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान की जा सके।

### डीसी व एसपी पहुंचे समेज, बाढ़ प्रभावितों के साथ की बैठक

इस दौरान सभी टीमों के अधिकारिओं ने सर्च ऑपरेशन से सम्बंधित विस्तृत जानकारी लोगों को दी। बैठक से पूर्व उन्होंने समेज गांव तथा स्कूल भवन में हुए नुकसान का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर, डीएसपी नरेश शर्मा, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, पुलिस, आर्मी, एनडीआरएफ, होमगार्ड के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

संसार के प्रवाह को स्वीकार करने से इंकार करना ही सभी दुखों की जड़ है। -देवदत्त पटनायक

## संपादकीय

# लाल लकीर का चक्कर खत्म

हिमाचल में लाल लकीर का चक्कर अब खत्म हो जाएगा। लोगों को आबादी देह अथवा लाल लकीर में संपत्तियों के मालिकाना हक प्रदान किए जाएंगे। सीएम सुक्खू ने राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना का शुभारंभ हमीरपुर से कर दिया है। पात्र लोगों को बकायदा संपत्ति के कार्ड भी वितरित कर दिए हैं। धीरे-धीरे यह योजना पूरे प्रदेश में लागू होगी। निश्चित रूप से इस योजना का लाभ लोगों को मिलेगा, क्योंकि सबसे ज्यादा भूमि विवाद लाल लकीर को लेकर ही होते हैं। यह ऐसी जमीन होती है, जिस पर सरकार या विभाग चाहकर भी कोई विकास कार्य नहीं करवा पाता, लेकिन जब सरकार खुद मालिकाल हक दे रही है तो इससे विकास के नए आयाम भी जरूर जुड़ेंगे। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को राजस्व विभाग की बैठक में कई त्रुटियां नजर आई थीं और जिसके चलते सरकार ने लोगों की सहूलियत के लिए कई पुराने कानूनों में बदलाव किया।

पिछले छह महीने में एक लाख 57 हजार इंतकाल हो चुके हैं और यह सब राजस्व कानूनों के बदलाव के बाद ही संभव हो सका है। हालांकि इस विभाग में अभी और बदलाव करने की आवश्यकता है। जिस हिसाब से सुक्खू सरकार राजस्व कानूनों में संशोधन कर रही है, उसे देखते हुए लग रहा है कि वह अपने मिशन में जरूर कामयाब होगी। आम तौर पर प्रॉपर्टी खरीदने से पहले हर व्यक्ति अपने स्तर पर छानबीन करता है कि जो प्रॉपर्टी वह खरीदने जा रहा है, कहीं उसमें कोई धोखाधड़ी वाली बात तो नहीं है। लोग घर या फ्लैट लेने से पूर्व अपनी पूरी तसल्ली करते हैं। इसके बाद ही किसी प्रॉपर्टी की खरीद के लिए हाथ डालते हैं। ऐसे में जब भी लाल लकीर, जिसे लाल डोरा प्रॉपर्टी भी कहा जाता है, उसे खरीदने की बात आती है तो लोगों के कान खड़े होना स्वाभाविक है, क्योंकि इस तरह की प्रॉपर्टी में कई पेंच फंसे होते हैं। हालांकि, लाल लकीर प्रॉपर्टी बहुत सस्ती होती है, फिर भी ग्राहक इसे खरीदने से हिचकिचाते हैं। दरअसल, लाल डोरा या लाल लकीर सिस्टम अंग्रेजों ने सन 1908 में शुरू किया था। लाल लकीर हर गांव में ऐसी भूमि होती है, जिसका कोई राजस्व रिकॉर्ड नहीं होता।

आमतौर पर यहां लोग रहने और गैर कृषि उद्देश्यों के लिए उसका इस्तेमाल करते हैं। उस समय गांवों में आवासीय तथा खेती की जमीन के अलावा जो भूमि होती थी, नक्शे पर उस भूमि को लाल लकीर खींचकर अलग दिखाया जाता था, जो जमीन इस लाल लकीर के दायरे में होती थी, उसे लाल डोरा कहा जाने लगा। हाल ही में हरियाणा के शहरों को लाल डोरा से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार सर्वे कराकर सपंत्ति मालिकों के नाम रजिस्ट्री करा रही है। हरियाणा की तर्ज पर अब हिमाचल में भी लाल लकीर का लफड़ा खत्म होने वाला है। लाल लकीर के तहत आने वाली जमीनों को निर्माण कार्य के लिए नगरपालिका या परिषद तथा वन संबंधित प्राधिकरण से जुड़े नियमों में छूट रहती है। ऐसे में आप बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण कर सकते हैं। लाल लकीर के तहत आने वाली जमीन या मकान, रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी की तुलना में काफी सस्ती होते हैं। यही वजह है कि यहां लोग मकान, फ्लैट खरीदने की सोचते हैं। लाल लकीर इलाके में स्थित प्रॉपर्टी पर हाउस टैक्स देने की जरूरत भी नहीं होती है। दूसरी तरफ इसका सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि रजिस्ट्री नहीं होने के कारण लोग लाल लकीर की जमीन खरीदने से घबराते हैं। यही नहीं, लाल लकीर प्रॉपर्टी पर बैंक लोन भी नहीं मिलता है।

लाल लकीर में लोगों की संपत्तियों के मालिकाना हक के लिए प्रदेश सरकार ने आबादी देह विधेयक 2021 के तहत हमीरपुर में पायलट आधार पर स्वामित्व योजना शुरू की थी। इस योजना के शुरू होने से लोगों को तहसील में इंतकाल आदि चढ़ाने से छुटकारा मिलेगा। लोगों को डिजिटल रिकार्ड के बदले प्रॉपर्टी कार्ड दिए जाएंगे, जो कि आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से अटैच होंगे। यानी लोग अब ऐसी प्रॉपर्टी के कार्ड को दिखाकर बैंकों से लोन ले सकेंगे। बैंक को भी प्रॉपर्टी कार्ड की डिटेल से संपत्ति का पूरा ब्यौरा मिल जाएगा। इसके अलावा पंचायतों को भी गांवों में विकासात्मक कार्य करने में बल मिलेगा। सरकार इसके बाद लैंड रेवेन्यू मैनुअल में बदलाव की ओर अग्रसर होना चाहती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जनहित में लिए जाने वाले निर्णयों का लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा। ■

# कार्यस्थल ही असुरक्षित हों तो कैसे बढ़ेगा कार्यबल ?

वैश्विक स्तर पर भारत अपनी अलग छवि का निर्माण करने में काफी हद तक कामयाब हो चुका है। इस कारण यह कहना अनुचित नहीं होगा कि 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में यही कामयाबी भारत के लिए सहायक सिद्ध होगी। भारत दिन-प्रतिदिन कामयाबी की ओर सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ता जा रहा है, परंतु अभी भी कुछ अति महत्वपूर्ण विषय हैं, जो तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत देश के इन कदमों को पीछे धकेलने में लगे हुए हैं। इनमें एक प्रमुख विषय है 'महिलाओं की सुरक्षा' या यूं कहें तो महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध।

हमारे धर्म में हमें बचपन से सिखाया गया है, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता:' अर्थात जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं, बाबजूद इसके कई लोग महिलाओं के प्रति हिंसक प्रवृत्ति अपनाए हुए हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 साल की डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर जैसा घिनौना कुकृत्य, इस कथन का पूरक है कि भारत आजाद तो है, पर भारत की महिलाएं आज भी कहीं ना कहीं आजादी की महक से वंचित हैं। देश उन्नति के नए आयाम स्थापित करते जा रहा है तो दूसरी ओर महिलाओं का अपमान, उनके साथ बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य? यह दिन-प्रतिदिन एक संवेदनशील मुद्दा बनता जा रहा है। आज सब कुछ ठीक रहने की आशा से हम निश्चिंत हो जाते हैं, परंतु फिर कोई ऐसी घटना, ऐसा अपराध उजागर हो जाता है जिससे समूचे भारत का सर शर्म से झुक जाता है। आखिर कब महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी? महिलाओं के असुरक्षित वातावरण पर यदि एक नजर दौड़ाई जाए तो एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार हमें पता चलता है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ लगभग 445256 आपराधिक मामले दर्ज किए गए, यानी हर घंटे तकरीबन 51 एफआईआर।

इसके अलावा यदि आपराधिक दर की बात करें तो वह 66.4 थी। इसमें 31.4 प्रतिशत अपराध ऐसे हैं, जो महिलाओं के पति या उनके रिश्तेदारों द्वारा व्यवहार में लाए गए, जबकि 19.2 प्रतिशत अपराध ऐसे हैं जो महिलाओं के अपहरण से जुड़े हैं। 18.7 प्रतिशत अपराध महिलाओं पर उनके चरित्र अथवा शील भंग करने के इरादे से जुड़े हैं व 7.1 प्रतिशत बलात्कार जैसे आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा एनसीआरबी की ही रिपोर्ट अनुसार, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की संख्या 2022 में 422 तक पहुंच गई है, और यही संख्या 2018 में 402 पर थी। कहने का तात्पर्य यह है कि जो संख्या कम होनी चाहिए उसमें बढ़ोतरी देखने को मिली है। इन सारे आंकड़ों में यदि हम केवल महिलाओं के कार्यस्थल की बात करें तो 422 ऐसे मामले हैं, जो उजागर हुए हैं और न जाने ऐसे कितने मामले हैं जो किन्हीं कारणों से या तो दर्ज नहीं हुए या दर्ज किए नहीं गए? जब कार्यस्थल ही सुरक्षित नहीं होंगे तो महिलाओं के कार्यबल में इजाफा कहां से होगा? कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित आपराधिक मामलों में अनौपचारिक तौर पर यह जानकारी भी प्राप्त हुई कि जुलाई 2023 तक तकरीबन 700 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं और यह आंकड़े निश्चित ही बेहद चौंकाने वाले हैं।



लेखक : शिवालिक अवस्थी,
शिल्ला चौक, धर्मशाला

कार्यस्थल एक ऐसा स्थल होता है, जहां इंसान अपने मनोभाव को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने में सहज महसूस करता है और टीमवर्क द्वारा ज्यादातर कार्यों का समापन भी करता है, परंतु जब संबंधित टीम के सदस्य ही महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहेंगे तो महिलाओं द्वारा कार्यबल में बढ़ावा दिए जाने वाली योजनाओं को अमलीजामा पहनाना निरर्थक साबित हो जाएगा। कार्यबल के प्रति विश्व बैंक के अनुसार देश में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी तकरीबन 37 प्रतिशत है और यदि इसी कार्यबल की भागीदारी को 50 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए, तो देश की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की सालाना वृद्धि दर अतिरिक्त 1.5 प्रतिशत बढ़ने की संभावित राह आसान हो जाएगी। गणना के अनुसार तो यह देखने और कहने में बहुत आसान सा प्रतीत होता है परंतु क्या महिलाओं के कार्यबल को गति इतनी सरलता से प्रदान की जा सकेगी? नामुमकिन तो नहीं, लेकिन आसान भी नहीं।

एक तरफ कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षित है और दूसरी तरफ महिलाओं की सुरक्षा मुख्य चुनौती है। हालांकि शासन-प्रशासन ने इन अपराधों पर लगाम लगाने की पुरजोर कोशिश की है लेकिन कब किसके भीतर किसी के प्रति घृणित विचार उत्पन्न हो रहे हैं, जिस पर लगाम लगा पाना शासन-प्रशासन के हाथ में नहीं है। हां, कुछ हद तक यह कार्य समाज में रह रहे लोग जरूर कर सकते हैं। आइए समझते हैं कैसे? ज्यादातर मामलों में देखा जाता है कि अपराधी की गतिविधियों का उसके दोस्त, उसके सहकर्मी, उसके घरवाले या उसके पड़ोस वालों को अमूमन पता होता है। यदि किसी ऐसे व्यक्ति की मनोस्थिति को पहले ही भांप लिया जाए तो सतर्कता से अपराध को रोकने की पहल की जा सकती है। पुलिस या किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति तक अपराधी की मंशा उजागर कर, अपराध को अंजाम तक पहुंचाने में रोक लगाई जा सकती है। व्यवहारत: यह पहल कितनी कारगर सिद्ध होगी, कहना शायद मुश्किल हो, लेकिन इस बाबत एक प्रयास किया जा सकता है। दूसरा, समाज के हर नागरिक को स्वयंसेवक के रूप में आगे आकर अपराधों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी, जिससे हमारा देश आपराधिक गतिविधियों से सुरक्षित हो सके या आपराधिक गतिविधियों पर कुछ हद तक रोक लगाई जा सके। यह लड़ाई किसी ओर से नहीं बल्कि अपने ही समाज में पनप रही आपराधिक घटनाओं से है। हर छोटे अपराध को हमें मिलकर रोकना है और बलात्कार जैसे आपराधिक मामलों को रोकने में भी सामूहिक प्रयास ही कारगर साबित हो सकेंगे। जागरूकता जैसे अहम कदम भी इसमें शामिल किए जा सकते हैं।

रही बात कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा की तो कार्यालय के अधिकारियों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाया जाए। महिलाओं की शिकायतों का सही ढंग से निवारण किया जाए और कार्यालय में काम कर रहे अन्य सभी कर्मी महिलाओं के प्रति एक सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाना सीखें। यहां प्रकाश डालने योग्य बात यह है कि किसी भी प्रकार के आपराधिक मामले को रोकने के लिए महिलाओं को भी बढ़-चढ़कर इसका कड़ाई से विरोध कर आगे आना होगा। प्राय: देखा जाता है कि किसी भी तरह के अपराध का शिकार हुई महिला, उस अपराध के खिलाफ चुप्पी साध लेती है जबकि, वास्तव में यह वही समय होता है जब उन्हें स्वयं के लिए आवाज उठाकर समाज को महिला सशक्तिकरण का श्रेष्ठ उदाहरण पेश करना होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# देश में एक और हैवानियत, आखिर कब रुकेगी ?

बीते दिनों कोलकाता मेडिकल कॉलेज में जो घटना घटित हुई, वह केवल अपराध नहीं था, बल्कि हैवानियत और दरिंदगी थी। जहां पूरा देश आजादी का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था, वहीं एक वहशी दरिंदा ड्यूटी पर तैनात एक जूनियर डॉक्टर के साथ हैवानियत की सारी हदें पार करता हुआ अपनी मर्दानगी दिखा रहा था।

आज इस देश की प्रत्येक महिलाओं के मन में यह प्रश्न उभर कर सामने आ रहा है कि समाज का एक वर्ग कहता है लड़कियों को पूरे कपड़े पहनने चाहिएं, पर्दे में रहना चाहिए, रात को घर से बाहर सुनसान जगह पर अकेले नहीं जाना चाहिए। चलो मान लिया! लेकिन महिलाएं तो वहां पर भी सुरक्षित नहीं है, जहां पर वे काम करती हैं। उस महिला डॉक्टर की क्या गलती थी? वह नाइट शिफ्ट कर रही थी, थकी हारी कुछ देर के लिए आराम करने चली गई, क्या यह उसका कसूर था? एक रिपोर्ट के मुताबिक जब कोलकाता पुलिस ने अपराधी से पूछताछ की तो उसने तुरंत अपना गुनाह कबूल कर लिया बिना किसी अफसोस जाहिर किए, ऐसे मानसिक रोगी देश के लिए खतरा है और समाज के लिए एक कलंक। आज देश की करोड़ों महिलाएं ये पूछती है कि जो महिलाएं आपकी मां, बहन या बेटी नहीं हैं, वे क्या सिर्फ भोग की वस्तु हैं? उन्हें समाज में इज्जत या मानसिक सरंक्षण प्राप्त नहीं होगा?



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हिप्र

आजतक कभी भी किसी महिला के कारण पब्लिक प्लेस पर किसी पुरुष को असहज महसूस हुआ है? कभी किसी महिला ने पुरुष पर तेजाब फेंका या जिंदा जलाने की कोशिश की? बावजूद इसके अंगुली हमेशा औरत पर ही उठती है। जैसा कि उस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने भी कहा कि वह जूनियर डॉक्टर सेमिनार हॉल में गई क्यों? मतलब गलती उसी की थी।

शासन, प्रशासन, मेडिकल कॉलेज सब अपनी अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं, जिसके साथ इतनी हैवानियत हुई, उसके लिए अफसोस के अलावा और कुछ भी नहीं है, उसकी जिंदगी का कोई मोल नहीं है। उसके माता-पिता पर क्या गुजर रहीं होगी, यह किसी को कोई लेना-देना नहीं है। देशभर में लोग आवाज तो उठा ही रहे हैं लेकिन क्या सचमुच उस डॉक्टर को न्याय मिल पाएगा यह बताना मुश्किल है क्योंकि बहुत सारे मामले कोर्ट कचहरी में पहुंचते पहुंचते दम तोड़ जाते हैं। जब तक देश की बेटियां अपने ही देश में सुरक्षित महसूस न करें! आजादी का कोई मतलब नहीं यदि हमारी मानसिकता में परिवर्तन नहीं आया। महिलाओं को सांत्वना या अफसोस नहीं चाहिए अपनी सुरक्षा चाहिए। आज देश को एक ऐसे कानून की जरूरत है जिसमें लड़कियों के हक की सुनवाई हो।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## कविता

### चांद पर



राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार

*आओ बनाएं बस्तियां अब चांद पर,*
*खुद रहेंगी हस्तियां अब चांद पर।।*

*चांद को अब चांद न कह पाओगे,*
*बहुत लिख लीं मस्तियां अब चांद पर।।*

*दाग कह हमने किया है दागदार,*
*कर सही लो दुरुस्तियां अब चांद पर।।*

*हो सके तो लो खरीदो तुम भी यार।*
*हैं जमीनें सस्तियां अब चांद पर।।*

*अपनी हद में हम रहें या न रहें,*
*मिल करेंगे कुश्तियां अब चांद पर।।*

*मैनें तो कब का बना डाला महल,*
*क्या कसेंगे फब्तियां अब चांद पर।।*

# देश की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव

देश की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब छात्र संगठनों, स्कूल-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से युवा छात्र नेताओं की पौध नहीं तैयार होती है। आम युवा पीढ़ी की भी राजनीति में रुचि घटती जा रही है। यहां तक कि देश के आगे ले जाने के लिए होने वाली समसामयिक राजनीतिक चर्चाओं से भी ये दूर रहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस बात पर चिंता जता कर समाज को आइना दिखाने का काम किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख गैर-राजनीतिक युवाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में राजनीति में लाने का आह्वान किया। उनको लगता है कि ऐसा करने से जातिवाद और वंशवाद की राजनीति को खत्म करने में मदद मिलेगी। मोदी का यह कहना बिलकुल सही है कि यह युवा अपनी पसंद की किसी भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं, जरूरी नहीं कि कोई एक ही पार्टी हो।

पीएम मोदी को यह बात इसलिए कहना पड़ी क्योंकि आज का युवा राजनीति से विमुख हो रहा है। राजनीति के क्षेत्र में नए नवेले जन प्रतिनिधि आएंगे तो इससे निश्चित ही राजनीति का स्तर बढ़ेगा। वह लीक से हट कर राजनीति करेंगे। पीएम ने जो कहा है, संभवता देश की भी यही इच्छा है, क्योंकि वह भी परिवारवाद और वंशवाद की रानजीति से ऊब चुका है। ये वे युवा होंगे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं होगी। उनके (युवाओं के) माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची, भतीजे कभी भी किसी भी पीढ़ी में राजनीति में नहीं रहे होंगे तो ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की सोच भी अलग होगी। यह युवा चाहे पंचायत के लिए या फिर नगरपालिका, जिला परिषद या विधानसभा या लोकसभा के लिए चुनाव लड़े, इससे देश को ही फायदा होगा। सबसे बड़ी बात इससे जातिवाद और वंशवाद की राजनीति से छुटकारा मिलेगा।



लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

मौजूदा दौर में बड़े-बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं का जैसा व्यवहार दिख रहा है, जिस तरह की भाषा का वे इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे लगता नहीं कि यह नेता राष्ट्र के लिए सुचिंतित और परिपक्व भूमिका निभाने को तैयार हैं। चुनावी अभियान में तो भाषाई मर्यादाएं तार-तार होती ही रही हैं। लोकतंत्र के मंदिर में भी यही नजारा देखने को मिलता है। झूठ बोलना और जनता को बरगलाना-भड़काना तो राजनीति की एक जरूरत बन गया है। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाला राजनीतिक तंत्र जिस तरह चिंतन और सोच के स्तर पर निचले पायदान पर पहुंच गए हैं, उसकी वजह से यह मान लेने में कोई बुराई नहीं है कि राजनीति में अब सुचिता बेइमानी हो गई है। हमारे नेता यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि सियासी संग्राम में भाषाई परिपक्वता की कमी को अनदेखा करना चाहिए, लेकिन क्या व्यापक राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी चलताऊ और स्तरहीन रवैया अपनाया जाना चाहिए?

तमाम दलों के नेताओं का किसी घटना की निंदा या समर्थन अपनी राजनीति के हिसाब से करना या नहीं करना देश और समाज दोनों के लिए खतरनाक है। समाज के एक वर्ग के साथ अपना जुड़ाव दिखाना और दूसरे वर्ग को उपेक्षित रखना समृद्ध लोकतंत्र की निशानी नहीं है। इसका ताजा नजारा तब देखने को मिला, जब बांग्लादेश में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई शेख हसीना सरकार का सैन्य तख्तापलट हो गया। बांग्लादेश के घटनाक्रम के बाद विपक्षी खेमे में मोदी सरकार के खिलाफ बदजुबानी की जैसे प्रतियोगिता चल निकली। इसमें सबसे खतरनाक बयान उन नेताओं का था, जो कह रहे थे कि बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी हो सकते हैं। इन नेताओं का इशारा मोदी सरकार के साथ भी ऐसा ही घटनाक्रम होने का संकेत दे रहा था। सबसे पहले कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद का बयान आया। सलमान खुर्शीद ने कहा कि 'जो बांग्लादेश में हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है।' सलमान खुर्शीद न सिर्फ खानदानी नेता हैं, बल्कि विदेश मंत्री भी रह चुके हैं। इसलिए यह मानने में कोई हर्ज नहीं कि उन्हें कूटनीति की समझ नहीं है।

सलमान खुर्शीद के बयान को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके बाद तो ऐसे बयानों की बाढ़ ही आ गई। सलमान एक तरह से देश की मौजूदा सरकार को बदलने के लिए बांग्लादेश जैसी अराजक राह सुझा रहे थे। वह भारत के मौजूदा सरकार विरोधी मानस को संदेश दे रहे थे कि इसे भी इसी तरह हटाया जा सकता है। याद कीजिए मणिशंकर अय्यर को, वह पाकिस्तान जाकर वहां के लोगों से मोदी को सत्ता से हटाने में सहयोग की मांग कर चुके हैं।

सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने जो बयान दिया, वह भी राष्ट्र की सामूहिक भावना पर चोट करता है। उन्होंने कहा कि अपने तानाशाह को भी याद रखना चाहिए कि जनता ऐसे फैसला लेती है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने तो यहां तक कहा कि जो तानाशाही करेगा, उसे देश छोड़कर जाना होगा। कांग्रेस की प्रवक्ता रागिनी नायक तो मीम बनाकर प्रधानमंत्री मोदी को व्यंग्य में समझाने लगीं कि दोस्त यानी हसीना गईं, अब आप बचकर रहो। वह भूल गईं कि शेख हसीना प्रधानमंत्री मोदी की नहीं, भारत की दोस्त रही हैं। उन्हें लंबे वक्त तक शरण उनकी पार्टी की नेता इंदिरा गांधी ने भी दी थी। यह भी न भूलें कि हाल तक शेख हसीना सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी गर्मजोशी से मिलती रहीं थीं।

ये वे नेता हैं जो राजनीतिक रूप से मोदी और उनकी सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और जनता भी ऐसे नेताओं को अपना जनप्रतिनिधि चुनने से परहेज करती है, इसीलिये ऐसे तमाम नेता मीडिया या अन्य संचार माध्यमों के द्वारा विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोरने की साजिश रचते रहते हैं। ये नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए संवैधानिक सस्थाओं को भी निशाने पर लेने से परहेज नहीं करते हैं।

सबसे खतरनाक खेल यह चल रहा है कि यह लोग पहले तो सार्वजिनक रूप से विवादित बयान देते हैं और जब मानहानि के किसी केस में फंसते हैं तो चुपचाप माफी मांगकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्र भारत की पहली महिला राजदूत

**विजयलक्ष्मी** पंडित एक संपन्न, कुलीन घराने से ताल्लुक रखने वाली और पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। विजयलक्ष्मी पंडित ने भी देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में भाग लेने के कारण उन्हें जेल में बंद किया गया था। विजयलक्ष्मी एक पढ़ी-लिखी और प्रबुद्ध महिला थीं और विदेशों में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। भारत के राजनीतिक इतिहास में वह पहली महिला मंत्री थीं। संयुक्त राष्ट्र की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष भी वही थीं। वह स्वतंत्र भारत की पहली महिला राजदूत थीं, जिन्होंने मॉस्को, लंदन और वॉशिंगटन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी और देश की प्रमुख महिला नेत्रियों में से एक विजयलक्ष्मी पंडित का जन्म इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह पंडित मोतीलाल नेहरू की पुत्री तथा जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। उन्होंने गांधीजी के 'असहयोग आंदोलन' में भी भाग लिया। ■



**विजयलक्ष्मी पंडित**
**जन्म :** 18 अगस्त, 1900
**मृत्यु :** 1 दिसंबर, 1990

## मेरी कविता मेरी पहचान



डॉक्टर कौमार्या मनोज

*पिता हूं मैं, पिता हूं मैं।*
*सब कुछ चुपचाप सहता हूं।।*
*संघर्ष मेरा तेरी जीत हो।*
*उसके लिए हीं मरता हूं।।*
*रोता हूं मैं हंसता हूं मैं ।*
*बच्चों में ही बसता हूं मैं।।*
*खुद चाहे कोई तकलीफ हो।*
*बच्चों को नहीं हो पाएगा।।*
*उम्मीद से, उम्मीद है ।*
*सब कुछ सही हो जाएगा।*
*अपने सपने को मारता।*
*तब अपनों के पूरे करता हूं।।*
*पिता हूं मैं, पिता हूं मैं।*
*सब कुछ चुपचाप सहता हूं।।*

*संघर्ष मेरा तेरी जीत हो।*
*उसके लिए हीं मरता हूं।।*
*न ख्वाहीशें मेरी कोई ।*
*न सपना कुछ अपना मेरा।।*
*बच्चे ही सब कुछ हैं मेरे।*
*उनसे हीं सब कुछ है मेरा।।*
*वे जीत लें जीवन अगर ।*
*मैं जीत जाऊं जिंदगी।।*
*सब कुछ रहे अब ठीक सब।*
*रब से यही है बंदगी।।*
*संघर्ष मेरा तेरी जीत हो।*
*उसके लिए ही मरता हूं।।*
*पिता हूं मैं, पिता हूं मैं।*
*सब कुछ चुपचाप सहता हूं।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नशे के खात्मे के लिए पुलिस के साथ हम भी निभा सकते हैं बड़ी भूमिका

जिस नशे की समस्या ने वर्तमान में देश दुनिया को विचलित कर दिया है, तो वहीं नशे की समस्या मानों आज हर घर की समस्या बनती जा रही है। इस समस्या से देवभूमि हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं रह गया है। हमें आए दिन समाचार-पत्रों, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों से खबरें देखने एव सुनने को मिलती हैं कि आज इस क्षेत्र में इतने लाखों-करोड़ों की हेरोइन, अफीम, भांग कोकीन, चरस, गांजा, शराब इत्यादि बरामद हुई, तो वहीं हमें दिन प्रतिदिन नशे के सौदागरों और नशा करने वाले नशेड़ियों को जेल के सलाखों के पीछे पहुंचाने में हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा समय-समय अपनी अहम भूमिका निभाई जा रही है।

इसके लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस बधाई की पात्र है, जिन्होंने नशे के खात्मे के लिए और नशे के सौदागरों और नशा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने का भरकस प्रयत्न कर दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है, जिन नशे के सौदागरों का यह मालूम नहीं होता कि हमें पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर कितने वर्ष तक सलाखों के पीछे रहना पड़ेगा, अर्थात पूरा जीवन जेल में भी बिताना पड़ेगा, तो वहीं नशा करने वाले और नशे के सौदागरों को यह मालूम नहीं रहता कि पुलिस द्वारा आपकी हर गतिविधियों के लिए अनेक प्रकार की गुप्त सूचनाएं एकत्रित करके ही छापेमारी की जाती है। नशे के कारण घरों के इकलौते चिराग बुझ रहे हैं, जिसका एक कारण यह भी है कि उन तमाम युवाओं के प्रति उनकी देखरेख और दिनचर्या से मां बाप शुरुआती दौर से कहीं न कहीं बेखबर भी माने जाते हैं, तो वहीं युवा गलत संगत में रहकर नशे के जाल में फंसते जाते हैं।

नशे की आदतों के कारण आज का युवा चोरी, डकैती, मारपीट इत्यादि को अंजाम दे रहा है, जिसके कारण क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन मानों खौफ का माहौल पैदा होता जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हमें जानकारी अनुसार आभास होता है कि हम सभी ऐसे नशेड़ियों और नशे के सौदागरों की जानकारी समय रहते पुलिस विभाग को देनी चाहिए, जिसे पुलिस विभाग गुप्त रखता है और इन्हीं गुप्त जानकारियां के आधार पर पुलिस विभाग समय-समय पर नशा करने वाले और नशे के सौदागरों तक पहुंचने का भी प्रयास करती है, परंतु अधिकांश क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलता है, कि हमें नशे करने वाले और नशे के सौदागरों की अच्छी खासी जानकारी भी होती है, परंतु हम या तो डर के कारण या फिर अन्य की समस्या समझकर इस गंभीर विषय पर अपनी दिलचस्पी और समाजहित में आवाज बुलंद करने और पुलिस प्रशासन तक जानकारी साझा करने से गुरेज करते हैं, जिन महत्वपूर्ण जानकारियों के अभाव में न जाने दिन-प्रतिदिन कितने युवा एवं नशे के सौदागरों के हौसले बुलंद हो जाते हैं और कितने ही युवा नशे के इस्तेमाल से दिन प्रतिदिन अपनी जानें गंवा रहे हैं। इसलिए आज हम सभी को समय रहते नशे की इस समस्या को अपनी समस्या समझकर अपने क्षेत्र समाज के इर्द-गिर्द नशा करने वाले और नशे के सौदागरों की जानकारी समय रहते पुलिस प्रशासन तक हिम्मत और जागरूकता के साथ देने का परिचय जरूर देते रहें, क्योंकि आज जो समस्या हम दूसरे के घरों में देखते हैं, संभव है कि कभी न कभी ऐसी समस्या हमारे घरों में भी पैदा हो सकती है, अगर हम समय से अपने युवाओं एवं बच्चों पर सजगता एवं उनके दिनचर्या पर विशेष ध्यान नही देंगे तो। नशे से हमारा आने वाला भविष्य और युवा कहीं न कहीं दूर रहें और अन्य युवाओं को भी जागरूक करने का प्रयास करें, ऐसी नेक पहल और जागरूकता का परिचय शायद हमें देना चाहिए, शायद आपकी एक छोटी सी कोशिश और जागरूकता से किसी युवा का भविष्य और जीवन सुरक्षित हो जाए।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसलिए हमें आज से ही यह प्रतिज्ञा और जनहित में इच्छाशक्ति का परिचय देने का प्रयास करेंगे कि जब भी जहां भी इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी हम सभी तक पहुंचती है तो हम तुरंत अपने स्थानीय पुलिस, थाने या फिर जिला पुलिस मुख्यालय तक इस महत्वपूर्ण जानकारी को पुलिस के आला अधिकारी एवं कर्मचारियों तक जरूर साझा करेंगे, क्योंकि अमूमन देखने एवं सुनने को मिलता है कि पुलिस प्रशासन भी तभी नशा करने वाले और नशे के सौदागरों पर कहीं न कहीं पूर्णता रोक लगा सकती है, अगर समय-समय पर जनता इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारियां साझा करने का प्रयास एवं इच्छाशक्ति का परिचय देती रहगी तो, अन्यथा पुलिस प्रशासन को भी समय से इस प्रकार के नशे के बड़े बड़े कारोबारियों एवं नशा करने वाले युवाओं तक पहुंचने में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करते रहना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवेश ने नायब तहसीलदार हरोली का पदभार संभाला



**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रवेश कुमारी रतन जो विधानसभा चुनाव से पहले बंगाणा और देहरा में नायब तहसीलदार सेवाएं दे रही थीं, अब हरोली में उसी पद पर कार्य करेंगी। चुनाव से पहले सभी अधिकारियों के तबादले हुए थे, उसमें उन्होंने देहरा में कार्यभार संभाला था। शनिवार को उन्होंने बतौर नायब तहसीलदार हरोली तहसील में कार्यभार संभाल लिया है। पिछले सभी स्टेशनों पर उन्होंने अपनी उत्तम सेवाएं दी हैं।

### शिक्षा सुधार समिति ईसपुर को चेक किया भेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा सुधार समिति ईसपुर द्वारा स्थानीय मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवी सत्यव्रत डोगरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिक्षा सुधार समिति के सभी अध्यापकों और नजदीकी स्कूलों के बच्चों ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया। समिति के महासचिव सच्चा सिंह कंग ने बताया कि मुख्यातिथि ने शिक्षा सुधार समिति को 111 1 11 रुपए का चेक सहायता के तौर पर भेंट किया तथा भविष्य में भी योगदान देने की आश्वासन दिया। इस मौके पर डोगरा परिवार के सदस्य भी शामिल रहे। देवेंद्र डोगरा और धैर्य डोगरा ने समिति के कार्य की बहुत प्रशंसा की तथा हरसंभव सहयोग देने का बात कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान ईसपुर समिति के सदस्यों शिवकुमार, ओंकारनाथ वेद प्रकाश, सरवन कुमार, सेवा निवृत प्रधानाचार्य बीके शर्मा, अवधेश यादव उपस्थित रहे। अवधेश यादव ने भी समिति को सहायता के तौर पर 5100 दान स्वरूप दिए। समारोह का संचालन समिति के महासचिव तथा शिक्षाविद सुच्चा सिंह कंग ने की।

### उड़ान समूह करेगा छात्रवृत्ति टेस्ट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उड़ान समूह के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज ने बताया कि उड़ान द्वारा 15 सितंबर को वार्षिक मैथमेटिक्स एप्टीट्यूड टेस्ट 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह टेस्ट 10+1 कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए होगा जिन्होंने वित्त वर्ष 2023- 2024 में 10वीं कक्षा 85 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंकों के साथ पास की है अथवा गणित तथा विज्ञान विषय में कुल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों । इस टेस्ट में 50 प्रश्न गणित के, 30 प्रश्न सामान्य विज्ञान, 20 प्रश्न करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, खेल जगत और सामान्य विज्ञान के होंगे। कोई भी छात्र 17 अगस्त से 11 सितंबर के मध्य में गूगल फॉर्म के लिंक की सहायता इस टेस्ट में प्रतिस्पर्धा हेतु बिना किसी शुल्क के आवेदन कर प्रतिभागी बन सकता है । इस टेस्ट का आयोजन बीआरसीसी ऑफिस ऊना नजदीक ब्वॉय स्कूल ऊना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब, जिला ऊना तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा, जिला ऊना में होगा। इस टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 4100, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 3100 रुपए, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर 2100, पांचवां स्थान प्राप्त करने पर 1100 तथा 6 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक 500 रुपए का प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए चयनित होने के लिए टेस्ट में कम से कम 60 प्रतिशत अंक लेना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए आप दूरभाष संख्या 8511189178 अथवा 8580452234 पर संपर्क कर सकते हैं।

### करदाता संवाद अभियान के तहत अंब में लगी कार्यशाला



**विवेक शर्मा, अंब।** शुक्रवार को प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा अंब में करदाता संवाद अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर एसटीई विनोद डोगरा बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति हुए। उपस्थित करदाताओं को अंब सर्कल के एसीएसटीइ संजीव मेहरा, एसटीओ निर्देश चौहान व बलजीत सिंह ने जीएसटी, वैट, सीजीसीआर और एजीटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी कर कानून में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। इसमें व्यापारी भाइयों को अलग-अलग तरह के टैक्स से राहत मिली है। टैक्स अदायगी सरल हुई है। डोगरा ने बताया कि प्रदेश में वैट अभी तक पूर्ण रूप से खत्म नहीं है। व्यापारी भाइयों को चाहिए कि वे अपनी वैट की रिटर्न समय पर भरते रहें। उन्होंने कहा कि अगर व्यापारियों के मन में किसी भी तरह की शंका हो तो वे अपने सर्किल अधिकारी से मिलकर चर्चा कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने व्यापारियों को आ रही समस्याओं को सुना और उनके सवालों व शंकाओं के जवाब देकर उनका निवारण भी किया। कार्यक्रम में 100 के करीब व्यापारियों व टैक्स कंसल्टेंट्स ने भाग लेकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस दौरान एसीएसटीइ कपिल नाथ, चंद्र कांत, कमल ठाकुर, एसटीओ जय प्रकाश, विजय कुमार सुपरिंटेंडेंट मनजीत सैणी उपस्थित रहे।

### मानव सेवा समिति खुरवाई ने शुरू की एंबुलेंस सेवा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की मानव सेवा समिति खुरवाई द्वारा इलाके के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को एंबुलेंस की सुविधा मुहैया करवाने के लिए 15 अगस्त को श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाबा विष्णु देवानंद जी महाराज तथा कुटलैहड़ के भाजपा नेता पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो से शुभारंभ करवाया। समिति के अध्यक्ष शिव लाल शर्मा व समिति के सभी सदस्यों को एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मानव सेवा समिति खुरवाई को इस पुनीत कार्य के लिए 51 हजार की धनराशि निजी आय से मुहैया करवाते हुए कहा कि आज के समय में समझ सेवा समितियों द्वारा समाज के उत्थान के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं और उपमंडल बंगाणा के मानव सेवा समिति खुरवाई भी पीछे नहीं है। इस मौके पर समिति के सदस्य एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा, संतोष सैनी, योगराज योगी, लता महंत, पूर्व प्रधान जगदीश चंद, राजेंद्र मलांगड़, अरुण मनकोटिया, कर्नल तरसेम राणा, हुसन सिंह, सुनील बन्याल, डॉ. महेंद्र भारद्वाज, नसीब सिंह लंबरदार, शंकर दास, रामप्रकाश, संजीव बैंस, सुरेश कुमार, रमेश चंद, सूरम सिंह, ओम प्रकाश, वाल्मीकि, पंकज शर्मा, संजीव ठाकुर, जेसी कौशल, पॉल कौशल, सतीश कुमार आदि सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

### सदाशिव मंदिर में व्यवस्थाएं देश में अव्वल : अजय



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय ह्यूमन राइट यूथ विंग के राष्ट्रीय चेयरमैन अजय ठाकुर ने उपमंडल बंगाणा के सदाशिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने अजय ठाकुर को समानित किया। अजय ठाकुर ने धौमेश्वर मंदिर की व्यवस्था को देखकर मंदिर ट्रस्ट को बधाई दी। अजय ठाकुर ने कहा कि सदाशिव मंदिर में जो अथाह विकास हुआ है, यह प्रवीण शर्मा जो मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन हैं, उनकी दूरगामी सोच और मंदिर के प्रति श्रद्धा का फल है। अजय ठाकुर के साथ बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष और सदस्य भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में निकला काला पीलिया का मरीज



**सन्नी पुरी, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में सिविल अस्पताल गगरेट में एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राकेश कालिया ने किया। शिविर में आए अनुभवी डाक्टरों ने क्षय रोग, एचआईवी की जांच के साथ हेपेटाइटिस बी व सी की जांच के साथ मधुमेह व यौन संचारित रोगों की निशुल्क जांच की। शिविर में 221 मरीजों की निशुल्क जांच हुई जबकि 792 निशुल्क टेस्ट भी किए गए। शिविर में 31 मरीज उच्च रक्तचाप, सोलह मरीज मधुमेह व एक मरीज काला पीलिया का चिंहित किया गया। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि प्रदेश में लोगों को तब तक घातक बीमारी का पता ही नहीं चलता, जब तक बीमारी जानलेवा न हो जाए।

# जिले में चकाचक होगी पेयजल-सिंचाई और सीवरेज सुविधा

## जलशक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले में 1425 करोड़ रुपए से पेयजल-सिंचाई और सीवरेज सुविधा चकाचक होगी। इसमें करीब 975 करोड़ रुपए की लागत की 154 परियोजनाओं के काम तेज गति से चल रहे हैं, वहीं 450 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं के नए काम जल्द आरंभ होंगे। जलशक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने ऊना जिले का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। अंजू शर्मा ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में निर्माणाधीन प्रत्येक विकास परियोजना की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की और कार्यों को तेजी से पूरा करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान समेत विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रमुख अभियंता ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय का जिम्मा देख रहे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश में प्रत्येक जिले में पेयजल-सिंचाई और सीवरेज सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जलशक्ति विभाग ऊना जिले में बन रही विभिन्न परियोजनाओं के कार्य को समयबद्ध पूरा करने तथा आगे प्रस्तावित योजनाओं को जल्द से जल्द आरंभ करने के लिए प्रयासरत है।



जल शक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू, अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान तथा अन्य।

**975 करोड़ की परियोजनाओं के चल रहे काम, 450 करोड़ के नए काम जल्द होंगे आरंभ**

**विकास की तेज रफ्तार :** अंजू शर्मा ने बताया कि ऊना जिले में पेयजल सुविधा को बेहतर बनाने के लिए लगभग 498 करोड़ की 48 परियोजनाओं के काम चल रहे हैं।

इनमें 245 करोड़ रुपए खर्चे जा चुके हैं। वहीं, एडीबी के सहयोग से 140 करोड़ रुपए की लागत की पेयजल की 19 परियोजनाओं का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अमराली में 25 लाख लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक का बनाया जा रहा है। जिले में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के लिए 187.34 करोड़ की 61 परियोजनाओं के काम तेज गति से चल रहे हैं। इनमें अब तक 70 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। इसके अलावा 120 करोड़ रुपए की दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं बीत क्षेत्र और कुटलैहड़ चरण-दो केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि करीब 90 करोड़ रुपए व्यय करके भिबौर साहिब की लिफ्ट सिंचाई योजना के विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य प्रस्तावित है।

इसके अतिरिक्त 79.61 करोड़ रुपए से हरोली क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में उठाऊ सिंचाई परियोजना और 21.98 करोड़ रुपए की लागत से हरोली के पंडोगा क्षेत्र में उठाऊ सिंचाई परियोजना का कार्य प्रस्तावित है। बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत लठियाणी, बुढान और ढुंगली के विभिन्न गांवों के लिए गोविंद सागर झील से लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए 29.44 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। 23.13 करोड़ रुपए खर्च करके अंब क्षेत्र में 8 खड्डों - पलोह सूरी खड्ड, सूरी रपोह खड्ड, अंब टिल्ला खड्ड, रपोह खड्ड, जवार खड्ड, घुमन खड्ड, कुरलुही खड्ड और सोहारी टकोली खड्ड पर सिंचाई जल वितरण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा।

अंब गांव में कृषि भूमि, संपत्ति और आबादी की सुरक्षा के लिए बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर 7.30 करोड़ रुपए तथा गांव बदायूं में कृषि भूमि, संपत्ति और आबादी की सुरक्षा के लिए 4.66 करोड़ रुपए बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर व्यय किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 60.44 करोड़ रुपए लगात से जिले में 5 सीवरेज योजनाओं का काम किया जा रहा है। इनमें ऊना, संतोषगढ़, मैहतपुर, गगरेट और चिंतपूर्णी में सीवरेज प्रणाली का काम किया जा रहा है। अब तक इसमें 50.73 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। वहीं, 76.82 करोड़ रुपए की संतोषगढ़ शहर और आसपास के पांच गांव अजोली, सनोली, बीनेवाल पूना, माजरा और मलूकपुर में जल निकास प्रणाली का काम प्रस्तावित है। (अनंत ज्ञान)

### प्रमुख अभियंता ने किया फील्ड विजिट

बैठक के बाद अंजू शर्मा ने बाथू-बाथड़ी का दौरा कर वहां बीते रविवार आई बाढ़ से पेयजल योजना को हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पंजावर में 7.22 करोड़ रुपए से सरनाला के तटीकरण कार्य, अठवाईं में 3.35 करोड़ से खड्ड के तटीकरण और खड्ड गांव में 6.90 करोड़ से किए जा रहे तटीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पीजीआई सेटेलाइट सेंटर और बल्क ड्रग पार्क परियोजना के तहत बालीबाल में बन रहे प्रशासनिक भवन के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की परियोजनाओं की प्रगति भी देखी। उन्होंने रामपुर में 3.26 करोड़ से बन रहे जलशक्ति विभाग के सर्किल कार्यालय भवन तथा 6.21 करोड़ रुपए से हरोली में निर्माणाधीन विश्रामगृह के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पूबोवाल में 2 करोड़ रुपए की लागत से सरोवर के सौंदर्यकरण कार्य का जायजा भी लिया।

# पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक से रेप-मर्डर मामले में ऊना में विरोध-प्रदर्शन



ऊना क्षेत्रीय अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया तथा दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक से रेप मर्डर की घटना से उग्र भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय में मौन जलूस निकाल विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष बंदना योगी की अगुवाई में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सर्किट हाउस से हाथ में मोमबत्ती पकड़कर बस अड्डा परिसर तक जलूस निकाल अपना विरोध प्रकट किया गया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता के विरोध में महिला मोर्चा ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को जमकर निशाने पर लिया।

इस अवसर पर बंदना योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति हिंसा और अत्याचार हो रहे हैं, उसे देख ममता बनर्जी को किसी महिला की संज्ञा नहीं थी जा सकती। पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक से रेप मर्डर के बाद उसके मृत शरीर से को बर्बरता हुई है, यह शर्मसार कर देने वाली है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो हिमाचल के लोग पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार का विरोध करने पहुंच जाएंगे।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता के विरोध में आईएमए के आह्वान पर सरकारी अस्पतालों में जनरल ओपीडी बंद रही। इससे रूटीन रोगियों को परेशान होना पड़ाख लेकिन इमरजेंसी सेवाएं जारी रखी गईं।

### विपक्ष से समाजसेवा के लिए मुझे कोई प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं : भुट्टो

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजसेवा करने के लिए मुझे किसी से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। हम पहले भी समाजसेवा करते थे, अब भी कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।



कुटलैहड़ के विधायक अपने दो माह के कार्यकाल की उपलब्धियां बताएं। जिन योजनाओं के उद्घाटन कर रहे हैं, वे योजनाएं हमारे द्वारा लाई गई हैं। तीन माह विधायक के मुख्यमंत्री द्वारा मेरे हर कार्य हर बैंक खाते एवं सभी कार्यों की जांच की जा चुकी है। लेकिन जांच में न तो जांच एजिंसियो के हाथ कुछ लगा था। मेरे और मेरे बेटे पर चार झूठे मुकद्दमे बनाए थे। हमने कितना भ्रष्टाचार किया है, यह जनता जानती है।

### मुख्य अध्यापकों और प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची जारी करे सरकार : संघ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के राज्य विज्ञान अध्यापक संघ के प्रधान चंद्रकेश विधान का कहना है कि शिक्षा विभाग ने काफी समय से मुख्याध्यापक और प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची जारी नहीं की है। शिक्षा विभाग द्वारा पिछले वर्ष (2023) जुलाई माह में मुख्याध्यापकों की एक पदोन्नति सूची निकाली गई थी, उसके बाद मुख्याध्यापक पदोन्नति दिसंबर माह में सम्भावित थी और विद्यालयों से पात्र अध्यापकों क नाम भी मंगवा लिए थे, परंतु बाद में बिना किसी कारण के विभाग ने नाम भिजवाने की तिथि 20 जनवरी 2024 कर दी। तत्पश्चात 20 जनवरी 2024 से लेकर आजतक सूची निकालने के लिए कोई भी कार्रवाई अम्ल में नहीं लाई गई, जो कि 26000 प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों के साथ वेइंसाफी है।

प्रदेश में लगभग मुख्याध्यापकों के करीब 400 पद फिर रिक्त हो गए हैं। पदोन्नति के लिए प्रशिक्षित स्नातकों व पदोन्नत प्राध्यापकों से नाम विद्यालयों से मंगवाए जाते हैं। संघ की हमेशा से यह मांग भी रही है कि किसी भी वर्ग में जैसे ही पद रिक्त होता है, उसे तुरंत भरा जाना चाहिए या पदोन्नति सूचियां साल में दो बार निकलनी ही चाहिएं।

यह बात हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान चंद्र केश धीमान, प्रदेश महासचिव भीम सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान यशपाल,कार्यालय सचिव राकेश चौहान, प्रदेश वित्त सचिव संजीव कुमार, उपप्रधान निशिकांत, सलाहकार हरीश गुप्ता, राजीव राठौर, ओम प्रकाश धीमान, अमित गुप्ता, रजनीश कुमार, विपन सोहल, जोगिंद्र कौशल एवं समस्त प्रदेश सदस्य ने संयुक्त बयान में कही। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संघ को आशा है कि इस माह में होने वाली कैबिनेट बैठक और शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री सुक्खू दोनो वर्गों को पदोन्नति सूची जारी करने के लिए निर्णय ले लेंगे।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए करवाई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से चौथी के लिए 'कविता गायन प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवी से दसवीं के लिए 'वाद विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कविता गायन प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप की कक्षा प्रथम की तनिप साहू प्रथम, कक्षा दूसरी से देवांशी वशिष्ट प्रथम स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप कक्षा तीसरी की प्रियांशी शर्मा प्रथम, कक्षा चौथी से कीर्ति परमार, कन्वी प्रथम स्थान पर रहे।

वाद विवाद प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से त्रिनभ शर्मा प्रथम, मैंगो ग्रुप से गुरलीन कौर प्रथम स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन से रमनदीप कौर, गुंजन प्रथम स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा के साथ-साथ बुनियादी क्षमताओं का भी विकास करना है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों की तर्क-वितर्क और मौखिक अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है।



प्रतिभा को निखारने के लिए करवाई गई प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चे।

# ऊना-संतोषगढ़ मार्ग पर पुल धंसा, यातायात बंद





ऊना के समीप रामपुर का क्षतिग्रस्त पुल (दाएं) ऊना से टक्का रोड में बारिश के कारण ल्हासा सड़क पर आ गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में भारी बारिश के कारण जनजीवन एकदफा फिर से पटरी से उतरा है। शुक्रवार से लगातार हुई बारिश के कारण ऊना संतोषगढ़ मार्ग पर दशकों पुराना पुल धंस गया है। शनिवार तड़के इस धंसाव के कारण बाइक सवार दो किसान घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने के बाद तुरंत प्रशासन ने पुल पर आवाजाही रोक दी।

इसके अलावा भी जिले में महादेव मंदिर, टक्का मार्ग भी बंद रहा। लगातार हो रही बारिश से जिला में भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मुख्यालय के समीप रामपुर पुल धंस जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

जानकारी के मुताबिक जब बाइक सवार लोग हादसे का शिकार हुए तभी प्रशासन को सूचित किया गया जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर पुलिस और होमगार्ड के जवान भेज कर मार्ग को पूरी तरह बंद करवाया। संतोषगढ़ रोड के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग से यातायात को सुचारु करने का प्रयास किया गया, लेकिन तंग रास्तों के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

वहीं दूसरी तरफ ऐतिहासिक और प्राचीन महादेव मंदिर कोटला कलां डंगोली में एक बड़ा पेड़ गिरने के चलते रास्ता बंद हो गया है। एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि संतोषगढ़ मार्ग को प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया है, जबकि संतोषगढ़ रोड की सारी ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जा रहा है। टक्का मार्ग को भी बहाल कर दिया गया है।

### चिंतपूर्णी से दस वर्षीय बच्ची लापता

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी से एक दस वर्षीय बच्ची सोमवार से लापता हो गई है। स्थानीय अमोल कालिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छठी कक्षा की गुंजन नाम की यह लड़की घर से दुकान के लिए मैगी लाने के लिए निकली थी।



लड़की के पिता रणजीत कोरमोकार निवासी शिमला वाडी समाग्रा तहसील समोकटिया थाना अलीपुरद्वार जिला जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) जो सतपाल वाईपास रोड नजद ढेलु भवन चिंतपूर्णी में रहते हैं, ने बताया कि देर रात तक सब जगह तलाश करने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। डीएसपी ने बताया कि शुक्रवार को मामला दर्ज करके बच्ची की तलाश की जा रही है।

**आयोजन** सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत हिमकैप्स कॉलेज बढ़ेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम में उपायुक्त ने की शिरकत

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन की खास पहल 'सामर्थ्य' कार्यक्रम के तहत उपायुक्त जतिन लाल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने 'सामर्थ्य' कार्यक्रम के तहत हिमकैप्स कॉलेज बढ़ेड़ा में आयोजित मार्गदर्शन और काउंसिलिंग सत्र में कॉलेज के करीब 500 विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने को लेकर तैयारी के नजरिये से महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को विषय चयन, सिलेबस की जानकारी देने के अलावा उनसे अपने अनुभव साझा करते हुए मनोबल बढ़ाया। उपायुक्त ने युवाओं की परीक्षा से जुड़ी जिज्ञासाओं-शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने युवाओं से सफलता के लिए सही दिशा में, सही दृष्टिकोण से पूरे उत्साह के साथ लगातार समर्पित प्रयास जारी रखने का आह्वान किया ।



डीसी ऊना जतिन लाल हिमकैप्स संस्थान के प्रशिक्षुओं के साथ

कार्यक्रम के उपरांत जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिला प्रशासन सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत युवाओं एवं महिलाओं के कल्याण व उत्थान को लेकर मुख्यत: 6 घटकों पर काम कर रहा है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर युवाओं का मार्गदर्शन करना भी शामिल है। इसमें यूपीएससी, एचपीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने से जुड़े हर पहलू को लेकर युवाओं का मार्गदर्शन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमूमन देखा गया है कि युवाओं को इन परीक्षाओं को लेकर कई चीजों की जानकारी ही नहीं होती।

इसके चलते उन्हें कई तरह की दुविधाओं-दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। परीक्षा के विषयों से लेकर किताबों तक के बारे में सही जानकारी के अभाव में यहां वहां भटकना पड़ता है। हमारी कोशिश है कि उनकी समस्याएं सुनकर समाधान किया जाए। उनके वित्तीय दिक्कतों से लेकर मानसिक परेशानियों तक में मदद की जाए। इसके लिए सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रयास किए जा रहे हैं।

### गरीब बच्चियों को उच्च शिक्षा में 2 लाख तक की मदद

उपायुक्त ने सामर्थ्य कार्यक्रम के विषय में आगे बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद के साथ साथ इस कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की पात्र लड़कियों को उच्च शिक्षा में सहायता की पहल की गई है। इसमें जिला प्रशासन ने गरीब परिवारों की 25 जरूरतमंद लड़कियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का निर्णय लिया है। इसके लिए केवल वही लड़कियां पात्र होंगी, जिनके पिता गुजर गए हों या 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हों। आवेदक ऊना जिले की निवासी होनी चाहिए, उन्होंने किसी अन्य योजना का लाभ न लिया हो तथा उनके परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए या इससे कम होनी चाहिए। चयनित लड़कियों को उनकी डिग्री या उच्च शिक्षा के लिए 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पहले चरण में 25 लड़कियों का चयन उनके अंक और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में वित्तीय लाभ लेने के लिए पात्र लड़कियां उपायुक्त कार्यालय में 25 अगस्त तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन से संबंधित जानकारी उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 413 से प्राप्त की जा सकती है।



हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर को रंगमंच के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित करते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उनके साथ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों का अध्ययन अवकाश कोटा बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ (एचजीसीटीए), कुल्लू महाविद्यालय इकाई ने अध्ययन अवकाश के दौरान कर्मचारियों को वेतन का केवल 40 प्रतिशत भुगतान करने के सरकार के निर्णय का विरोध व्यक्त किया है। कुल्लू महाविद्यालय इकाई की अध्यक्षा डॉ. महि योगेश और महासचिव डॉ. हीरामणि ने कहा की शिक्षकों के शैक्षिक विकास से अंततः छात्रों को लाभ होगा। सरकार का ऐसा कदम शिक्षकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से हतोत्साहित करेगा। करियर में उन्नति एवं विभाग में विभिन्न पदोन्नति के लिए शिक्षकों के पास पीएचडी की डिग्री और शोध कार्य होना आवश्यक है। एचजीसीटीए कुल्लू महाविद्यालय इकाई कॉलेज कैडर के शिक्षकों के लिए अध्ययन अवकाश कोटा बढ़ाने और अध्ययन अवकाश की अवधि बढ़ाने की भी मांग करता है तथा सरकार से मांग करता है कि अध्ययन अवकाश के दौरान शिक्षकों को उनका पूरा वेतन देने की वर्तमान नीति को बनाए रखे।

### पैर फिसलने से नदी में गिरी महिला, तलाश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला के भुंतर स्थित जिया में गत रात करीब आठ बजे एक महिला पैर फिसलने से पार्वती नदी में गिर गई। परिजनों और पुलिस ने शनिवार को दिनभर महिला की तलाश की लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। महिला की तलाश में पुलिस की टीमों के साथ प्रशिक्षित राफ्टरों का भी सहयोग लिया गया। इसके लिए जिया से लेकर बजौरा तक तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने हादसे को लेकर केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। महिला की पहचान राजिया (35) पत्नी शौकत अली गांव जिया के रूप में हुई है।

### बिजली महादेव मंदिर क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिजली महादेव में पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्ज एंड रिटायर्ड एसोसिएशन द्वारा साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्ज एंड रिटायर्ड एसोसिएशन संस्था के करीब 12 सदस्यों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस दौरान संस्था के सभी सदस्यों ने बिजली महादेव परिसर सहित आसपास के रास्तों और मैदानों की साफ-सफाई की और कूड़े-कचरे को इकट्ठा कर अलग-अलग किया और स्वच्छता स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

### मलाणा के लिए डेढ़ क्विंटल भेजा राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मलाणा के लिए राशन सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति जारी शनिवार को भी डेढ क्विंटल राशन मलाणा के लिए भेजा। सीपीएस सुंदर ठाकुर ने निजी तौर पर दो लाख रुपए की धनराशि मदद के रूप में प्रदान की।कुल्लू की मणिकर्ण घाटी का दूरदराज गांवों मलाणा में गत दिनों हुए भारी वर्षा से संपर्क सड़क के क्षतिग्रस्त हो जाने के साथ जहां शेष विश्व से कट गया है। वहीं, पर सुंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन जरूरी राशन तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। शनिवार को भी मजदूरों के माध्यम से मलाणा के लिए डेढ़ क्विंटल राशन भेजा गया तथा आने वाले दिनों में भी यह आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि राशन में आटा, चावल, दालों सहित आवश्यक वस्तुएं भेजी गई हैं। एसडीएम विकास शुक्ला ने जानकारी दी कि सीपीएस ठाकुर ने अपनी व्यक्तिगत निधि से लाख की सहायता राशि स्थानीय प्रशासन को प्रदान की है ताकि राशन की आपूर्ति के लिए आवश्यक ढुलाई मजदूरी पर खर्च की जाएगी। एसडीएम विकास शुक्ला ने मुख्य संसदीय सचिव का इस नेक सहायता के लिए धन्यवाद किया तथा सभी से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था अगर इस नेक कार्य में मदद करना चाहता है तो वह आगे आकर मदद का हाथ बढ़ाएं।

### अनंत बालू नाग के गूर आलम चंद का निधन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** आराध्य देव अनंत बालू नाग देवता के गूर आलम चंद का लंबी बीमारी के बाद शनिवार सुबह निधन हो गया है। परिजनों और गांव वालों ने देव कारकून के नाते इनका अंतिम संस्कार कर दिया है। आलम चंद के निधन से देव समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। वे असाधारण प्रतिभा के धनी थे और देवताओं से संवाद के लिए जाने जाते थे। मंडी और कुल्लू के देवी-देवता कारकुनों ने उनके निधन पर शोक जताकर इसे देव समाज के लिए बड़ी क्षति बताया है। जानकारी के अनुसार 85 साल के आलम चंद कुल्लू के बंजार के खाबल गांव के रहने वाले थे। वह एक तपस्वी की भांति अनंत बालू नाग देवता के प्रमुख गुर थे जिनके नियम बहुत कठोर हैं। देवता के कारदार ख्याली राम शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह आलम चंद जी का निधन हो गया। वह बाल्यकाल से ही देवता के प्रथम सेवक रहे हैं। इधर देवता मार्कंडेय ऋषि के कारदार जीवन शास्त्री, बिठू नारायण के पुजारी ओत राम शर्मा, सर्व देवता कमेटी मंडी के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा आदि ने उनके निधन पर शोक जताया है।



# मनाली के निजी होटल में हुई युवती की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

मनाली में घटित युवती की हत्या के मामले में अब तक 4 युवाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

शनिवार को ढालपुर में स्थित एसपी कार्यालय में एसपी कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मनाली में युवती की हत्या के मामले में अब तक 4 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। 10 अगस्त को मनाली थाने में 21 वर्षीय युवती के गुमशुदा होने की रिपोर्ट लिखवाई गई थी। इसके बाद 12 अगस्त की इस मामले में एफआरआई की गई और जांच शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने शुरुआती जांच में ही दो युवकों को जिनमें निशांत ठाकुर और अर्चित को गिरफ्तार कर लिया था।

उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को 14 मील में स्पेन रिजॉर्ट के समीप ब्यास नदी में उक्त युवती के शव को बरामद किया गया, हालांकि वारदात 9 अगस्त निजी होटल के कमरे नंबर 202 में घटित हुई थी, जो कि होटल के सीसीटीवी फुटेज में पूरा रिकॉर्ड हो गया था।

उन्होंने बताया कि जब इस बारे में जांच और पूछताछ की गई तो पता चला कि इस मामले में 2 अन्य युवक भी संलिप्त हैं। इसमें से एक युवक अर्चित का भाई अनिकेत शर्मा है और दूसरा युवक 19 वर्षीय अजय शर्मा है जो कि होटल ब्लैक मैजिक में सर्विस बॉय के रूप में काम करता था, इन वारदात में दोनों युवकों की भूमिका भी काफी अहम है, क्योंकि इन्होंने पूरे मामले में अन्य दोनों दोषियों की पूरी सहायता की थी।



एसपी कुल्लू मनाली एवं अन्य पुलिस अधिकारी गिरफ्तार किए दोषियों के साथ।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का है पुलिस को इंतजार**

एसपी कुल्लू ने बताया कि इस मामले में करीब तीन अन्य धाराओं को भी जोड़ा गया है जो कि साक्ष्य मिटाने और पूरे मामले को सब कुछ जानते हुए भी छुपाने से संबंधित है। उन्होंने बताया कि अनिकेत शर्मा और अजय शर्मा को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांच अभी भी जारी है और इस मामले में पुलिस पूरी सतर्कता से कार्य कर रही है और अन्य साक्ष्यों को भी जुटाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि अब बस हमें पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है ताकि पता चल सके कि युवती के साथ क्या हुआ और किन कारणों से उनकी हत्या हुई थी। (अनंत ज्ञान)

## टीबी मुक्त हिमाचल और टीबी मुक्त पंचायत अभियान किया जाए तेज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार ने कहा है कि टीबी मुक्त हिमाचल और टीबी मुक्त पंचायत अभियान को तेज किया जाए। पंचायतों में टीबी रोगियों की पहचान और काउंसलिंग की बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को क्षय रोग के लक्षणों, उनकी पहचान और रोग से बचाव की जानकारी मिल सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी शनिवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सभागार में जिला स्तरीय बैठक में भाग ले रहे थे। इस दौरान तीन स्वास्थ्य खंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. पवार ने खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्रों में ऐसे रोगियों की पहचान की जाए, जिन्हें सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना और बलगम में रक्त का आना जैसी समस्याएं हैं। इन रोगियों की पहचान कर उनके बलगम की जांच करवाई जाए। क्षय रोग पॉजिटिव आने पर उनका उपचार शुरू कर दें ताकि वे स्वस्थ हो सकें। इससे टीबी मुक्त हिमाचल और पंचायत का लक्ष्य साकार हो पाएगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश, डॉ. उषा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत, डॉ. सपना, डॉ. नीलम शर्मा आदि उपस्थित रहे

## काथी में शनोई मेले की धूम

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



मनाली विस क्षेत्र के देवता हरी नारायण के प्रांगण में शनोई मेला धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान उझी घाटी के सैकड़ों लोगों ने मेले में पहुंचकर देवता हरी नारायण का आशीर्वाद लिया। मेले का शुभारंभ सुबह देवता हरी नारायण के मंढार से निकलने के उपरांत शुरू हुआ। मेले में देवता हरी नारायण के गुरों ने देव परंपराओं का निर्वहन किया।

देवता हरी नारायण काथी कुकड़ी सहित क्षेत्र के कई गांवों के गुर मेले के दौरान मौजूद रहे है। देवता के मेहा डमचीन गालंग कुकड़ी काथी में अपने स्थान हैं जहां का कार्यभार वहां के गुर संभालते हैं। मनी राम देवता के मुख्य गुर हैं। इनके अलावा धर्म चंद, बालक राम, खेखराम, दुनी गुर, अमर चंद, चांद गुर, सोभे राम, सुआरू राम भी देवता हरी नारायण के गुर हैं। देवता के तीन कारदार हैं जिनमें पूर्ण कारदार, सूरत राम कारदार, शिव राम कारदार शामिल हैं। देवता के कारदार पूर्ण ने बताया कि एक दिवसीय मेला संपन्न होने के बाद शुक्रवार शाम देवता हरी नारायण अपने मंढार में प्रवेश कर गए हैं। देवता हरी नारायण के गुरों की देव कार्यवाही के बाद देवता ने आए मेहमानों व ग्रामीणों संग नृत्य भी किया। नृत्य के दौरान बाजा नवाजों द्वारा बजाई गई देव धुनों से वातावरण देवमय हो गया, जिसकी गूंज पिछलीहार के गांवों में देर शाम तक गूंजती रही। (अनंत ज्ञान)

## बंजार कॉलेज में नई कार्यकारिणी का गठन

**बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के युवा पर्यटन क्लब की बैठक महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में क्लब के संयोजक प्रो. रामानंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में क्लब के शिक्षक सदस्य डॉ. श्रवण कुमार और क्लब के संयोजक प्रो. रामानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामानंद ने क्लब संयोजक द्वारा स्टूडेंट्स को युवा पर्यटन क्लब की स्थापना संबंधी उद्देश्यों, क्लब की संरचना और क्लब के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। डॉ. श्रवण कुमार द्वारा भविष्य में क्लब द्वारा की जाने वाली अपेक्षित गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में सामूहिक रूप से नव कार्यकारिणी में युवा पर्यटन क्लब का अध्यक्ष मिनेश ठाकुर कला स्नातक तृतीय वर्ष, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार कला स्नातक द्वितीय वर्ष, सचिव नरेश ठाकुर विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष को चयनित किया गया। इसके अलावा पांच कार्यकारी सदस्यों का भी चयन किया गया।

## सांख्य एक विशेष ज्ञान प्रदान करने वाला शास्त्र : प्रो. मनदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली तथा श्री व्यास संस्कृत महाविद्यालय रघुनाथपुर कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा में सांख्ययोग दर्शन का वैशिष्ट्य इस विषय पर विशिष्ट व्याख्यानमाला का आयोजन कुल्लू के देवसदन में हुआ।

इस विशिष्ट व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली के सांख्य योग व योग विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. मार्कंडेय नाथ तिवारी ने सांख्य दर्शन में नीहित विशिष्ट ज्ञान के विषय में 25 तत्त्वों का व योग दर्शन में नीहित 26 तत्वों के ऊपर विशिष्ट ज्ञान का व्याख्यान किया। साथ में यह भी बताया कि बंधन और मोक्ष प्रकृति का ही होता है। सांख्य दर्शन में पुरुष को आत्मा माना गया है तथा योग में सर्वश्रेष्ठ व सभी का नियंत्रक ईश्वर को माना गया है। योग में निहित आसनों के विषय में भी व्याख्यान प्रदान किया है और यह कहा कि वर्तमान काल में समाज की उन्नति के लिए सांख्य योग का अध्ययन अत्यावश्यक है। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुल्लू के प्राचार्य प्रो. मनदीप शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यतिथि ने कहा कि सांख्य एक विशेष ज्ञान प्रदान करने बाला शास्त्र है और योग एक विशेष बल प्रदान करने बाला दर्शन शास्त्र है। गुरु की महत्ता के ऊपर भी उन्होंने कहा कि समाज का निर्माता भी गुरु ही होता है। इस विशिष्ट व्याख्यान माला की अध्यक्षता इतिहास संकलन समिति के प्रदेशोपाध्यक्ष दानवेंद्र सिंह ने की।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाषा अधिकारी डॉ. सीता राम ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने भी संस्कृत की विशिष्टता पर बल देते हुए कहा कि समाज के कल्याण के लिए भी संस्कृत का अध्ययन करना आवश्यक है। मंच संचालन महाविद्यालय के संस्थापकाचार्य डॉ. ओम कुमार शर्मा ने किया।



विशिष्ट व्याख्यान माला के दौरान गणमान्य लोग।

# बंजार में विधायक के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे, दिया धरना



बंजार के विधायक के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार में विधायक सुरेंद्र के खिलाफ पहली बार कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां व बंजार कांग्रेस अध्यक्ष तेजा ठाकुर की संयुक्त अध्यक्षता में यहां पर विशाल रैली का आयोजन किया गया और विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। विधायक पर आरोप है कि उन्हें कांग्रेस के विकास कार्य रास नहीं आ रहे है और बंजार में अधिकारियों को धमकाया जा रहा है।

रैली को संबोधित करते हुए राम सिंह मियां ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल के दौरान बंजार में दो भाइयों ने सरकार चलाई। एक विधायक के तौर पर भाषण देता रहा, जबकि दूसरा भाई ठेकेदारी से सरकार को लूटता रहा। उन्होंने कहा कि विधायक ने इसके अलावा पतीदार बाहर के ठेकेदार रखे हैं। विकास कार्यों में अपने टिपर लगाए, जेसीबी और फोटो स्टेट मशीनें तक लगाईं। उन्होंने कहा कि अपने घर तक को विधायक सड़क नहीं बना पाए, जबकि बंजार में सड़कों की हालत खराब रही।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वन महोत्सव मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता विधायकों ने की, लेकिन गांव के लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत नहीं किया, इसलिए विधायक ने अधिकारियों को धमकाना शुरू किया। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने काम करना शुरू किया है, तब से बंजार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेंद्र शौरी सत्ता से बाहर होने की छटपटाहट से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। आए दिन कांग्रेस संगठन से जुड़े संगठन पदाधिकारियों प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत नेताओं के कार्य करने की शैली पर अभद्र टिप्पणी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बंजार के अधिकारियों को इस प्रकार से प्रताड़ित क्या जाता रहा तो इसका खामियाजा बंजार के विकास कार्यों पर पड़ेगा।

## रेहड़ी-फड़ी हटाकर गरीबों की आजीविका पर किया कुठाराघात : शिव कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रेहड़ी-फड़ी एवं फल सब्जी विक्रेता यूनियन संबंधित (सीटू) कुल्लू की बैठक सीटू कार्यालय कुल्लू में हुई, जिसमें अभी तक पिछले एक महीने से शहर से हटाए गए रेहड़ी-फड़ी वालों की समस्याओं पर चर्चा की गई। अभी तक रेहड़ी-फड़ी वालों को उचित स्थान नहीं दिया गया है, जिससे उन्हें दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है और बच्चों की पढ़ाई करवाना भी मुश्किल हो गया है। यूनियन के प्रधान शिव कुमार व सचिव जगदीश ने बताया कि प्रशासन ने स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 का उल्लंघन किया है प्रशासन ने बिना कोई नोटिस दिए और बिना किसी टाउन वैंडिग कमेटी की बैठक में फैसला लिए तुगलकी फरमान जारी करते हुए रेहड़ी-फड़ी धारकों को जबरन हटाया गया। गरीब लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर व धक्के देकर गलत तरीके से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 के प्रावधानों के अनुसार रेहड़ी-फड़ी धारकों को अपने-अपने स्थानों पर काम करने के लिए जगह मुहैया करवाए, ताकि वे अपनी आजीविका चला सकें। एक्ट के अनुसार जब तक अन्य जगह का प्रावधान नहीं हो जाता किसी भी रेहड़ी-फड़ी धारक को नहीं हटाया जा सकता। प्रशासन द्वारा एक्ट का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है और गरीब लोगों की आजीविका पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के प्रावधानों के अनुसार उन्हीं स्थानों पर लगाने के अधिकार की रक्षा की जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर प्रशासन द्वारा राखी के त्योहार तक उन्हें जगह का प्रावधान नहीं किया गया तो 21 अगस्त को शहर में यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## अवैध कटान का मामला उजागर होने के बाद वन विभाग में हड़कंप

**अनंत ज्ञान, बंजार**



आवंटित सूखे पेड़ों के बजाय हरे पेड़ों के अवैध कटान का मामला बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा उजागर किए जाने के बाद से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। विभाग द्वारा आनन फानन में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कर दी है। अवैध कटान स्थल पर आकलन के लिए वन विभाग की टीमें भेजी गई हैं।

वहीं शौरी शनिवार प्रात: स्वयं ग्राम पंचायत सराज के डिमरचाहड़ी स्थित लकड़ी के डिपो स्थल पर पहुंचे। विधायक ने वीडियोग्राफी कर उजागर किया है कि डिपो में दस हजार से अधिक स्लीपर पड़े हैं, जिनमें 80 प्रतिशत से अधिक हरे पेड़ों के हैं। सड़क तक इतनी मात्रा में हरे स्लीपरों का पहुंचना बताता है कि शुराग-शिल्ह वन में किस कदर वन माफिया ने अवैध कटान किया है। सुदूर वन से लेकर सड़क तक ऐसे हरे स्लीपरों का पहुंचना वन विभाग, वन कॉर्पोरेशन व ठेकेदार की मिलीभगत का स्पष्ट प्रमाण है।

विधायक शौरी ने मौका से वीडियो जारी कर कहा कि सुदूर स्थित वन में इससे भी अधिक हरे पेड़ों के कटान के साक्ष्य पड़े हैं। पर्यावरण व लोकहित के इस बेहद गंभीर मामले पर सरकार को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने विभाग व सरकार द्वारा उचित कार्रवाई न करने की सूरत में एनजीटी जाने की बात भी दोहराई है।




**आयोजन** — विधायक अनुराधा राणा ने किया मेले का शुभारंभ, हिंसा गांव से शुरू हुई शोभायात्रा मंदिर परिसर में हुई संपन्न

# लाहौल घाटी के त्रिलोकीनाथ में राज्यस्तरीय पोरी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, उदयपुर**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर मंडल के तहत स्थित त्रिलोकीनाथ धाम में राज्य स्तरीय पोरी मेले का शोभायात्रा के साथ आगाज हुआ। इस मौके विधायक अनुराधा राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने हिंसा गांव से शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी के अलावा त्रिलोकीनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम उदयपुर केशव राम सहित अन्य गणमान्य लोग इस अवसर पर विशेष रूप में मौजूद रहे। शोभायात्रा हिंसा गांव से चलकर त्रिलोकीनाथ धाम में मेला ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान स्थानीय महिला मंडल तथा विभिन्न सांस्कृतिक दलों के अलावा धार्मिक वाद्य यंत्रों के साथ मधुर धुनों सहित शोभायात्रा भगवान त्रिलोकीनाथ का गुणगान किया। प्रथम सांस्कृतिक संध्या का आगाज विधायक अनुराधा राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया और जिला वासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की भी कामना की। उधर, एसडीएम उदयपुर एवं पोरी मेले के अध्यक्ष केशव राम ने विधायक अनुराधा राणा का स्वागत किया और मेले के आयोजन संबंधी तमाम जानकारी से अवगत करवाया।

मेले के दौरान स्थानीय धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना का भी निर्वहन किया गया। मेले में सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ प्रदेश के प्रमुख कलाकारों ने सांस्कृत संध्याओं में रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांधा। सनद रहे कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश के पूर्व-उत्तर दिशा में जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर चंद्रभागा नदी के बाएं तट पर ऊंची पहाड़ी पर स्थित भगवान त्रिलोकीनाथ जी का लगभग दसवीं शताब्दी में निर्मित पुरातन मंदिर स्थित है। इस मंदिर में जो मूर्ति स्थापित है, जिसकी चार भुजाएं हैं व मूर्ति के सिर पर एक मूर्ति विद्यमान है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हें अनाज गुरु माना जाता है। त्रिलोकीनाथ जी को सर्व धर्म के लोग बड़ी श्रद्धा के अनुसार पूजते हैं और लोगों की गहरी आस्था है। इस मंदिर में बाहरी क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु नतमस्तक होते हैं। खासकर लाहौल में हिंदू व बौद्ध दोनों धर्मों के लोग पूजते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर को चार धामों में से एक धाम भी माना जाता है।





पोरी मेले के शुभारंभ पर स्थानीय ठाकुर त्रिलोकीनाथ जी के घोड़े को सप्तधारा की ओर ले जाते हुए तथा (दाएं) विधायक अनुराधा राणा को स्मृति चिन्ह देते हुए कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम केशव राम।

**स्थानीय ठाकुर त्रिलोकीनाथ जी के घोड़े को ले जाते हैं सप्तधारा के शुरुआती बिंदु पर**

**यह** एक वार्षिक आयोजन है और त्रिलोकीनाथ मंदिर और गांव में एक बड़ा राज्य स्तरीय मेला आयोजित होता है। स्थानीय ठाकुर त्रिलोकीनाथ जी के घोड़े को सप्तधारा के शुरुआती बिंदु पर ले जाते हैं और ऐसा माना जाता है कि वे त्रिलोकनाथ जी को इस घोड़े पर वापस मंदिर में लाते हैं। भक्त सप्तधारा में पवित्र स्नान करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गार्डर बिछाने के चलते हिमाचल में दो ट्रेनें रद्द



**ऊना।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पंजाब में आनंदपुर के पास रेल लाइन पर गार्डर बिछाने का काम किए जाने को लेकर ऊना से हरिद्वार और अंब-अंदौरा से अंबाला तक जाने वाली रेलगाड़ियां रविवार तक रद्द कर दी गई हैं। रेलवे अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दौलतपुर चौक से अंब-अंदौरा एवं ऊना होते हुए साबरमती तक चलने वाली ट्रेन शुक्रवार को निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से रवाना हुई। साबरमती एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में यात्री ऊना स्टेशन पर तीन घंटे तक इंतजार करते देखे गए।

### आंगनबाड़ी कर्मियों के 3,000 और पद सृजित करेंगे : मान

**बरनाला।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में आंगनबाड़ी कर्मियों के 3,000 नए पद सृजित करेगी। मान ने रक्षा बंधन के अवसर पर यहां आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा जल्द ही इन पदों के लिए भर्ती शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पेश करके उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है।

### बांग्लादेश हिंसा में लगभग 650 लोगों की मौत



**ढाका/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में अशांति के दौरान हिंसक घटनाओं में लगभग 650 लोग मारे गए। इस रिपोर्ट में न्यायेतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों और लोगों को हिरासत में लिये जाने की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है। ''बांग्लादेश में हालिया विरोध प्रदर्शन और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण'' शीर्षक वाली 10-पृष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई से चार अगस्त के बीच करीब 400 मौतें हुईं, वहीं पांच और छह अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनों के सत्ता विरोधी आंदोलन का रूप लेने के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस महीने अशांति के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के कई मंदिरों, मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया गया।

### पोलैंड को अंजीर के रस की पहली खेप निर्यात

**नई दिल्ली ।** भारत ने पोलैंड से अनूठे कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की अपनी पहल के तहत अंजीर के रस की पहली खेप पोलैंड को निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जीआई-टैग वाले पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले पीने के लिए तैयार अंजीर के रस के पोलैंड को निर्यात की सुविधा प्रदान की। जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग उस वस्तु को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, दूसरों द्वारा अनधिकृत उपयोग को रोकता है और उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात वैश्विक बाजारों में भारतीय कृषि उत्पादों की क्षमता को दर्शाता है।

### राउज कोर्ट से लालू और तेजस्वी को झटका





**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मनी लांड्रिंग जुड़े मामले में शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में ईडी की ओर से सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने और पूर्व रेल मंत्री लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य 11 आरोपियों को समन किया जाए या नहीं इस पर फिलहाल कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है।

### मध्य प्रदेश में चांदीपुरा वायरस के मरीज की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के निजी अस्पताल में चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध मरीज की शनिवार को मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जांच रिपोर्ट में मरीज में इस विषाणु के संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने बताया कि शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती 21 वर्षीय युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक में चांदीपुरा वायरस के संक्रमण सरीखे लक्षण पाए गए थे, जिसके बाद उसके नमूने को जांच के लिए 10 अगस्त को पुणे के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान को भेजा गया था।

### नाइजीरिया में 20 छात्रों का अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य क्षेत्र में बंदूकधारियों ने एक विश्वविद्यालय के छात्रों के वाहनों पर घात लगाकर हमला कर 20 छात्रों का अपहरण कर लिया। बेन्यू राज्य पुलिस प्रवक्ता कैथरीन एनेन ने बताया कि छात्र जब मेडिकल छात्रों के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए दक्षिण की ओर जा रहे थे, तभी घात लगाकर हमला किया गया। यह हमला बेनुए ओटुकपो मार्ग पर हुआ, जहां अपहरण की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। बेन्यू में जिन छात्रों का अपहरण किया गया, वे उत्तरी नाइजीरिया के मैदुगुरी विश्वविद्यालय और जोस विश्वविद्यालय के थे। इन विश्वविद्यालयों के छात्र समूहों ने हमलों की निंदा की और अधिकारियों से अपहृत यात्रियों की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### एक बार इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय ने एक बार इस्तेमाल होने योग्य प्लास्टिक के राज्य भर के मंदिरों और दुकानों में इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य न्यायाधीश एस वैद्यनाथन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'टेट्रा पैक' वाले कार्टन इस्तेमाल किए जाने वकालत की, जो मुख्य रूप से कागज से बने होते हैं और प्लास्टिक का एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। उसने कहा कि प्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई सिर्फ पर्यावरण के लिए धर्मयुद्ध नहीं है, बल्कि हमारे ग्रह के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए एक लड़ाई है।

# कोलकाता गैंगरेप : फोर्टिस मोहाली के डॉक्टर विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल



फोर्टिस अस्पताल मोहाली में विरोध प्रदर्शन करते डॉक्टर।

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हाल ही में कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज के परिसर में एक डॉक्टर के साथ हुए क्रूर और कथित गैंगरेप के विरोध में फोर्टिस अस्पताल मोहाली के कई डॉक्टरों ने एकजुटता व्यक्त करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया।

यह विरोध प्रदर्शन 17 अगस्त सुबह 6 से 18 अगस्त सुबह 6 बजे तक देशव्यापी हड़ताल के बारे में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दिए गए आह्वान का समर्थन करने के लिए आयोजित किया गया था। शनिवार को फोर्टिस मोहाली में सभी ओपीडी बंद रही।

फोर्टिस मोहाली की प्रसूति एवं स्त्री रोग निदेशक डॉ. स्वप्ना मिश्रा ने कहा कि इस घटना ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह एक आंख खोलने वाली घटना है। महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करना चाहिए। अपराध करने वालों को सजा मिलनी चाहिए। फैस्लिटी मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मजीत धालीवाल ने कहा कि चिकित्सा बिरादरी इस घटना की निंदा करती है। हम अपना समर्थन देने के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। इस दौरान, वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर भी इस अवसर पर मौजूद थे।

लैब मेडिसिन की प्रमुख अनीता शर्मा ने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, क्योंकि महिलाएं ही मुख्य कार्यबल हैं। फोर्टिस में हम इस तथ्य के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

पंजाब, हरियाणा में चिकित्सकों ने कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या किए जाने की घटना के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया जिसके कारण इन राज्यों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।

चंडीगढ़ में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान में रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। पीजीआईएमईआर के संकाय सदस्य का संघ भी आईएमए के आह्वान का समर्थन कर रहा है।

# सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा सम्मानित



सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा को शहर के दो अलग-अलग कार्यक्रमों में निवेशकों की जागरूकता और सेबी (एसईबीआई) की भूमिका तथा संपत्ति सृजन के लिए वित्तीय योजना विषयों पर व्याख्यान देने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें चंडीगढ़ के एक निजी होटल में प्रदान किया गया।

सुरिंदर वर्मा, को यह सम्मान इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के चंडीगढ, पंचकूला, और मोहाली चैप्टर के चेयरमेन संजय सिंह तथा नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में स्कूल ऑफ कॉमर्स के सहायक प्रोफेसर कुणाल पसारी ने सेमिनार के दौरान प्रदान किया।

सुरिंदर वर्मा ने कहा कि सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप का काम लोगों में निवेश के प्रति जागरूकता को फैलाना है। यह सम्मान पाकर वह गौरवांन्वित हुए हैं, और भविष्य में भी यह ग्रुप निवेशक का सही मार्गदर्शन करता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## दो नशा तस्कर हिरासत में लेने के बाद असम की जेल भेजे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ के अवैध व्यापार की रोकथाम (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एनसीबी के अधिकारी ने बताया कि आरोपी तस्कर अक्षय छाबड़ा और जसपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद किया गया है।

यह घटना एनसीबी द्वारा कुख्यात तस्कर बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला हवेलियां को इस कड़े कानून के तहत हिरासत में लिए जाने के चार दिन बाद सामने आया है।

बिल्ली की गिरफ्तारी पंजाब ब्यूरो द्वारा की गई पहली ऐसी कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में जेल से संचालित होने वाले मादक पदार्थ माफिया नेटवर्क को तोड़ना था। कठोर स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार रोकथाम अधिनियम (पीआईटीएनडीपीएस) के तहत, किसी आदतन अपराधी को बिना जमानत के एक वर्ष की अवधि के लिए निवारक हिरासत में रखा जा सकता है।

अक्षय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सरगना था और उसे नवंबर 2022 में जयपुर हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था।

## श्री सुखमनी कॉलेज डेराबस्सी में एडमिशन शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



श्री सुखमनी कालेज डेराबस्सी में बीड़ीएस, नर्सिंग, लॉ और इंजीनियरिंग के लिए एडमिशन जोरो से चल रही है। वर्ष 1972 से लेकर अब तक श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट एक सर्वोत्तम एजुकेशनल ग्रुप के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें डेंटल साइंस (बीडीएस, नर्सिंग, एमएससी, बीएससी, पोस्ट बेसिक, जीएनएम, लॉ, इंजीनियरिंग, वोकेशनल, मैनेजमैंट, हॉस्पिटैलिटी, बीटैक, कम्पयूटर साइस, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक व कम्युनिकेशन, इंफॉरमेशन टैक्नोलोजी और मकैनिकल इंजीनियरिंग, बीएससी एमएलटी, एमएससी, एमएलटी, बीएससी, रेडियोलॉजी इमेजिंग एवं टेक्नोलॉजी, बीएससी, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन टेक्नोलॉजी, बीफार्मेसी, डी फार्मेसी के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के लिए दाखिले शुरू हो चुके हैं। दाखिला फार्म कालेज के कैम्पस से प्राप्त किया जा सकता है।

श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को घर जैसा वातावरण उपलब्ध करवाते हैं, जहां पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियां जैसे इमैजीनेटिव स्टॅडी, क्रिएटिव रिसर्च, गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्रट और स्पोर्टस आदि की भी सुविधा है।

चंडीगढ़-अंबाला हाइवे पर डेराबस्सी में 100 एकड़ में बने विशाल हरे-भरे कैंपस में लड़के लड़कियों के लिए अलग-अलग होस्टल, मार्डन सुविधओं से लैस क्लासरूम, मार्डन टीचिंग एडज और बेहतरीन फैक्लटी के साथ-साथ बैंक, हास्पिटल जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों के लिए चंडीगढ, पंचकूला, मोहाली, पटियाला और अंबाला से ट्रांस्पोर्ट की सुविधा भी है।

## देश-विदेश

### 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# आतंकवाद और अलगाववाद गंभीर खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विकासशील देशों में, विशेषकर खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

मोदी ने तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में अपने शुरुआती भाषण में इसमें भाग ले रहे देशों को डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा क्षेत्र समेत विभिन्न अहम क्षेत्रों में पूर्ण समर्थन देने की भारत की अटूट प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। भारत ने डिजिटल रूप से इस सम्मेलन की मेजबानी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम ऐसे वक्त में बैठक कर रहे हैं, जब चारों ओर अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अब भी पूरी तरह से कोविड-19 के प्रभाव से बाहर नहीं आई है। दूसरी ओर, युद्ध की स्थिति ने हमारी विकास यात्रा के लिए चुनौतियां पैदा कर दी है।

उन्होंने कहा कि हम न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, बल्कि अब स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विभाजन और प्रौद्योगिकी से जुड़ी नयी आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। पिछली शताब्दी में स्थापित वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थान वर्तमान शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हैं। 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि जी-20 के भारत के नेतृत्व में हमने 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं व प्राथमिकताओं के आधार पर एजेंडा बनाया। भारत ने विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से जी-20 को आगे बढ़ाया है।

## लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो में फ्लोरीन गैस लीक, 2 कर्मी बेहोश

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो में फ्लोरीन गैस लीक होने की घटना से हड़कंप मच गया। इस घटना के कारण दो एयरपोर्ट कर्मी बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरक्षा के मद्देनजर एयरपोर्ट के आसपास के 1.5 किलोमीटर के इलाके को तत्काल खाली कराया गया।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह के समय घटी, जब एयरपोर्ट के एक कार्गो क्षेत्र में फ्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। गैस के संपर्क में आने से वहां काम कर रहे दो कर्मचारी बेहोश हो गए। घटना के

**1.5 किलोमीटर तक इलाका खाली कराया**

तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने इलाके को खाली करवाया और बचाव दल ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तेजी से कार्रवाई की। फ्लोरीन गैस अत्यंत विषाक्त होती है और इसके संपर्क में आने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इस कारण प्रशासन ने कोई भी जोखिम न लेते हुए पूरे 1.5 किलोमीटर के दायरे को खाली करवाया है। दमकल और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंच गईं और रिसाव को रोकने के प्रयास किए गए।

## बिहार में एक और पुल का स्ट्रक्चर ध्वस्त, बचा हिस्सा गंगा में समाया

**एजेंसी, भागलपुर**



**1710** करोड़ की लागत से बन रहे अगुवानी सुल्तानगंज फोरलेन पुल की पिलर संख्या 9 का सुपर स्ट्रक्चर एक बार फिर ध्वस्त हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो यह हादसा शनिवार सुबह हुआ। दरअसल, गंगा में आए बाढ़ और तेज बहाव के कारण पिलर संख्या 9 के ऊपर सुपर स्ट्रक्चर का कुछ हिस्सा शेष बच गया था जो अचानक ढह कर पानी में समा गया। यह तीसरी बार है जब अगवानी सुल्तानगंज फोरलेन पुल गिरा है। 4 मई 2023 को पिलर संख्या 9,10, 11, 12 का सुपर स्ट्रक्चर गिर कर गंगा में समा गया था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव पर टिकी देश-दुनिया की नजरें

**अशोक ठाकुर,जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में दस साल के अंतराल में विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बज चुकी है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद बदले माहौल के बीच नए जम्मू-कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। यह चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण होगा। इस चुनाव पर देश-दुनिया की निगाहें टिकीं हुई हैं।

इस चुनाव के लिए लोकसभा चुनाव की तरह किसी भी दल के बीच गठबंधन सामने नहीं दिख रहा है। कभी लोकतंत्र व संविधान में आस्था न जताने वाले अलगाववादी चेहरों के भी मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। परिस्थितियां बदल गई हैं तो भाजपा के साथ सुर मिलाने वाली अपनी पार्टी तथा पीपुल्स कांफ्रेंस के भी सुर बदले हुए हैं।

पीडीपी और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी भी विधानसभा में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए कसरत करती दिख रही है।

नवंबर-दिसंबर 2014 में आखिरी विधानसभा चुनाव हुए थे, तब जम्मू-कश्मीर राज्य था। उस समय विधानसभा की 87 सीटें थीं, जिसमें चार लद्दाख की थीं। चुनाव के बाद पीडीपी-भाजपा की सरकार बनीं, लेकिन 2018 में भाजपा के समर्थन वापस ले लेने से सरकार गिर गई। (अनंत ज्ञान)

## रक्षाबंधन पर बहनों को योगी सरकार का तोहफा, 24 घंटे फ्री बस सेवा

**एजेंसी, उत्तर प्रदेश**



**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। इस बार भी सरकार बहनों को फ्री बस की सुविधा देगी।

बसों के अलावा उत्तर प्रदेश से दिल्ली तक विशेष ट्रेनों की सुविधा भी मिलेगी। रक्षाबंधन पर महिलाओं को रोडवेज बस और सिटी बस में सफर करने पर किराया नहीं देना होगा।

यह बस 18 अगस्त रात 12 बजे से चलेगी और 19 अगस्त रात 12 बजे तक फ्री सेवा देगी। महिलाओं को इस दौरान बस में बिना किराये का सफर कर सकती हैं। रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा देने के साथ ही परिवहन विभाग अब पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती के अभ्यर्थियों को भी फ्री बस की सुविधा देने जा रही है। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड दिखाकर फ्री बस यात्रा कर सकेंगे।

### दक्षिणी लेबनान में इसराइली हमला 10 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में शनिवार तड़के इसराइल की ओर से किए गए हमले में कम से कम 10 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गयी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हिजबुल्ला का कहना है कि जब तक गाजा पट्टी में युद्ध विराम नहीं हो जाता तब तक वह अपने हमले बंद नहीं करेगा। मंत्रालय के मुताबिक, मृतकों में एक महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। वादी अल-कफूर में बूचड़खाना चलाने वाले मोहम्मद शोएब ने बताया कि हमला औद्योगिक और नागरिक क्षेत्र में किया गया।

# कांगो में हमला: 16 ग्रामीणों की मौत, 20 का अपहरण

**एजेंसी, किन्शासा**



**उत्तर**-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों के हमलों में 16 ग्रामीणों की मौत हो गई और 20 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

न्यू सिविल सोसायटी ऑफ कांगो के समन्वयक जॉन वुल्वेरियो ने बताया कि 'एलीड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में उस समय हमले किए, जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया, कि मृतकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि जो 20 अन्य लोग अपहृत किए गए हैं, उनकी कोई जानकारी नहीं है। कांगो के कई गांवों को सत्ता और मूल्यवान खनिज संसाधनों के लिए लड़ने वाले स्थानीय विद्रोहियों या चरमपंथी विचारधारा वाले आतंकवादी समूहों ने घेर लिया है।

## ब्रिटिश उच्चायोग और इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री आवास में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ब्रिटिश उच्चायोग एवं इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किए गए।

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सचिव शैलेश बगोली ने ब्रिटिश उच्चायोग से डिप्टी हाई कमिश्नर सुश्री कैरोलीन रौवेट के साथ चिवनिंग स्कॉलरशिप एवं इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के गवर्नमेंट पार्टनरशिप हेड संतोष अनंथपुरा के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के साथ ब्रिटिश उच्चायोग एवं इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के एमओयू होने से राज्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित होगा। इससे राज्य के उच्च शिक्षा से विद्यार्थियों को नया अनुभव मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# पेरिस से लौटने पर विनेश फोगाट का भव्य स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया। विनेश ने हाथ जोड़कर कहा,''मैं पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं।'' यह विशाल काफिला विनेश के साथ हरियाणा के बलाली गांव तक जाएगा। विनेश के आगमन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।




पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश ने संयुक्त रूप से रजत पदक दिलाने के लिए खेल पंचाट में अपील की थी जिसके कारण वह पेरिस में रुकी रही। खेल पंचाट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया था।

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग ने विनेश को चैंपियन करार दिया। यह दोनों एक ही उड़ान से दिल्ली पहुंचे थे। नारंग ने पेरिस हवाई अड्डे पर विनेश के साथ खींची गई तस्वीर को एक्स पर पोस्ट किया।

नारंग ने लिखा,''वह खेल गांव में पहले दिन चैंपियन के रूप में पहुंची थी और वह हमेशा हमारी चैंपियन रहेगी। कुछ अवसरों पर करोड़ों लोगों को प्रेरित करने के लिए ओलंपिक पदक की जरूरत नहीं पड़ती। विनेश फोगाट आपने लोगों को प्रेरित किया है। आपके जज्बे को सलाम।''

## विनेश फोगाट ने कहा–अभी काफी कुश्ती बची, लेकिन भविष्य के बारे में पता नहीं

**अनुभवी** पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि 'विभिन्न परिस्थितियो' में वह 2032 तक प्रतिस्पर्धा कर सकती है क्योंकि उनके अंदर अभी काफी कुश्ती बची है, लेकिन उन्हें भविष्य के बारे में नहीं पता है। विनेश ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट में अपने बचपन के सपने, अपने पिता को खोने के बाद झेली कठिनाइयों को साझा किया। उन्होंने अपनी असाधारण यात्रा में लोगों द्वारा किए गए योगदान को भी याद किया। विनेश ने 'एक्स' पर साझा पोस्ट में फाइनल के दिन अपने वजन करवाने की घटना का जिक्र करते हुए लिखा, ''मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हमने हार नहीं मानी, हमारे प्रयास नहीं रुके, लेकिन घड़ी रुक गई और समय ठीक नहीं था। मेरी किस्मत में शायद यही था।''

# न्यूज ब्रीफ

## अमेरिकी ओपन से हटीं मार्केटा वोंद्रोसोवा



**न्यूयॉर्क ।** विंबलडन 2023 की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और कैम नॉरी चोटिल होने के कारण 26 अगस्त से शुरू होने वाली अमेरिकी ओपन टेनिस प्रतियोगिता से हट गए हैं। विश्व रैंकिंग में 18वें नंबर की खिलाड़ी वोंद्रोसोवा के हाथ में चोट लगी है जबकि नॉरी को बांह में समस्या है। चेक गणराज्य की 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा ने पिछले साल विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। उन्होंने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक भी जीता था। अमेरिकी ओपन में महिलाओं के ड्रॉ में वोंद्रोसोवा की जगह पेट्रा मार्टिच को जबकि पुरुषों के वर्ग में नॉरी की जगह फ्रांसिस्को कोमेसाना को शामिल किया गया है।

## अल्कराज ने हार के बाद रैकेट पर निकाला गुस्सा



**सिनसिनाटी ।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गेल मोनफिल्स से हारने के बाद अपना गुस्सा रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटककर तोड़ डाला। मोनफिल्स ने तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6 (7-5), 6-4 से जीत दर्ज की। बारिश के कारण यह मैच गुरुवार को पूरा नहीं हो पाया था। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज ने मैच के बाद कहा, ''मुझे ऐसा लगा जैसे यह मेरे करियर का अब तक का सबसे खराब मैच था। मैंने वास्तव में बहुत अच्छी तैयारी की थी और मैं अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन मैं उस तरह का खेल नहीं दिखा पाया। मैं इस मैच को भूल जाना चाहता हूं और अमेरिकी ओपन में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं।'' यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

## डिकवेला डोपिंग उल्लघंन के कारण निलंबित

**कोलंबो ।** श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान डोपिंग रोधी उल्लघंन के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से इस फैसले की घोषणा की। यह कथित घटना हाल में खत्म हुई एलपीएल के दौरान हुई थी जहां उन्होंने गॉल मार्वल्स की कप्तानी की थी। श्रीलंका क्रिकेट के बयान में कहा गया, ''निलंबन तुरंत प्रभावी है और अगली सूचना तक लागू रहेगा। यह जांच श्रीलंका डोपिंग रोधी एजेंसी (एसएलएडीए) द्वारा लंका प्रीमियर लीग 2024 के दौरान की गई थी जो खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए श्रीलंका क्रिकेट की चल रही प्रतिबद्धता का हिस्सा है।''

## इगा सिनसिनाटी के क्वॉटर फाइनल में



**सिनसिनाटी ।** सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला वर्ग में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्त्युक पर 6-2, 6-2 की शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्यना सबालेंका भी एलिना स्वितोलिना पर 7-5, 6-2 से जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रही, लेकिन फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रही जैस्मीन पाओलिनी को मीरा एंड्रीवा से 3-6, 6-3, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन को 7-5, 6-1 से हराया।

## कोलकाता कांड : डूरंड कप का मैच रद्द

**कोलकाता।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाला डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया। एक अधिकारी ने बताया, ''दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा।'' यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के सभी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं। इस मामले में हालांकि आधिकारिक बयान का इंतजार है। आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को मिला था, जिसके बाद से व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## विल्सन ने निशानेबाजी कोच पद के लिए आवेदन किया



**नई दिल्ली ।** ग्रेट ब्रिटेन के महान डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र के डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने विल्सन की देख-रेख में हाल ही में पेरिस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने शीर्ष स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में अपने देश के 12 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। इस 37 वर्षीय निशानेबाज के नाम डबल ट्रैप में विश्व रिकॉर्ड है। वह क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन स्नो-बोर्डिंग दुर्घटना के बाद उन्होंने निशानेबाजी शुरू कर दी।

# प्रमोद का बाहर होना निराशाजनक, लेकिन पैरालंपिक के सभी खिलाड़ी पदक के दावेदार : झझड़िया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत का भारतीय दल से बाहर होना निराशाजनक है, लेकिन इससे 28 अगस्त से शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए उनके 25 पदकों के लक्ष्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पेरिस पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होगा। इसमें भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में पदक के लिए जोर लगाएंगे।

टोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता (पुरुष एकल एलएल तीन वर्ग) पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबारट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

## पेरिस पैरालंपिक में भारत के 84 खिलाड़ी12 खेलों में पदक के लिए जोर लगाएंगे


देवेंद्र झाझड़िया की फाइल फोटो।

पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के विदाई समारोह के इतर झाझड़िया ने प्रमोद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इस तरह के मामले से निपटने की पूरी जिम्मेदारी खुद खिलाड़ी की होती है। छत्तीस वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस (खेल पंचाट) के अपील विभाग में इस फैसले को चुनौती दी थी जो पिछले महीने खारिज हो गई।


## सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव होंगे ध्वजवाहक

भारतीय पैराएथलीट सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव को पेरिस 2024 पैरालंपिक उद्घाटन समारोह में संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है, जो 28 अगस्त को आयोजित होना निर्धारित है। सुमित अंतिल टोक्यो 2020 पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद पुरुषों की एफ 64 श्रेणी में मौजूदा भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन हैं। वह दो बार के विश्व चैंपियन भी हैं और 25 वर्षीय एथलीट इस श्रेणी में विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं।

भाग्यश्री जाधव ने एशियन पैरा गेम्स में एफ34 श्रेणी में महिलाओं की शॉट पुट में रजत पदक जीता। उन्होंने टोक्यो 2020 में भी प्रतिस्पर्धा की थी, जहां उन्होंने सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने मई में पैरा-एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ34 शॉट पुट में भी रजत पदक जीता था।

# 90 मीटर की दूरी हासिल करना भगवान भरोसे : नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पेरिस खेलों में 90 मीटर के अपने लक्ष्य से मामूली अंतर से चूकने के बाद, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने इस लक्ष्य को अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया है।

नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में उनके छह प्रयास में से यह इकलौता वैध प्रयास था।

लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतना किसी भारतीय एथलीट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन नीरज लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। उनका प्रयास पाकिस्तान के अरशद नदीम के ओलंपिक रिकॉर्ड प्रयास से 92.97 मीटर से काफी कम था। नदीम इस दौरान व्यक्तिगत खेलों में पाकिस्तान के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।

नीरज ने निकट भविष्य में अपने 90 मीटर के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को 'ऊपरवाले' पर छोड़ना होगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि भाला कहां जाता है। 90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। पेरिस में मुझे लगा था कि यह होगा और यह हो सकता था।''

उन्होंने कहा, ''अब मैं अगले दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना 100 प्रतिशत दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। '' नीरज लंबे समय से कमर की चोट से परेशान हैं लेकिन वह अपने खेल को जारी रखते हुए 22 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग मीट में भाग लेंगे।

# स्वीडन के खिलाफ नागल की डेविस कप टीम में वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की शुक्रवार को स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप–1 मुकाबले के लिए डेविस कप टीम में वापसी हुई, लेकिन युकी भांबरी ने 14–15 सितंबर के मुकाबले से बाहर रहने का विकल्प चुना है, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह राष्ट्रीय टीम के नए कोच होंगे।

नागल इस्लामाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर हुए ऐतिहासिक मुकाबले में नहीं खेल पाए थे, लेकिन फॉर्म में चल रहे इस खिलाड़ी ने स्टॉकहोम में होने वाले इनडोर हार्ड कोर्ट मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे

शशिकुमार मुकुंद 476वें नंबर पर तीसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं इसलिए उन्हें नहीं चुना गया है क्योंकि वह इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में खेलने से इनकार करने के कारण दो मुकाबले का निलंबन झेल रहे हैं।

नागल के अलावा रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण करने वाले निकी पूनाचा और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा टीम का हिस्सा हैं। आर्यन शाह को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है।

# अदिति अशोक स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं

**एजेंसी, इर्विन ( स्कॉटलैंड )**



भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं।

लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं।

ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेंग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

## लाहिड़ी लिव गोल्फ ग्रीनबियर में संयुक्त 38वें स्थान पर



**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी लिव गोल्फ ग्रीनबियर के शुरुआती दौर में पार 70 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। लाहिड़ी ने इस 54 होल की स्पर्धा के पहले दिन एक बोगी और एक बर्डी लगाई। पिछले साल के व्यक्तिगत चैंपियन टेलोर गूच 54 खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में बोगी रहित सात अंडर 63 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## जीव जांबिया गोल्फ लीजेंड्स में संयुक्त 19वें स्थान पर



**लुसाका (जांबिया)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर हैं। भारत में अगले हफ्ते लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाले जीव ने एक बर्डी और एक बोगी की। साइमन खान ने छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है और वह लीजेंड्स टूर पर पहली जीत दर्ज करने की ओर बढ़ रहे हैं।

**दूसरा टेस्ट** वेस्टइंडीज की पहली पारी 144 रनों पर सिमटी, एडेन मारक्रम और काइल वेरेन के अर्धशतक

# दक्षिण अफ्रीका को 239 रनों की बढ़त

**एजेंसी, प्रोविडेंस**

एडेन मारक्रम और काइल वेरेन के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 239 रन की बढ़त हासिल कर ली। अपनी पहली पारी में 160 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 223 रन बनाए हैं।

वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 144 रन पर आउट हो गई थी। मारक्रम ने 50 रन बनाए जबकि वेरेन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर वियान मुल्डर 34 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली।

उन्होंने शमर जोसेफ (25) के साथ 10वें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के करीब पहुंचाया।इन दोनों टीम के बीच त्रिनिदाद में खेला गया पहला मैच बारिश से प्रभावित रहा था तथा ड्रॉ समाप्त हुआ था। दो टेस्ट मैच की सीरीज के बाद इन दोनों टीमों के बीच तीन टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी।




## पहले दिन गेंदबाजों ने लिए थे 17 विकेट

**प्रोविडेंस** स्टेडियम में शुरुआती दिन 17 गिरे। पहले दिन दोनों टीमों के गेंदबाजों ने 17 विकेट लिए। इनमें से 15 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। पहले दिन खेले गए 82.2 ओवर में से 68 ओवर तेज गेंदबाजों ने किए। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने 5 और जेडन सील्स ने 3 विकेट लिए। इसके अलावा गुडाकेश मोटी और जेसन होल्डर ने 1–1 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर ने 6 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए। इनके अलावा नांद्रे बर्गर ने 2 और केशव महाराज ने 1 विकेट लिया।

